
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्ष: 4 अंक: 280 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 19 जुलाई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## विक्रम-1 ने रचा इतिहास, पीएम मोदी बोले- भारत की अंतरिक्ष यात्रा का निर्णायक क्षण

**समाज जागरण**

भारत के पहले निजी तौर पर विकसित ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 ने शनिवार को सफलतापूर्वक पृथ्वी की कक्षा में पहुंचकर इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्काईरूट एयरोस्पेस की टीम को बधाई देते हुए इसे भारत की अंतरिक्ष यात्रा का एक निर्णायक क्षण बताया।






### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उन्होंने स्काईरूट एयरोस्पेस की टीम से बात कर विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह भारत की अंतरिक्ष यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी नए अवसरों के द्वार खोल रही है, नवाचार को गति दे रही है और यह उपलब्धि देश के अनगिनत युवाओं को बड़े सपने देखने तथा निर्भीक होकर नवाचार करने के लिए प्रेरित करेगी।

### भारत दुनिया का तीसरा देश बना

हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेस का विक्रम-1 रॉकेट 'मिशन आगमन' के तहत सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचा। इसके साथ ही भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा देश बन गया, जहां किसी निजी कंपनी ने ऑर्बिटल लॉन्च क्षमता का सफल प्रदर्शन किया है।

### श्रीहरिकोटा से हुआ सफल प्रक्षेपण

आंध्र प्रदेश के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित 24 मीटर लंबे कार्बन-कॉम्पोजिट रॉकेट ने उड़ान के सभी निर्धारित चरण सफलतापूर्वक पूरे किए और अपने पेलोड को लगभग 450 किलोमीटर ऊंची लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) में स्थापित किया।

### जयशंकर और जितेंद्र सिंह ने भी सराहा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस मिशन को "वास्तव में ऐतिहासिक" बताते हुए कहा कि यह भारत के युवाओं की नवाचार क्षमता और अंतरिक्ष क्षेत्र में किए गए सुधारों का परिणाम है। वहीं, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इसे भारत के वाणिज्यिक अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक मील का पत्थर करार दिया।

### सभी चरणों का सफल प्रदर्शन

मिशन के दौरान पहले चरण के ठोस ईंधन मोटर कलाम-1200 ने रॉकेट को वायुमंडल के सबसे घने हिस्से से बाहर पहुंचाया। इसके बाद कलाम-250 और कलाम-100 चरणों ने भी निर्धारित प्रदर्शन किया। अंत में ऑर्बिटल एडजस्टमेंट मॉड्यूल (OAM) ने अपने 3डी-प्रिंटेड लिक्विड इंजन की मदद से रॉकेट को अंतिम कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।

### हीरा और 'वंदे मातरम' संदेश भी ले गया विक्रम-1

450 किलोमीटर की लो अर्थ ऑर्बिट में 350 किलोग्राम तक का पेलोड ले जाने में सक्षम विक्रम-1 अपने साथ कई पेलोड लेकर गया। इनमें बेंगलुरु स्थित कॉसमॉस डायमंड्स द्वारा विक-सित लैब-ग्रोन डायमंड 'डायमंड लोटस' भी शामिल है। मिशन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हस्तलिखित "वंदे मातरम" संदेश वाला पोस्टकार्ड भी भेजा गया। इसके अलावा स्काईरूट की टीम, निवेशकों, नीति-निमार्ताओं और दुनिया भर के शुभचिंतकों के हस्तलिखित संदेश भी इस मिशन का हिस्सा रहे।

**(इनपुटः एजेंसी)**

## मुख्यमंत्री योगी ने बुलंदशहर को दी ₹574 करोड़ से अधिक की 57 विकास परियोजनाओं की सौगात

### लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में बोले– जेवर एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश की समृद्धि का बनेगा आधार

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बुलंदशहर जनपद में ₹574 करोड़ से अधिक की लागत वाली 57 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास,




सुशासन, सुरक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रही है तथा उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आधारभूत संरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि बुलंदशहर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहा है और जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का नया द्वार साबित होगा।

उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट भले ही जेवर में बन रहा हो, लेकिन इसका सबसे अधिक लाभ बुलंदशहर जनपद को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश की आर्थिक समृद्धि का महत्वपूर्ण आधार बनेगी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, निवेश, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण के प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के प्रत्येक जिले को आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में लाना है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ₹574 करोड़ से अधिक लागत की इन 57 विकास परियोजनाओं से बुलंदशहर सहित पूरे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं, रोजगार के नए अवसर और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा।

## भारत-ब्रिटेन CETA : वैश्विक आर्थिक नेतृत्व की दिशा में भारत का बड़ा कदम

**समाज जागरण**

भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (Comprehensive Economic and Trade Agreement–CETA) का लागू होना केवल एक द्विपक्षीय व्यापारिक समझौता नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका का स्पष्ट संकेत है। भू-राजनीतिक तनाव, संरक्षणवाद, सप्लाई चेन में व्यवधान और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच विकसित अर्थव्यवस्था के साथ भारत का यह व्यापक समझौता उसकी आर्थिक परिपक्वता, रणनीतिक सोच और कूटनीतिक क्षमता को भी रेखांकित करता है।

### व्यापार नीति में आया बड़ा बदलाव

पिछले एक दशक में भारत की व्यापार नीति में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। लंबे समय तक भारत मुक्त व्यापार समझौतों को लेकर सतर्क रहा, लेकिन अब उसकी रणनीति केवल शुल्कों में कमी तक सीमित नहीं है। नए व्यापार समझौतों में निवेश, सेवाएं, डिजिटल व्यापार, बौद्धिक संपदा, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी सहयोग और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भागीदारी जैसे व्यापक पहलुओं को भी शामिल किया जा रहा है। भारतझब्रिटेन CETA इसी नई नीति का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

### निर्यात और निवेश को मिलेगा नया आधार

ब्रिटेन भारत का महत्वपूर्ण व्यापारिक और निवेश साझेदार है। वित्तीय सेवाओं, उच्च शिक्षा, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच पहले से मजबूत सहयोग रहा है। CETA के तहत भारत के लगभग 99% निर्यात उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में अधिमान्य पहुंच मिलने से वस्त्र एवं परिधान, चमड़ा, इंजीनियरिंग उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, औषधि, समुद्री उत्पाद तथा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है।

### एमएसएमई को मिलेंगे वैश्विक अवसर

इस समझौते का लाभ केवल बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा। प्रभावी क्रियान्वयन होने पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भी वैश्विक बाजारों तक अपनी पहुंच बढ़ा सकेंगे। व्यापारिक बाधाओं में कमी, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं के सरलीकरण और बेहतर बाजार पहुंच से एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता मजबूत होगी। इससे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसी पहलों को भी नई गति मिलेगी।



### कृषि क्षेत्र के लिए खुलेंगे नए बाजार

भारतीय चाय, मसाले, बासमती चावल, फल, समुद्री उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की वैश्विक मांग लगातार बढ़ रही है। ब्रिटेन जैसे उच्च क्रय-शक्ति वाले बाजार तक बेहतर पहुंच किसानों की आय बढ़ाने और कृषि निर्यात को प्रोत्साहित करने में सहायक हो सकती है। हालांकि इसके लिए गुणवत्ता मानकों, खाद्य सुरक्षा प्रमाणन, आधुनिक लॉजिस्टिक्स और कोल्ड-चेन अवसंरचना को और मजबूत करना होगा।

### सेवा क्षेत्र और पेशेवरों को होगा लाभ

सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेशेवर सेवाओं में भारत की मजबूत उपस्थिति है। CETA के तहत कुशल पेशेवरों की आवाजाही को आसान बनाने और सामाजिक सुरक्षा अंशदान से जुड़े प्रावधानों में राहत जैसे कदम भारतीय युवाओं और पेशेवरों के लिए नए अवसर पैदा करेंगे। इससे भारत को वैश्विक प्रतिभा और नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी मजबूती मिलेगी।

### वैश्विक व्यापार रणनीति का हिस्सा है CETA

भारत ने हाल के वर्षों में संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) और अब ब्रिटेन के साथ व्यापक व्यापार समझौते किए हैं। इसके अलावा यूरोपीय संघ सहित कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ भी वाताएं जारी हैं। इससे स्पष्ट है कि भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में अपनी भागीदारी बढ़ाने और विश्वसनीय विनिर्माण एवं निवेश गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने की दीर्घकालिक रणनीति पर काम कर रहा है।

### प्रभावी क्रियान्वयन होगा सफलता की कुंजी

किसी भी व्यापार समझौते की सफलता केवल उसके हस्ताक्षर से तय नहीं होती। भारतीय उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाना, निर्यातकों को बेहतर लॉजिस्टिक्स उपलब्ध कराना, गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करना, कौशल विकास, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देना और व्यापार सुविधा तंत्र को अधिक प्रभावी बनाना आवश्यक होगा। साथ ही यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण होगा कि छोटे उद्योग, किसान और स्टार्टअप भी इस समझौते के लाभों का समान रूप से फायदा उठा सकें।

### भारत की वैश्विक आर्थिक भूमिका होगी और मजबूत

भारत-ब्रिटेन CETA केवल व्यापार बढ़ाने का समझौता नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक नीति, वैश्विक दृष्टि और रणनीतिक कूटनीति का प्रतीक है। यह समझौता दशार्ता है कि भारत अब केवल एक बड़ा उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि नियम-आधारित, विश्वसनीय और प्रभावशाली आर्थिक भागीदार के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में यह समझौता निवेश, नवाचार, रोजगार और निर्यात आधारित विकास को नई गति देने की क्षमता रखता है।

## होर्मुज पर बढ़ा सैन्य तनाव, अमेरिकी हमलों के बाद संभावित ग्राउंड ऑपरेशन की अटकलें तेज

### बंदर अब्बास सहित रणनीतिक ठिकानों पर हमलों से ईरान की सप्लाई लाइन प्रभावित होने के दावे

**समाज जागरण**

ईरान के होर्मोजगान प्रांत और रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिका की सैन्य गतिविधियों को लेकर नए कयास लगाए जा रहे हैं। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि अमेरिकी हमलों का उद्देश्य ईरान की सैन्य रसद (लॉजिस्टिक्स) और रणनीतिक ढांचे को कमजोर करना है, जिससे भविष्य में किसी बड़े सैन्य अभियान की संभावना को बल मिल सकता है। हालांकि, अमेरिका की ओर से किसी संभावित ग्राउंड ऑपरेशन की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी हमलों में होर्मोजगान क्षेत्र के कई रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया गया है। दावा है कि पुलों, प्रमुख सड़कों और रेलवे मार्गों पर हमलों से सैन्य आपूर्ति प्रभावित करने की कोशिश की गई है। विशेषज्ञ इसे "लॉजिस्टिकल आ-इसोलेशन" यानी दुश्मन की सप्लाई लाइन को बाधित करने की रणनीति के रूप में देख रहे हैं।



इन रिपोर्टों में ईरान के प्रमुख समुद्री बंदरगाह बंदर अब्बास का भी उल्लेख किया गया है, जिसे देश के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक और सैन्य आपूर्ति केंद्रों में गिना जाता है। यदि इस बंदरगाह की गतिविधियां प्रभावित होती हैं, तो इसका असर सैन्य और आर्थिक दोनों मोर्चों पर पड़ सकता है।

सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि किसी भी बड़े जमीनी अभियान से पहले विरोधी पक्ष की संचार व्यवस्था, परिवहन नेटवर्क और सैन्य रसद को कमजोर करना आधुनिक युद्ध रणनीति का हिस्सा होता है। हालांकि, मौजूदा परिस्थितियों में यह कहना जल्दबाजी होगी कि अमेरिका वास्तव में होर्मुज क्षेत्र में ग्राउंड ऑपरेशन की तैयारी कर रहा है। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें अमेरिका और ईरान की अगली रणनीति पर टिकी हुई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हालात और बिगड़ते हैं तो इसका असर वैश्विक तेल आपूर्ति, समुद्री व्यापार और पश्चिम एशिया की क्षेत्रीय सुरक्षा पर भी पड़ सकता है।

## रामनगर-देहरादून के बीच पहली सीधी एक्सप्रेस ट्रेन शुरू, रेल मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

### सप्ताह में दो दिन चलेगी नई ट्रेन, कुमाऊं-गढ़वाल के बीच सफर होगा आसान; पर्यटन और चारधाम यात्रा को मिलेगा बढ़ावा

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। उत्तराखंड के रामनगर और देहरादून के बीच पहली बार सीधी एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शनिवार को शुभारंभ हो गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल माध्यम से रामनगर-देहरादून एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। लंबे समय से चली आ रही इस रेल सेवा की मांग पूरी होने से कुमाऊं और गढ़वाल मंडलों के बीच रेल संपर्क को नई मजबूती मिलेगी।

नई ट्रेन सप्ताह में दो दिन, प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को संचालित होगी। ट्रेन संख्या 15310 सुबह 5:50 बजे रामनगर से रवाना होकर दोपहर 12:40 बजे देहरादून पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 15309 दोपहर 3:55 बजे देहरादून से चलकर रात 11:30 बजे रामनगर पहुंचेगी। मार्ग में काशीपुर, रोशनपुर, पिपल्सना, मुरादाबाद, नजीबाबाद और हरिद्वार



स्टेशनों पर इसका ठहराव रहेगा।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में एसी सेकेंड क्लास, एसी थर्ड क्लास, एसी चेयर कार, स्लीपर क्लास, सेकेंड सिटिंग और जनरल सेकेंड क्लास सहित विभिन्न श्रेणियों के कोच लगाए गए हैं। इस सेवा का लाभ उत्त-राखंड के नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार और देहरादून के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद और बिजनौर के यात्रियों को भी मिलेगा। इससे छात्र, किसान, व्यापारी और अन्य यात्रियों के लिए एक ही दिन में यात्रा कर अपने कार्य पूरे करना आसान होगा।

नई रेल सेवा से जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, गिरिजा देवी मंदिर और सीतामढ़ी-सीतावनी जैसे प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों तक पहुंच भी सुगम होगी। वहीं हरिद्वार और देहरादून के माध्यम से चारधाम यात्रा– बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री जाने वाले श्रद्धालुओं को भी बेहतर रेल सुविधा मिलेगी।

*भारतीय रेलवे में नई हाइड्रोजन क्रांति*

# प्रधानमंत्री ने कई रेलवे स्टेशनों का भी दिया उपहार

जुलाई 17, 2026 का दिन भारतीय रेलवे के लिए एक स्मरणीय दिन बन गया है क्योंकि इस दिन रेल यातायात में विकसित भारत के नये युग का सूत्रपात हुआ और भारत के हाइड्रोजन ट्रेन का उपहार मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर इसका उद्घाटन किया। अब भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है जहां हाइड्रोजन ट्रेनों का संचालन हो रहा है।अभी तक जर्मनी, फ्रांस और चीन जैसे देश ही इस प्रकार की ट्रेनों का संचालन कर रहे थे।

जींद-सोनीपत मार्ग पर चलने वाली यह ट्रेन शून्य कार्बन उत्सर्जन वाली 10 कोच और 3,200 हार्स पावर क्षमता वाली दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों मे शामिल है। यह ट्रेन पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से तैयार की गई है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से चलने वाली इस ट्रेन में हाइड्रोजन से बिजली बनाई जाती है जिससे ट्रेन संचालित होती है। इस प्रक्रिया में केवल जलवाष्प निकलती है इसलिए इससे शून्य कार्बन उत्सर्जन होता है। यह ट्रेन डीजल ट्रेनों की तुलना में प्रदूषण नहीं फैलाती, आवाज भी कम करती है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करती है। इसके लिए पारंपरिक इलेक्ट्रिक ट्रेनों की तरह मार्ग पर ओवरहेड बिजली लाइन की जरूरत भी नहीं होती क्योकि बिजली ट्रेन के भीतर ही तैयार होती है। ऐसी ट्रेनों के संचालन से कोयला आधारित बिजली उत्पादन पर निर्भरता कम होगी।

यह 10 कोच वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल है। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ट्रेन है जो बाहर से देखने में तो साधारण ट्रेनों की तरह ही लगती है किन्तु जब यात्री ट्रेन के कोच में बैठकर यात्रा करते हैं तो उन्हें एक अलग प्रकार की सुखद अनुभूति होती है। ट्रेन में आधुनिक सुरक्षा प्रणाली, हाइड्रोजन लीक डिटेक्शन सिस्टम और विशेष फ्यूल सेल तकनीक का उपयोग किया गया है। इस ट्रेन में यात्रियों के लिए टिकट का मूल्य 5 से 25 रुपए तक रखा गया है ताकि आम से खास तक सभी वर्ग के लोग इस पूर्ण रूप से स्वदेशी तथा प्रदूषण रहित ट्रेन की आरामदायक यात्रा का लाभ उठा सकें। भारतीय रेलवे की पहली हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा में जींद से सोनीपत के बीच 89 किमी प्रतिदिन दो राउंड ट्रिप यानी कुल 356 किमी का सफर तय करेगी। यह हाइड्रोजन ट्रेन जींद सिटी, गोहाना, पांडु पिंडारा, ललित खेड़ा, भंभेवा, इसापुर खेड़ी, बुटाना, खंडराई, राबरा, लाथ, मोहाना और सोनीपत स्टेशन पर रुकेगी।

भारत की स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन अन्य देशों की तुलना में सबसे कम लागत मात्र 136 करोड़ रुपए में बनी है। ट्रेन की सामान्य ऑपरेशनल स्पीड 75 किमी प्रति घंटा होगी। ट्रायल रन के दौरान इसने 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार प्राप्त की थी। यह ट्रेन एक घंटे में 90 किमी का सफर तय कर सकती है। जबकि कई पुराने डीजल इंजन वाली ट्रेनों को इतनी दूरी तय करने में लगभग दो घंटे लग जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे में व्यापक बदलाव लाने का संकल्प लिया था जो अब धरातल पर उतरता दिख रहा है। भारतीय रेलवे आगामी वर्षों में और भी आधुनिक बनने की तैयारी कर रहा है। सरकार का लक्ष्य व संकल्प भारतीय रेलवे को अधिक सुरक्षित, तेज और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है यह हाइड्रोजन ट्रेन उसी लक्ष्य की दिशा में ले जाने वाली पहल है।

संक्षिप्त इतिहास - भारत में पहली यात्री ट्रेन 16 अप्रैल 1853 को मुंबई के बोरीबंदर स्टेशन से ठाणे के बीच चलाई गई थी। यह ट्रेन 34 किमी की दूरी तय करती थी इसमें 14 डिब्बे थे1 960 में भारतीय रेलवे ने डीजल इंजनों को अपनाना शुरू किया। इन इंजनों की मदद से लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ। मालगाड़ियों की क्षमता बढ़ी और रेलवे का विस्तार पहले की तुलना में तीव्रगति से हुआ। इसके पश्चात रेलवे में विद्युतीकरण का युग आया जिसमें बिजली से चलने वाले इंजन डीजल की तुलना में अधिक तीव्र ,कम प्रदूषण फैलाने वाले और ऊर्जा की दृष्टि से अधिक किफायती सिद्ध हुए। अब समय पूरी तरह से बदल चुका है।अब यात्रियों को सुविधाएं देने के लिए बेहतर तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी हाईस्पीड ट्रेनों,आधुनिक कोच, ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम, कवच सुरक्षा प्रणाली, डिजिटल टिकटिंग और बेहतर स्टेशन सुविधाएं रेलवे को नई पहचान दे रही हैं। आगामी समय में बुलेट ट्रेनों की रफ्तार भी भारतीय जनमानस देखने वाला है। केवल यात्रियों के लिए ही नहीं भारतीय रेल अब माल ढुलाई के लिए भी आधुनिक ट्रेनों का संचालन कर रही है।

हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जींद और पंजाब के जालंधर से रेलवे की विकास व बदलाव की कहानी बताई और साथ ही कांग्रेस सहित समस्त विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए राजनैतिक संदेश भी दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो काम आज हो रहे हैं वो काम तो 30 -40 वर्ष पहले ही हो जाने चाहिए थे लेकिन पहले की सरकारों में यह काम प्राथमिकता में थे ही नहीं। इस पर पहले की सरकारें चर्चा ही नहीं करती थी। 2014 के बाद भाजपा सरकार ने स्थितियों को बदलना शुरू किया। आज पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 1300 स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है आज ऐसे ही 75 स्टेशनों का लोकार्पण हुआ है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अमृतसर -वाराणसी के बीच चलने वाली संत रविदास एक्सप्रेस ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई।

**प्रेषक - मृत्युंजय दीक्षित**

## टीवी बाइट की राजनीति...!

अभी टीवी पर बाइट देने की,
यहाँ बची है सिर्फ राजनीति।
यूं सत्य की आँखें नम रहतीं,
मंच पर तो चलती कूटनीति।

यहाँ शब्दों का श्रृंगार बहुत है,
भाव मगर सब के खोखले हैं।
जनहित की "बातें" कम होतीं,
ये वादों के सिर्फ सिलसिले हैं।

इन कैमरों की चमक तले अब,
किन चेहरों का व्यापार हुआ।
जहाँ सत्ता की सीढ़ी चढ़ने को,
हर संवाद यहाँ हथियार हुआ।

आम जनता अब पहचान रही,
सच और झूठ की हरेक रेखा।
"वक़्त" लिखेगा अंतिम निर्णय,
ये न्याय न झुकेगा, यही लेखा।



**संजय एम तराणेकर**

# रामपुर में ढहता आजम साम्राज्य, क्या 2027 में बचेगी सियासी विरासत?



**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में ऐसे नेताओं की सूची बहुत लंबी नहीं है, जिनके नाम के साथ किसी जिले की पहचान जुड़ गई हो। रामपुर का नाम लेते ही दशकों तक जिस चेहरे की तस्वीर सबसे पहले उभरती थी, वह आजम खान थे। 1980 के दशक से लेकर 2022 तक रामपुर की राजनीति का कोई भी बड़ा फैसला उनके प्रभाव से अछूता नहीं माना जाता था। नौ बार विधायक, एक बार सांसद और उत्तर प्रदेश सरकार में कई बार कैबिनेट मंत्री रहे आजम खान का राजनीतिक कद इतना बड़ा था कि विरोधी भी उनकी संगठन क्षमता और जनाधार को स्वीकार करते थे। लेकिन 2026 आते-आते हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। आजम खान जेल में हैं, उनके खिलाफ दर्जनों नहीं बल्कि 90 से अधिक मुकदमे अदालतों में लंबित हैं, उनका परिवार कानूनी लड़ाइयों में उलझा है और उनका सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी अब प्रशासनिक कार्रवाई के सबसे बड़े निशाने पर है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले रामपुर में आजम खान का राजनीतिक अध्याय सचमुच अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है? आजम खान का राजनीतिक सफर किसी सामान्य नेता की तरह नहीं रहा। वर्ष 1980 में पहली बार उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे आजम खान ने अगले चार दशकों में रामपुर को समाजवादी राजनीति का सबसे मजबूत गढ़ बना दिया। मुलायम सिंह यादव के सबसे भरोसेमंद नेताओं में उनकी गिनती होती थी। 2012 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने के बाद उन्हें नगर विकास, संसदीय कार्य, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ और हज जैसे कई अहम विभागों की जिम्मेदारी मिली। उस दौर में उनकी राजनीतिक ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जाता था कि प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर पार्टी संगठन तक उनके प्रभाव को नजरअंदाज करना आसान नहीं था।

2014 में उनके फार्महाउस से सात भैंसों की चोरी का मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया था। पुलिस की कई टीमें, क्राइम ब्रांच और खोजी कुत्तों को लगाया गया। कुछ ही घंटों में भैंसें बरामद हो गईं। यह घटना विपक्ष के लिए सत्ता के दुरुपयोग का प्रतीक बनी, जबकि समर्थकों ने इसे प्रशासन की तत्परता बताया। लेकिन वही आजम खान कुछ वर्षों बाद खुद कानून की सबसे बड़ी कार्रवाई का सामना करेंगे, शायद उस समय किसी ने नहीं सोचा था। 2017 में उत्तर प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद आजम खान की राजनीतिक मुश्किलें तेजी से बढ़ीं। योगी आदित्यनाथ सरकार बनने के बाद उनके खिलाफ एक के बाद एक मुकदमे दर्ज होने लगे। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार उनके और परिवार के खिलाफ करीब 90 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हुए। इनमें सरकारी जमीन पर कब्जा, किसानों की भूमि अधिग्रहण, शत्रु संपत्ति, वक्फ संपत्ति, भड़काऊ भाषण, फर्जी दस्तावेज, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र और पासपोर्ट से जुड़े मामले शामिल हैं। कई मामलों में अदालत ने उन्हें दोषी ठहराया, जिसके बाद उनकी विधानसभा सदस्यता चली गई और चुनाव लड़ने की पात्रता पर भी असर पड़ा। आज भी अनेक मुकदमे विभिन्न अदालतों में विचाराधीन हैं। इन सभी विवादों के बीच सबसे ज्यादा चर्चा जौहर यूनिवर्सिटी को लेकर हो रही है। लगभग 250 एकड़ क्षेत्र में फैले इस विश्वविद्यालय को आजम खान अपनी सबसे बड़ी राजनीतिक और सामाजिक विरासत बताते रहे हैं। विश्वविद्यालय में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, शिक्षा संकाय, पुस्तकालय और कई शैक्षणिक भवन बनाए गए। समर्थकों का दावा रहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक छात्रों के लिए यह संस्थान शिक्षा का बड़ा केंद्र बना, जबकि विरोधियों का आरोप था कि इसके निर्माण के दौरान किसानों और भूमिधारकों की जमीनों का अधिग्रहण नियमों के अनुरूप नहीं हुआ।

बीते कुछ वर्षों में यही विश्वविद्यालय कानूनी विवादों का केंद्र बन गया। पहले भूमि अधिग्रहण और शत्रु संपत्ति के मामलों की जांच हुई। इसके बाद राजस्व विभाग ने कई हिस्सों की पैमाइश कराई। अब रामपुर विकास प्राधिकरण ने विश्वविद्यालय परिसर के 40 भवनों में से 38 भवनों को बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्मित बताते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया है। प्रशासन का दावा है कि केवल दो भवनों के नक्शे विधिवत स्वीकृत मिले हैं, जबकि बाकी निर्माण विकास प्राधिकरण के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। यही नहीं, समाजवादी सरकार के दौरान लगभग 17 करोड़ रुपये की लागत से बनी करीब 3.5 किलोमीटर लंबी चार लेन सड़क, जिसे बाद में विश्वविद्यालय परिसर का हिस्सा बना दिया गया था, उसे भी प्रशासन ने दोबारा आम जनता के लिए खोल दिया। इन कार्रवाइयों ने यह संकेत दे दिया कि सरकार अब जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े मामलों में पीछे हटने के मूड में नहीं है। यहीं से राजनीतिक बहस भी तेज हो गई। समाजवादी पार्टी का आरोप है कि भाजपा सरकार कानून के नाम पर राजनीतिक प्रतिशोध ले रही है। पार्टी का कहना है कि शिक्षा संस्थान को निशाना बनाना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अच्छा संदेश नहीं है। दूसरी तरफ भाजपा का तर्क है कि कानून सबके लिए समान है और यदि किसी ने नियमों का उल्लंघन किया है तो कार्रवाई होना स्वाभाविक है। सरकार यह भी कह रही है कि किसानों की जमीन और सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जे की शिकायतें वर्षों से थीं और अब उन्हीं मामलों में कार्रवाई हो रही है।

रामपुर की राजनीति को समझने के लिए वहां का सामाजिक समीकरण भी महत्वपूर्ण है। जिले में मुस्लिम मतदाताओं की हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत के आसपास मानी जाती है। इसके अलावा दलित, पिछड़ा और सवर्ण मतदाता भी चुनावी नतीजों को प्रभावित करते हैं। लंबे समय तक मुस्लिम-यादव समीकरण ने समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाए रखा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में तस्वीर बदलती दिखाई दी। 2022 के विधानसभा चुनाव में आजम खान जेल में रहते हुए भी जीत गए, लेकिन उसके बाद उनकी सदस्यता समाप्त हुई और उपचुनाव में भाजपा ने सीट अपने नाम कर ली। इससे यह संदेश गया कि केवल सहानुभूति की राजनीति अब पहले जितनी प्रभावी नहीं रही। लोकसभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन रामपुर में संगठनात्मक कमजोरी साफ दिखाई दी। आजम खान के पुराने सहयोगियों का एक बड़ा वर्ग सक्रिय राजनीति से दूर हो चुका है। कई स्थानीय नेता या तो निष्क्रिय हैं या दूसरे राजनीतिक विकल्प तलाश रहे हैं। यही कारण है कि 2027 के चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती नया स्थानीय नेतृत्व तैयार करने की होगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आजम खान की व्यक्तिगत लोकप्रियता और समाजवादी पार्टी का संगठन अब दो अलग-अलग बातें बन चुकी हैं। मुस्लिम समाज के एक हिस्से में उनके प्रति सहानुभूति आज भी मौजूद है, लेकिन चुनाव केवल सहानुभूति से नहीं जीते जाते। बूथ प्रबंधन, स्थानीय नेतृत्व, गठबंधन, उम्मीदवार और सामाजिक समीकरण भी उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। यदि आजम खान लंबे समय तक सक्रिय राजनीति से बाहर रहते हैं तो रामपुर में सपा को नई रणनीति बनानी ही पड़ेगी। भाजपा की रणनीति भी स्पष्ट दिखाई देती है। पार्टी कानून-व्यवस्था, अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई और भ्रष्टाचार विरोधी छवि को चुनावी मुद्दा बनाए रखना चाहती है। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी इसे राजनीतिक प्रतिशोध और अल्पसंख्यक उत्पीड़न के नैरेटिव से जोड़कर पेश करेगी। यानी 2027 का चुनाव केवल विकास बनाम विकास नहीं होगा, बल्कि कानून बनाम राजनीतिक प्रतिशोध की बहस भी उसमें प्रमुख रहेगी। हालांकि अंतिम फैसला अदालतों को करना है। आजम खान के कई मामलों में अभी न्यायिक प्रक्रिया जारी है और कानूनी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। इसलिए उनकी राजनीतिक कहानी पर अंतिम विराम लगाना जल्दबाजी होगी। लेकिन इतना तय है कि जिस रामपुर में कभी आजम खान की अनुमति के बिना राजनीतिक पत्ता तक नहीं हिलता था, उसी रामपुर में आज उनकी सबसे बड़ी विरासत प्रशासनिक कार्रवाई के घेरे में खड़ी है। यह बदलाव केवल एक नेता की कहानी नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की बदलती राजनीति, बदलते सत्ता संतुलन और कानून तथा राजनीति के टकराव की भी कहानी है। 2027 का चुनाव तय करेगा कि यह अध्याय यहीं समाप्त होगा या आजम खान का नाम एक बार फिर रामपुर की राजनीति में किसी नए रूप में लौटेगा।

# क्या शिक्षा सुधार की नई आवाज बनेंगे सोनम वांगचुक?

सोनम वांगचुक का नाम भारत में केवल एक इंजीनियर, नवोन्मेषक या पर्यावरण कार्यकर्ता के रूप में नहीं जाना जाता, बल्कि ऐसे नागरिक के रूप में भी जाना जाता है जिसने शिक्षा, समाज और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। वर्ष 2018 में उन्हें रमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। लद्दाख में शिक्षा सुधार के लिए उनके प्रयासों ने उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिलाई और फिल्म 3 इडियट्स का लोकप्रिय पात्र फुंसुख वांगडू भी काफी हद तक उनके व्यक्तित्व से प्रेरित माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने लद्दाख के पर्यावरण, स्थानीय संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों से जुड़े कई शांतिपूर्ण आंदोलन किए। अब वे नई दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मुद्दे को राष्ट्रीय बहस का विषय बना रहे हैं। 28 जून 2026 से आरंभ हुआ उनका अनशन अब 21वें दिन में पहुंच चुका है। लगातार केवल नमक और पानी के सहारे चल रहे इस अनशन के कारण उनका वजन लगभग 9 किलोग्राम कम हो चुका है और चिकित्सकों ने उनके स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। इसके बावजूद उन्होंने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर गंभीर संवाद नहीं होता, तब तक वे पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

सोनम वांगचुक का यह आंदोलन किसी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का परिणाम नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे उन लाखों युवाओं की चिंता से जोड़कर देखा जा रहा है जो वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। हाल के वर्षों में विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणामों में देरी और भर्ती प्रक्रियाओं पर उठते प्रश्नों ने विद्यार्थियों के बीच असुरक्षा और निराशा का वातावरण बनाया है। वांगचुक का कहना है कि यदि शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली पर युवाओं का भरोसा कमजोर होगा तो देश का भविष्य भी प्रभावित होगा। उनका आग्रह है कि परीक्षा प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी हो, जवाबदेही सुनिश्चित की जाए और ऐसी संस्थागत व्यवस्था बनाई जाए जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उनका आंदोलन इन्हीं मुद्दों पर व्यापक जनचर्चा की मांग करता है।

अनशन के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य लगातार चिंता का विषय बना हुआ है। डॉक्टरों की टीम नियमित रूप से उनकी जांच कर रही है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक भोजन न लेने से शरीर की ऊर्जा तेजी से घटती है और कई अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी चिंता के कारण दिल्ली हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की गईं, जिनमें सरकार से उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। अदालत ने केंद्र और दिल्ली सरकार से जवाब मांगा तथा नियमित चिकित्सकीय निगरानी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। न्यायालय की यह पहल इस तथ्य को रेखांकित करती है कि लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन का अधिकार जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण किसी नागरिक के जीवन की रक्षा करना भी है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में भूख हड़ताल का इतिहास नया नहीं है। महात्मा गांधी ने इसे नैतिक शक्ति और आत्मबल का माध्यम बनाया था। स्वतंत्र भारत में भी अनेक सामाजिक आंदोलनों ने इस पद्धति का उपयोग किया है। अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से लेकर विभिन्न क्षेत्रीय आंदोलनों तक भूख हड़ताल ने समय समय पर सरकारों का ध्यान आकर्षित किया है। हालांकि प्रत्येक आंदोलन की परिस्थितियां अलग होती हैं। किसी आंदोलन का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं किया जा सकता कि अतीत में ऐसे आंदोलनों के क्या परिणाम रहे। प्रत्येक दौर की चुनौतियां भिन्न होती हैं और लोकतंत्र में नए प्रश्नों के लिए नए समाधान खोजने पड़ते हैं।

सोनम वांगचुक के आंदोलन को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं। विपक्ष के कई नेताओं ने सरकार से संवाद की अपील की है। कुछ नेताओं ने उनसे स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए अनशन समाप्त करने का आग्रह भी किया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि जंतर मंतर पहुंचकर उनसे मिले हैं। दूसरी ओर लेखकों, कलाकारों, फिल्मकारों और अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सार्वजनिक रूप से चिंता व्यक्त करते हुए सरकार और वांगचुक दोनों से संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की है। उनका कहना है कि किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए यह उचित नहीं होगा कि एक सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता का स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता रहे और समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल न हो।

इस पूरे घटनाक्रम में मीडिया की भूमिका भी चर्चा का विषय बनी हुई है। कुछ लोगों का मानना है कि मुख्यधारा के मीडिया ने इस आंदोलन को अपेक्षित महत्व नहीं दिया, जबकि अन्य का कहना है कि समाचार पत्रों, टीवी चैनलों और डिजिटल मंचों पर इसकी पर्याप्त चर्चा हुई है। वस्तुतः लोकतंत्र में मीडिया की जिम्मेदारी केवल घटनाओं की सूचना देना नहीं बल्कि समाज के महत्वपूर्ण प्रश्नों पर संतुलित विमर्श प्रस्तुत करना भी है। शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली और युवाओं के भविष्य जैसे विषय किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ऐसे विषयों पर तथ्यपरक और संतुलित चर्चा ही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान होती है।

भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। प्रत्येक वर्ष करोड़ों विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेते हैं। इनमें से अनेक विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और सीमित संसाधनों के बावजूद वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं। यदि परीक्षा प्रणाली पर लगातार प्रश्न उठते हैं तो इसका सबसे अधिक प्रभाव इन्हीं युवाओं के मनोबल पर पड़ता है। परीक्षा रद्द होने, पेपर लीक होने या भर्ती में देरी जैसी घटनाएं केवल प्रशासनिक समस्याएं नहीं होतीं बल्कि वे युवाओं के विश्वास को भी प्रभावित करती हैं। इसीलिए अनेक विशेषज्ञ मानते हैं कि तकनीकी सुरक्षा, डिजिटल निगरानी, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता और संस्थागत जवाबदेही को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

वांगचुक के आंदोलन को लेकर मतभेद भी कम नहीं हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह आंदोलन सीमित दायरे में रहा और इसे व्यापक जनसमर्थन नहीं मिला। कुछ आलोचक इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास भी करते हैं। वहीं समर्थकों का तर्क है कि किसी आंदोलन की सफलता केवल भीड़ की संख्या से नहीं मापी जा सकती। इतिहास में अनेक ऐसे उदाहरण हैं जब छोटे समूहों द्वारा उठाए गए प्रश्नों ने आगे चलकर बड़े सामाजिक और नीतिगत परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया। लोकतंत्र की शक्ति इसी में है कि वह समर्थन और असहमति दोनों को सम्मानपूर्वक स्थान देता है।

इस संदर्भ में पर्यावरणविद जी डी अग्रवाल का उदाहरण भी कई बार सामने लाया जाता है। उन्होंने गंगा संरक्षण के लिए लंबा अनशन किया था और अंततः उनका निधन हो गया। उनके समर्थकों का मानना है कि उनकी कई महत्वपूर्ण मांगों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। इसलिए कुछ लोग आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि कहीं सोनम वांगचुक के मामले में भी ऐसी दुखद स्थिति उत्पन्न न हो। हालांकि प्रत्येक आंदोलन की परिस्थितियां अलग होती हैं और सरकार, न्यायपालिका तथा समाज की भूमिका भी समय के साथ बदलती रहती है। इसलिए ऐसी तुलना करते समय सावधानी आवश्यक है।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति संवाद है। जब किसी सामाजिक कार्यकर्ता की मांगें लाखों युवाओं की चिंताओं से जुड़ने लगें, तब सरकार और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत का मार्ग खुला रहना चाहिए। संवाद से ही समाधान निकलते हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास मजबूत होता है। दूसरी ओर आंदोलनकारियों के लिए भी यह आवश्यक है कि वे अपने संघर्ष को शांतिपूर्ण और संवैधानिक दायरे में बनाए रखें। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सोनम वांगचुक लगातार अहिंसक आंदोलन, लोकतांत्रिक संवाद और संस्थागत सुधार की बात करते रहे हैं। उन्होंने आगामी दिनों में संसद मार्च की भी घोषणा की है ताकि शिक्षा सुधार और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता का प्रश्न राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती से उठाया जा सके।

भारत की शिक्षा व्यवस्था में सुधार एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है। इसमें केवल परीक्षा प्रणाली ही नहीं बल्कि शिक्षण पद्धति, मूल्यांकन प्रणाली, डिजिटल सुरक्षा, भर्ती प्रक्रियाएं, प्रशासनिक पारदर्शिता और संस्थागत जवाबदेही जैसे अनेक आयाम शामिल हैं। किसी एक आंदोलन से इन सभी समस्याओं का समाधान संभव नहीं है, लेकिन ऐसे आंदोलन समाज और सरकार का ध्यान उन प्रश्नों की ओर अवश्य आकर्षित करते हैं जिन्हें लंबे समय तक अनदेखा किया जाता रहा हो। यदि इस अवसर का उपयोग व्यापक सुधारों के लिए किया जाए तो इसका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिल सकता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि इस पूरे विषय को राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप तक सीमित न रखा जाए। छात्रों का भविष्य, शिक्षा की विश्वसनीयता और संस्थागत सुधार किसी एक दल या विचारधारा का विषय नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का प्रश्न है। सरकार, विपक्ष, शिक्षाविद, विशेषज्ञ, छात्र संगठन और नागरिक समाज यदि मिलकर शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और उत्तरदायी बनाने की दिशा में काम करें तो यह आंदोलन सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन सकता है। लोकतंत्र की परिपक्वता इसी में है कि वह शांतिपूर्ण असहमति को सुनने की क्षमता रखे और जनभावनाओं को नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़े।

सोनम वांगचुक का स्वास्थ्य इस समय सबसे बड़ी चिंता है। किसी भी लोकतंत्र में किसी नागरिक का जीवन सर्वोपरि होता है। साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि जिन प्रश्नों को लेकर वे संघर्ष कर रहे हैं, उन पर गंभीरता से विचार किया जाए। लोकतंत्र केवल चुनावों से मजबूत नहीं होता बल्कि इस बात से भी मजबूत होता है कि वह अपने नागरिकों की आवाज, युवाओं की आकांक्षाओं और सुधार की मांगों का किस प्रकार उत्तर देता है। यदि इस आंदोलन के परिणामस्वरूप शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वास को मजबूत करने की दिशा में सार्थक संवाद प्रारंभ होता है, तो यह केवल एक भूख हड़ताल नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र और शिक्षा सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में याद किया जाएगा।



**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी–42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक– रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 164 शिकायतों में 12 का मौके पर निस्तारण

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। शासन के निर्देशानुसार जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 164 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने तहसील जेवर पहुंचकर जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किए गए सभागार का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याएं सुनीं। जेवर तहसील में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण गंभीरता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं



स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों की निष्पक्ष जांच करें तथा शिकायतकताओं को संतुष्ट करते हुए गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मदन मोहन मणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रजनीकांत मित्तल, प्रभारी जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए नेहा सिंह, तहसीलदार जेवर प्रतीक चौहान, एसीपी जेवर राजीव कुमार सिसोदिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वहीं दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 85 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में चार शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से दो शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शेष शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आमजन को प्रभावी एवं पारदर्शी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# आरटीआई मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर, राज्य सूचना आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश

## 220 लंबित प्रकरणों की समीक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग के राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने शनिवार को गौतमबुद्ध तकनीकी विश्वविद्यालय (जीबीटीयू) के गेस्ट हाउस में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में राजस्व, लोक निर्माण एवं पुलिस विभाग के जन सूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत निस्तारण के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में आरटीआई से संबंधित 220 प्रकरण लंबित हैं। इस पर राज्य सूचना आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयसीमा से अधिक विलंब होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। इसलिए प्रत्येक जन सूचना अधिकारी निर्धारित समय के भीतर आवेदकों को स्पष्ट, पूर्ण एवं तथ्यपरक सूचना उपलब्ध कराएं तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी अपीलों का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। राज्य सूचना आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्यालय के बाहर जन सूचना अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं द्वितीय अपीलीय



प्राधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी प्रदर्शित की जाए। जिन कार्यालयों में यह व्यवस्था नहीं है, वहां तत्काल इसे लागू किया जाए।

उन्होंने सभी विभागों को अपनी विभागीय वेबसाइट नियमित रूप से अद्यतन रखने, आरटीआई से संबंधित अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव करने तथा निर्धारित प्रारूप-3 के अनुसार रजिस्टर का नियमित संधारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विभाग को किसी अन्य विभाग से संबंधित आरटीआई आवेदन प्राप्त होता है, तो उसे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पांच दिनों के भीतर संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया जाए, ताकि आवेदकों को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान राज्य सूचना आयुक्त ने अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम की विभिन्न धाराओं, प्रक्रियाओं एवं व्यवहारिक पहलुओं की जानकारी भी दी तथा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

बैठक में उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह, डीसीपी मुख्यालय शव्या गोयल, सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार मिश्र, तहसीलदार सदर पूजा चौधरी, लोक निर्माण विभाग की अधिशासी अभियंता कंचन, प्रशासनिक अधिकारी अरविंद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिसरख पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर गिरोह का किया पदार्फाश, दो गिरफ्तार; आठ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

**समाज जाागरण संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा। थाना बिसरख पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे एवं निशानदेही पर चोरी की आठ मोटरसाइकिलें तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर 10वीं एवेन्यू, गौर सिटी-2 की सर्विस रोड पर कार्रवाई करते हुए कुशलवीर पुत्र हरवीर तथा सनी पुत्र महावीर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने नोएडा और दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। बरामद सभी वाहन विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी किए गए बताए जा रहे हैं।



गिरफ्तार आरोपी कुशलवीर मूल रूप से थाना छर्रा, जनपद अलीगढ़ का निवासी है और वर्तमान में सेन विहार, क्रॉसिंग रिपब्लिक (गाजियाबाद) में रह रहा था। दूसरा आरोपी सनी थाना बिसरख क्षेत्र का निवासी है। पुलिस के अनुसार दोनों के विरुद्ध पहले से भी विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आठ चोरी की मोटरसाइकिलें तथा एक अवैध चाकू बरामद किया। इस संबंध में थाना बिसरख में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(2), 317(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों तथा चोरी के अन्य मामलों के संबंध में भी जांच जारी है।

# ऑपरेशन 'साइ-वज्र' के तहत नोएडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

**बीमा पॉलिसी और इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले चार साइबर ठग गिरफ्तार**

**समाज जाागरण संदीप गर्ग**

नोएडा। थाना फेस-1 पुलिस ने 'ऑपरेशन साइ-वज्र' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो फर्जी कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बीमा पॉलिसी मैच्योर कराने और इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से साइबर ठगी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप, कंप्यूटर, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, चेकबुक और अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर थाना क्षेत्र में संदिग्ध बैंक खातों और एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान सेक्टर-6 और सेक्टर-2 में संचालित दो फर्जी कॉल सेंटरों का खुलासा हुआ।



### बीमा पॉलिसी के नाम पर करते थे ठगी

सेक्टर-6 स्थित फर्जी कॉल सेंटर से पुलिस ने तनुज कुमार गोयल और पंकज को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी लोगों को कम ब्याज पर ऋण दिलाने, बंद हो चुकी एलआईसी पॉलिसी का पैसा वापस दिलाने, बीमा पॉलिसी मैच्योर कराने, अधिक क्लेम दिलाने और क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का झांसा देकर ठगी करते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से एक लैपटॉप, तीन की-पैड मोबाइल, एक स्मार्टफोन, 17 एटीएम कार्ड और एक चेकबुक बरामद की है। इस संबंध में थाना फेस-1 में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी का झांसा

सेक्टर-2 स्थित दूसरे फर्जी कॉल सेंटर से पुलिस ने मोहित कुमार और आदेश यादव को गिरफ्तार किया। आरोपी विभिन्न वेबसाइटों से नौकरी तलाश रहे युवाओं का डाटा हासिल कर उन्हें इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी दिलाने का झांसा देते थे। फर्जी नियुक्ति पत्र भेजकर रजिस्ट्रेशन और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर हजारों रुपये की ठगी की जाती थी।

इनके पास से दो कंप्यूटर, आठ मोबाइल फोन, एक पेन ड्राइव और पांच सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। जांच में सामने आया है कि इस गिरोह के खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल पर विभिन्न राज्यों से 15 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं।

### डिजिटल सबूत मिटाकर बचते थे आरोपी

पूछताछ में खुलासा हुआ कि ठगी के बाद आरोपी इस्तेमाल किए गए मोबाइल और सिम कार्ड नष्ट कर देते थे तथा मोबाइल से चैट और अन्य डिजिटल डाटा भी डिलीट कर देते थे। ठगी की रकम परिचितों के बैंक खातों में ट्रांसफर कराई जाती थी, जिनके एटीएम कार्ड उनके पास ही रहते थे, ताकि पुलिस को जांच में भ्रमित किया जा सके।

पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों, बैंक खातों और साइबर नेटवर्क की जांच में जुटी है।

# गैंगस्टर एक्ट में तीन वर्षों से फरार वाहन चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**सेक्टर-58 पुलिस की कार्रवाई, सात से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज**

**समाज जाागरण संदीप गर्ग**

नोएडा। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में तीन वर्षों से वांछित चल रहे वाहन चोर गिरोह के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को सूरजपुर घंटा चौक स्थित टेंपो स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया।



पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इंसाफ पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम लाड़लाका, थाना जुरहरा, जिला डीग (राजस्थान) के रूप में हुई है। उसकी उम्र 27 वर्ष है। आरोपी गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहा था।

पुलिस जांच में सामने आया है कि इंसाफ वाहन चोरी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य है। उसके विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में सात से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। लंबे समय से उसकी तलाश की जा रही थी। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के आपराधिक नेटवर्क और उसके अन्य साथियों के संबंध में भी जांच की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और आरडब्ल्यूए मिलकर करेंगे सेक्टरों की समस्याओं का समाधान, नियमित बैठकों का शेड्यूल जारी

**पहली बैठक में स्ट्रीट लाइट, सफाई, ड्रेनेज, ट्रैफिक जाम और आवारा कुत्तों की समस्या पर हुई चर्चा**

**समाज जाागरण संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के आवासीय सेक्टरों में नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) नियमित बैठकें करेंगे। इन बैठकों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एनजी रवि कुमार के निर्देश पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की ओर से प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा की अध्यक्षता में टीम गठित कर बैठकों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। शनिवार को पहली बैठक दो चरणों में आयोजित हुई। पहले चरण में फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए तथा दूसरे चरण में नेफोवा और नेफोमा के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महाप्रबंधक ए.के. सिंह, उप महाप्रबंधक विजय कुमार रावल, विभिन्न वर्क सर्किलों, उद्यान, जल-सीवर तथा विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सेक्टरों में सड़क एवं नालियों की सफाई, ड्रेनेज व्यवस्था, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त विद्युत पोल



बदलने और पार्कों के रखरखाव से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाई गईं। फेडरेशन के अध्यक्ष देवेंद्र टाइगर, आलोक नागर सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि कई सेक्टरों में बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइटें खराब हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों की शीघ्र मरम्मत की भी मांग की।

बैठक में आवारा कुत्तों की समस्या पर भी चर्चा हुई। आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने निर्धारित स्थानों पर डॉग फीडिंग प्वाइंट विकसित करने का सुझाव दिया। इस पर प्रधान महाप्रबंधक ने संबंधित विभाग को आरडब्ल्यूए और अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से सुझाव लेकर उपयुक्त स्थानों पर डॉग फीडिंग प्वाइंट विकसित करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण ने पार्कों की नियमित साफ-सफाई और अनुरक्षण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि नागरिक सुविधाओं से जुड़ी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान कराया जाएगा।

प्राधिकरण ने बताया कि सेक्टरों में फॉगिंग कार्य गार्ड या स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में कराया जाएगा तथा कार्य पूरा होने के बाद निवासियों के हस्ताक्षर भी लिए जाएंगे। इसी प्रकार सफाई, पेड़ों की छंटाई और अन्य विकास कार्य पूर्ण होने पर भी स्थानीय लोगों से सत्यापन कराया जाएगा। सड़कों और ग्रीन बेल्ट की सफाई चरणबद्ध ढंग से कराई जाएगी।

दूसरे चरण की बैठक में नेफोमा के अध्यक्ष अन्नू खान, उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी और रश्मि पांडेय ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ट्रैफिक जाम, क्षतिग्रस्त सड़कों, अतिक्रमण और अन्य नागरिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने इन सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का आश्वासन दिया।

# भारत विकास परिषद की राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में गूंजे देशभक्ति के स्वर, जेपी पब्लिक स्कूल प्रथम

**15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां, विजेताओं को ट्रॉफी व सम्मान-पत्र प्रदान**

**समाज जाागरण संदीप गर्ग**

नोएडा। भारत विकास परिषद, नोएडा की ओर से शनिवार को सेक्टर-6 स्थित एनईए भवन में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति, अनुशासन, एकता और सामूहिक भावना का विकास करना था। कार्यक्रम में लगभग 15 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक समूहगान की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद, नोएडा के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रतियोगिता केवल प्रतिभा प्रदर्शन का मंच नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय चेतना और संस्कारों को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब अनेक स्वर एक साथ राष्ट्रभक्ति के गीत गाते हैं, तब केवल संगीत ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा भी मुखरित होती है।

उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद का उद्देश्य सेवा कार्यों के साथ समाज में संस्कार, समर्पण, सहयोग और राष्ट्रीय चेतना का प्रसार करना है। विद्यालयों के माध्यम से नई पीढ़ी में




देशप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास परिषद की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

प्रतियोगिता में जेपी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-128 ने प्रथम, उत्तराखंड पब्लिक स्कूल ने द्वितीय तथा जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यालयों को ट्रॉफी एवं सम्मान-पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा सभी प्रतिभागी विद्यालयों और विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र तथा स्मृति-उपहार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन (एनईए) के अध्यक्ष विपिन मल्हन, महासचिव वी.के. सेठ एवं अन्य पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। निर्णायक मंडल में बबीता शर्मा, सुदेश एवं नरेश ने निष्पक्ष मूल्यांकन किया।

इस अवसर पर परिषद के सचिव अखिलेश भदौरिया, संस्कार संयोजक अजय अग्रवाल, संरक्षक प्रताप मेहता, डॉ. टी.एन. गोविल, एन.के. अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक विनय शर्मा सहित परिषद के अनेक पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता और सचिव अखिलेश भदौरिया ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, विद्यालयों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने "स्वस्थ, समर्थ एवं संस्कारित भारत" के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# फूहड़ रीलों से समाज को गलत संदेश, युवा पीढ़ी संस्कार और शालीनता अपनाए : पं. राजेश अग्निहोत्री

**ग्वालियर के धार्मिक आयोजन में भागवताचार्य बोले— सोशल मीडिया का उपयोग प्रेरणादायी और सकारात्मक संदेशों के लिए करें**

**समाज जागरण**

ग्वालियर के तानसेन नगर में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में मथुरा के सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित राजेश अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर बढ़ते फूहड़ कंटेंट को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी, विशेषकर बहन-बेटियां, रील बनाने की होड़ में ऐसी सामग्री प्रस्तुत कर रही हैं जो समाज को सकारात्मक संदेश देने के बजाय गलत दिशा में ले जा सकती है।



उन्होंने कहा कि यदि रील बनानी ही है तो वह धार्मिक, प्रेरणादायी और समाजोपयोगी विषयों पर होनी चाहिए। पूजा-अर्चना, माता-पिता एवं सास-ससुर की सेवा, बच्चों को संस्कार देना, जूडो-कराटे, घुड़सवारी, वीरता, परोपकार तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे विषयों पर बनाई गई रीलें समाज में सकारात्मक प्रेरणा का माध्यम बन सकती हैं।

भागवताचार्य ने कहा कि नृत्य करना गलत नहीं है, लेकिन उसमें शालीनता और मयार्दा का पालन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति महिलाओं को शक्ति, त्याग और संस्कार का प्रतीक मानती है। मां दुर्गा, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती और पन्ना धाय जैसी महान विभूतियों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की पहचान उनके संस्कार, साहस और आदर्शों से होती है।

उन्होंने युवाओं से आत्ममंथन करने का आह्वान करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसा कोई भी कंटेंट साझा करने से पहले यह अवश्य विचार करें कि क्या उसे परिवार के सदस्य गर्व के साथ देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज रीलों की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण कई परिवारों में मतभेद और रिश्तों में दूरियां भी बढ़ रही हैं, जो चिंता का विषय है।

पंडित राजेश अग्निहोत्री ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग समाज में सकारात्मक बदलाव, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन के अंत में कहा कि यदि उनके विचार किसी को कठोर लगें तो वह पहले से ही क्षमा चाहते हैं, लेकिन समाज और परिवार के हित में सच कहना आवश्यक है।

# पटना के मनेर स्थित गोरैया स्थान में गूंजे कल्पना पटवारी के सुर भोजपुरी गीत की शूटिंग देखने उमड़ा जनसैलाब

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मनेर में प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका और अपनी सुरीली आवाज से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली कल्पना पटवारी इन दिनों मनेर में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। शनिवार को वह अपने आगामी भोजपुरी गीत की शूटिंग के सिलसिले में मनेर के ऐतिहासिक गोरैया स्थान गांव पहुंचीं। गायिका को अपने बीच पाकर स्थानीय लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।गोरैया स्थान बांध और गंगा घाट के सुरम्य परिवेश में कल्पना पटवारी ने करीब ढाई घंटे तक अपने नए भोजपुरी गीतों की शूटिंग पूरी की। शूटिंग की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे और युवा उन्हें एक झलक देखने के लिए पहुंच गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। शूटिंग के दौरान स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज से गायिका को तिलक लगाकर उनका भव्य स्वागत किया। कल्पना पटवारी ने भी प्रशंसकों को निराश नहीं किया और शूटिंग के बाद महिलाओं के साथ काफी समय बिताया तथा उनसे आत्मीयता से बातचीत की।मनेर के प्रति अपना लगाव जताते हुए कल्पना पटवारी ने कहा कि उन्हें यहाँ आने का मौका कई बार मिला है और मनेर शरीफ स्थित प्रसिद्ध दरगाह बाबा मखदूम के दरबार में उन्होंने पहले भी हाजिरी लगाई है। उन्होंने मनेर के लोगों को अत्यंत मिलनसार बताया। साथ ही, मनेर के प्रसिद्ध लिट्टी-चोखा की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज स्टार कुणाल सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि, "कुणाल सिंह जी का गृह क्षेत्र होने के नाते यह जगह मेरे लिए और भी विशेष है। इस मिट्टी पर आकर शूटिंग करना एक सुखद अनुभव है।"

मूल रूप से असम की रहने वाली कल्पना पटवारी भोजपुरी, हिंदी और आसामी सहित कई भाषाओं में अपनी आवाज का जादू बिखेर चुकी हैं। मनेर के गोरैया स्थान गांव में उनका आगमन स्थानीय निवासियों के लिए यादगार बन गया। शूटिंग स्थल पर मौजूद लोगों का कहना था कि ऐसी बड़ी हस्तियों का मनेर आना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

# पटना में ट्रैफिक पुलिस का सख्त प्रहार बिना लाइसेंस दौड़ रहे 32 ई-रिक्शा जब्त, चालकों में मचा हड़कंप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ शहर की चरमराई यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने और सड़कों पर बढ़ते जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए पटना यातायात पुलिस ने बड़ा अभियान छेड़ दिया है। पुलिस अधीक्षक (यातायात) के निर्देश पर चलाए गए एक विशेष चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 32 ई-रिक्शा को जब्त कर लिया गया। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से कारगिल चौक के पास यह विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक द्वितीय (यातायात) ने स्वयं किया। चेकिंग के दौरान पुलिस की सख्ती उन चालकों पर बरसी, जो न केवल बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे थे, बल्कि यातायात नियमों की धज्जियां भी उड़ा रहे थे। अचानक हुई इस कार्रवाई



से मौके पर मौजूद ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर लगने वाले भीषण जाम से आम जनता को राहत दिलाना है। अक्सर बिना प्रशिक्षण और लाइसेंस के ई-रिक्शा चलाने के कारण शहर में दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।

प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि बिना उचित कागजात और लाइसेंस के सड़क पर कोई भी वाहन नहीं दौड़ने दिया जाएगा। जब्त किए गए सभी 32 वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है और भारी जुमार्ना भी वसूला जाएगा। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं है। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए आने वाले दिनों में भी औचक निरीक्षण और सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस ने ई-रिक्शा मालिकों और चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी वैध कागजात पूरे रखें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के इस रुख से शहर में अवैध ई-रिक्शा संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

# मुनि राज का 59वां दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया।

समाज जागरण

फिरोजाबाद। वैज्ञानिक संत आचार्य से निर्भय सागर जी महाराज संघ सहित छदामीलाल जैन मंदिर में विराजमान है । आचार्य श्री के सानिध्य में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज का 59 वां मुनिदीक्षा स्मृति दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम जिनेंद्र देव का अभिषेक शांतिधारा की गई । शांतिधारा करने का सौभाग्य अशोक तुलसी विहार एवं मुकेश जैन सुहानगर वालों को प्राप्त हुआ । तत्पश्चात आचार्य विद्यासागर जी महाराज की संगीमय पूजन की गई। अहँ बालिका मंडल की बालिकाओं ने कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलाचरण किया। तत्पश्चात आचार्य विद्यासागर जी के चित्र का अनावरण और दीप प्रज्वलन करने का सौभाग्य चातुर्मास समिति एवं दिगंबर जैन परिषद को प्राप्त हुआ ।



धर्म सभा में अपने गुरु के प्रति उदार प्रेषित करते हुए आचार्य श्री ने कहा जिनके दीक्षा होती है उनके आगम में चर्चा और चर्या में समयसार रहता है आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने मुनियों की संयमयों की मोक्ष मार्ग पर चलने की फैक्ट्री लगाई थी। मुनि दीक्षा आत्म कल्याण और आत्मा को परमात्मा बनाने के लिए ली जाती है। आचार्य श्री ने कहा जिस प्रकार आचार्य कुंदकुंद स्वामी महाराज ने 500 शिष्य बनाकर इतिहास रचाया था उसी प्रकार आचार्य विद्यासागर जी ने 500 से अधिक शिष्य बनाकर इतिहास रचाया है। उन्होंने कहा दिगंबर मुनि को यंत्र तंत्र मंत्र की क्रिया करना नहीं पड़ता और ना ही वह मंत्र सिद्ध करते हैं बल्कि वह तो आत्मा की सिद्धि करते हैं । गुरु का नाम जपना ही मंत्र का काम करता है और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना यंत्र का काम करता है उनके चरणों की रज मिल जाना ही तंत्र का काम करता है। उन्होंने कहा आचार्य विद्यासागर जी उच्च कोटि के वीतरागी जैन संत थे। वे युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे। वे जिन शासन के मेघदूत बनकर संतों के शिरोमणि कहलाये। उन्होंने संसार सागर से जीवों को पार लगाने के लिए नौका बनकर कार्य किया। वह तेजस्वी बनकर तेज साधना करते थे। तदुपरांत मुनिश्री सुदत्तसागर जी भूदत्तसागर जी मेघदत्त सागर जी, वृषभदत्त सागर जी, वासुदत्त सागर जी एवं द्रव्य क्षुल्लक चंद्रदत्त सागर जी एवं यशोदत्त सागर जी ने अपने गुरु के प्रति विन्यांजलि समर्पित की। इसी क्रम में ब्रा.ब्र. लवली दीदी, सचिन भैया एवं समाज की श्रेष्ठ विद्वानों ने आचार्यश्री के प्रति विनय पूर्वक अपने उद्गार व्यक्त किये।

# दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा।

समाज जागरण

फिरोजाबाद। दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को टूण्डला पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी काफी समय से फरार था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने जरौली कट के पास घेराबंदी कर राहुल उर्फ भुल्ला पुत्र पहलवान सिंह निवासी जरौली खुर्द, थाना टूण्डला को दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना टूण्डला में बीएनएस की धारा 64(1), 115(2) और 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया।

# महिला को जहरीले साप ने काटा हालत बिगड़ी

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना। खेत में घास काट रही महिला को जहरीले साप ने काटा, हालत बीगड़ने पर परिजन उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे जहां



से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल को रेफर कर दिया स्थानीय मोहल्ला शाहजहीर सेनी बस्ती निवासी मूर्ति देवी 55 वर्ष पति रमेश चंद सैनी रोजमर्रा की तरह शनिवार की सुबह को लाइन पर अपने खेत मे पशुओं के लिए घास काटने गई थी, घास काटते वक्त मूर्ति सैनी को किसी जहरीले सांप ने काट लिया, कुछ देर बाद मुर्ती देवी की हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मूर्ति देवी को चिंता जनक हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सर्प डंस की घटना से मूर्ति देवी के परिवार में कोहराम मचा है।

# सीएम के दौरे पर ज्ञापन देने जा रहे सपा नेता फिरोज खान हाउस अरेस्ट

समाज जागरण

संभल।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार को संभल आगमन के दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फीरोज खान को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। फीरोज खान ज्ञापन देने जा रहे थे।

हाउस अरेस्ट के बाद फीरोज खान ने हयातनगर थाना इंस्पेक्टर को 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया है।



ज्ञापन में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने, मीट एक्सपोर्ट बंद करने, मस्जिद-मजारों पर बुलडोजर कार्रवाई रोकने की मांग की गई है। इसके साथ ही संभल में कल्कि नगरी के नाम पर आए धन से तोता-मैना की कब्र, चोरों का कुआं और फिरोजपुर किले के सौंदर्यकरण की मांग उठाई गई।

ज्ञापन में किसानों को खाद उपलब्ध कराने, बारिश से फसल नुकसान का मुआवजा देने, संभल-गजरौला रेल लाइन विस्तार, संभल में तीन दिन डीएम एसपी की मौजूदगी और राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की भी मांग की गई है।

ज्ञापन देने वालों में रामरहीस यादव, जबर सिंह यादव, वसीम खान, साद आदिल, सुहैल अली, जीशान खान, शमशेर अली, पवन यादव, मोनिस, गुलाम मुस्तफा, जाहिद खान, अजमत, अमरपाल और गौरव शामिल रहे।

# तकनीकी टीम गठित कर निर्माण कार्य की विस्तृत जांच कराने के लिए मुख्य विकास अधिकारी को दिए निर्देश।

## तय समय-सीमा (जनवरी 2027) के भीतर हर हाल में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने की हिदायत, मजदूरों की संख्या बढ़ाने के दिए आदेश।

समाज जागरण

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज 'मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय, पुल खड़ीत एका' के निर्माण कार्य का स्थलीय और औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, उप जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि 28.2 हेक्टेयर में बन रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना (कुल लागत 24 करोड़ 19 लाख) का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। कार्य की शुरूआत जुलाई 2025 में हुई थी और इसे जनवरी 2027 तक पूर्ण किया जाना है, लेकिन वर्तमान प्रगति को देखते हुए जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।

मौके पर भवन निर्माण की फिनिशिंग सही नहीं पाई गई। सबसे गंभीर लापरवाही यह मिली कि निर्माण में जंग लगी हुई सरिया का उपयोग किया जा रहा था, जिससे कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब स्तर की पायी गई। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद इंजीनियर को कड़ी फटकार लगाई।

जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि तत्काल एक विशेषज्ञ तकनीकी टीम का गठन किया जाए और पूरे निर्माण कार्य की बारीकी से तकनीकी जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में बच्चों के लिए पेयजल (साफ पानी) की व्यवस्था और खेल के मैदान (प्लेग्राउंड) के विकास को लेकर भी विस्तृत पूछताछ की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खेल मैदान और पानी की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था और संबंधित अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि-"शासकीय योजनाओं और बच्चों के भविष्य से जुड़े निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जंग लगी सरिया का इस्तेमाल और खराब फिनिशिंग बेहद गंभीर मामला है। ठेकेदार और कार्यदायी संस्था तुरंत मजदूरों की संख्या बढ़ाएं और दिन-रात काम लगाकर तय समय-सीमा (जनवरी 2027) के भीतर मानक के अनुसार कार्य पूर्ण करें। यदि दोबारा जांच में गुणवत्ता खराब मिली, तो संबंधित के खिलाफ कठोरतम वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।"

# साइबर ठगी के वांछित आरोपी को दबोचा, पुलिस ने मोबाइल और नकदी बरामद की

**साइबर वज्र अभियान के तहत अरांव पुलिस की कार्रवाई, मैनपुरी निवासी आरोपी भारौल बाईपास से गिरफ्तार।**

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे साइबर वज्र अभियान के तहत अरांव थाना पुलिस ने साइबर ठगी के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन और 2,940 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (साइबर क्राइम) राजेश गुनावत के पर्यवेक्षण में पुलिस ने यह कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने भारौल बाईपास तिराहे से रामकिशोर निवासी ग्राम कोसोन, थाना घिरोर, जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना अरांव में साइबर ठगी से संबंधित मुकदमा दर्ज है। उसके पास से टेक्नो स्पार्क ॠ1 मोबाइल फोन और 2,940 रुपये नकद बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

# एसडीएम और सीओ ने सुनीं जनसमस्याएं, 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नजीबाबाद शासन के निर्देश पर शुक्रवार 18 जुलाई को नजीबाबाद तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।



संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार और पुलिस क्षेत्राधिकारी आकांक्षा गौतम ने सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसील परिसर में जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश भी दिए।

तहसील परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में तहसीलदार संतोष कुमार, नायब तहसीलदार ममता यादव और बीडीओ दीपक कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 22 जन समस्याएं प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व से संबंधित 4, पुलिस से संबंधित 6, समाज कल्याण से संबंधित 1, विकास से संबंधित 2 और अन्य 9 शिकायतें शामिल थीं। प्राप्त शिकायतों में से 1 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार हर माह होने वाले इस समाधान दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को एक ही मंच पर सुनकर उनका समाधान करना है।

# मिशन शक्ति टीम द्वारा सार्वजनिक स्थलो पर महिलाओ एंव बालिकाओ को जागरूक किया गया

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना हीमपुर दीपा, जनपद बिजनौर की मिशन शक्ति टीम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान बाल विवाह मुक्त अभियान, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे-विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान के संबंध में जागरूक किया गया।



कार्यक्रम के दौरान वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवाएं-102 एवं 108, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूकता संबंधी पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही संबंधित नोडल अधिकारियों के संपर्क विवरण उपलब्ध कराते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को आवश्यकता पड़ने पर निर्भीक होकर इन सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

# पटना वासियों के लिए जरूरी खबर लंबित ई-चालान का समय पर करें भुगतान, कानूनी कार्रवाई से बचें

समाज जागरण पटना जिला
संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ यदि आप पटना की सड़कों पर वाहन चलाते हैं और अनजाने में आपसे यातायात नियमों का उल्लंघन हुआ है, तो सावधान हो जाएं। पटना यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने लंबित ई-चालान का भुगतान अविलंब सुनिश्चित करें। समय पर चालान न भरने की स्थिति में वाहन मालिकों को भविष्य में कोर्ट के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, पटना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक (यातायात) कार्यालय में एक विशेष 'ई-चालान सेल' सक्रिय किया है। भुगतान प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने के लिए यहां काउंटरों की संख्या बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। अब शहरवासी बेहद कम समय में अपनी बकाया चालान राशि जमा कर सकते हैं।चालान भुगतान के लिए आप पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय (पुलिस ऑफिस), गांधी मैदान गेट नंबर 5 के सामने, पटना पर जाकर संपर्क कर सकते हैं।



यातायात पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अब सख्ती से नकेल कसी जाएगी। पुलिस का मुख्य उद्देश्य केवल जुमार्ना वसूलना नहीं, बल्कि शहर को सुरक्षित और जाम-मुक्त बनाना है। विभाग ने सभी वाहन चालकों से आग्रह किया है कि वे बिना किसी देरी के अपने बकाए का निपटारा करें और यातायात नियमों का पालन कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। सुरक्षित चलें और पटना को जाम-मुक्त बनाने में अपना योगदान दें।

# डीएम, एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया स्कूल चलो अभियान रैली को रवाना।

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद । सरकारी एवं सहायता प्राप्त स्कूलों में विद्यार्थियों की नामांकन दर बढ़ाने और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य जसराना में स्कूल चलो रैली का आयोजन किया गया। विशेष नामांकन अभियान के तहत निकाली गई रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे और जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया।




राजकीय बालिका इंटर कालेज से शुरू होकर रैली तहसील तक पहुंची। रैली में राजकीय बालिका इंटर कालेज के साथ ही लोक राष्ट्रीय इंटर कालेज, आदर्श जनता इंटर कालेज के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली के दौरान अधिकारियों एवं अध्यापकों और बच्चों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को विद्यालय मे नामांकन कराने हेतु अपील की गयी। रैली के दौरान जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मौजूद बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए सभी से पढ़ते हुए अपने विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। शिक्षकों और अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और इस विशेष नामांकन अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जाए। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में बैनर, स्लोगन पट्टीका और पेंटिंग लेकर क्षेत्र के अभिभावकों को अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया।

# स्मार्ट रोड में हो रही धांधली को लेकर राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने अपर नगर आयुक्त को सोपा ज्ञापन।

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। संगठन द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीकांत उपाध्याय की अध्यक्षता में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश नामित नगर आयुक्त नगर निगम की गैर मौजूदगी में अपर नगर आयुक्त को दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से उनको अवगत कराया है। कि उट ग्रिड योजना 23-24 के अंतर्गत लगभग 18.80 करोड़ की लागत से कार्यदायी संस्था प्रीति बिल्डकॉन प्रा. लि. द्वारा थाना रसूलपुर से नाले तक स्मार्ट रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।



उक्त निर्माण कार्य में स्थानीय नागरिकों एवं राष्ट्रीय युवा वाहिनी के पदाधिकारियों द्वारा लगातार यह शिकायत प्राप्त हो रही है कि निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं बरती जा रही हैं। निर्माण में घटिया एवं मानकों के विपरीत सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है, जिससे आम जनता को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह कार्य अपूर्ण छोड़ दिए गए, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है तथा व्यापारियों एवं स्थानीय निवासियों का जानबूझकर आर्थिक एवं सामाजिक नुकसान किया जा रहा है अतः जनहित में आपसे निम्नलिखित मांगें की जाती हैं।

1. उक्त निर्माण कार्य की किसी स्वतंत्र एवं सक्षम तकनीकी एजेंसी से निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर कार्यदायी संस्था प्रीति बिल्डकॉन प्रा. लि. के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए एवं भारी आर्थिक दंड लगाया जाए।
2. जनता के हित को ध्यान में रखते हुए उक्त निर्माण कार्य किसी अन्य योग्य एवं सक्षम संस्था से शीघ्र पूर्ण कराया जाए।
3. निर्माण में प्रयुक्त समस्त घटिया सामग्री व क्षतिग्रस्त सामिग्री को तत्काल हटाकर भारतीय मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता की सामग्री से पुनः निर्माण कराया जाए।
4. कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण अब तक जनता को हुए आर्थिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक नुकसान का आकलन कर उसकी भरपाई संबंधित संस्था से कराई जाए।
5. जांच पूर्ण होने तक निर्माण कार्य की नियमित तकनीकी निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

ज्ञापन में मनीष शर्मा, अमित कुशवाह , आरिफ खान, अकरम परवेज, गौरव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# श्रावण कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों का डीएम-एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण, सुरक्षा व सुविधाओं के दिए निर्देश

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा आगामी श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के बिजनौर, चांदपुर, नूरपुर, नहटौर तथा फुलसंदा-पैजनियां कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, यातायात, विद्युत, सड़क एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, बिजनौर एवं धामपुर को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी ट्रांसफार्मरों एवं विद्युत पोलों की बैरिकेडिंग एवं फेसिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर जहां कहीं भी सड़कें क्षतिग्रस्त हैं अथवा गड्ढे हैं, उन्हें तत्काल भरवाकर मार्ग को पूरी तरह समतल एवं सुरक्षित बनाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा मार्ग के किनारे उगे भांग के पौधों की तत्काल कटाई कराई जाए तथा मार्ग की नियमित साफ-सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिरासत से फरार हुआ किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोपी दोबारा गिरफ्तार

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नजीबाबाद मंडावली थाना क्षेत्र से पुलिस हिरासत से फरार हुए किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को दोबारा गिरफ्तार कर लिया।

नजीबाबाद की क्षेत्राधिकारी आकांक्षा गौतम ने बताया कि मंडावली थाना क्षेत्र के ननिहाल गांव की एक किशोरी कुछ दिन पहले अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। किशोरी के परिजनों ने हरिद्वार, उत्तराखंड के लक्सर थाना क्षेत्र के भोगपुर निवासी नितिन कश्यप के खिलाफ मंडावली थाने में मुकदमा संख्या 75/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कराया था।

पुलिस ने किशोरी को बरामद कर अदालत में बयान दर्ज कराने के लिए भेजा था। इसी दौरान आरोपी नितिन कश्यप को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। बृहस्पतिवार को आरोपी पुलिस को चकमा देकर मंडावली थाने से फरार हो गया था। उसकी तलाश के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई थीं। मंडावली थाना पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार को फरार आरोपी को दोबारा गिरफ्तार कर लिया। पुलिस हिरासत से आरोपी के फरार होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

सीओ आकांक्षा गौतम ने बताया कि पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 7 बिछड़े परिवार फिर हुए एक, 21 मामलों का निस्तारण

समाज जागरण

संभल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक थानाध्यक्ष डा0 रूकमपाल सिंह अध्यक्षता में महिला थाना बहजोई में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। दौरान काउंसलिंग कुल 74 पत्रावलियों को सुनकर 21 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। काउंसलिग में दोनों पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर 07 परिवारों को मिलाया गया एवं 02 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई तथा 12 पत्रावलियों पर आवेदिका/आवेदक द्वारा काउंसलिंग में उपस्थित न होने व बल न दिये जाने के कारण बन्द किया गया। इस अवसर पर काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, श्वेता गुप्ता, बबिता शर्मा , सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक, म0कां0 ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

# कैराना में डीएम–एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

– संपूर्ण समाधान दिवस में 28 शिकायतों में से तीन का मौके पर निस्तारण



सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम आलोक यादव व एसपी एनपी सिंह ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

**समाज जागरण**

कैराना। (फुरकान जंग) तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर 28 शिकायती पत्रों में से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने शेष शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। चेताया कि लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम आलोक यादव व एसपी एनपी सिंह ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान राजस्व, पुलिस, विकास तथा अन्य विभागों से संबंधित कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। वहीं, एसपी एनपी सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम शिवाजी यादव, सीओ हेमंत कुमार, तह सीलदार अर्जुन सिंह चौहान, नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# डेयरी दुकान की चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार; नकदी और चाकू बरामद

**समाज जागरण**
झिंझाना। (फुरकान जंग)



थाना क्षेत्र के बिडौली पुल के नीचे स्थित वासु डेयरी की दुकान के गल्ले से हुई चोरी की घटना का झिंझाना पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 7,100 रुपये नकद तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार करीब एक सप्ताह पूर्व अज्ञात चोर ने बिडौली पुल के नीचे स्थित वासु डेयरी की दुकान के गल्ले से नकदी चोरी कर ली थी। मामले में थाना झिंझाना पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने निर्देश दिए थे। इन्हीं निर्देशों के क्रम में चोरी और लूट की घटनाओं में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत झिंझाना पुलिस ने जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी राशिद उर्फ ठाकुर पुत्र इसराइल निवासी ग्राम अजीजपुर, थाना झिंझाना, जनपद शामली को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से चोरी की गई 7,100 रुपये की नकदी तथा एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अपराध में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# मालखाने में जमा निरस्त लाइसेंसी पिस्टल गायब, निलंबित हेड कांस्टेबल पर मुकदमा

**समाज जागरण**
कांधला। (फुरकान जंग)



थाना के मालखाने में जमा एक निरस्त लाइसेंसी पिस्टल के गायब होने का मामला सामने आने पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मेरठ की मवाना पुलिस द्वारा एक आरोपी से बरामद पिस्टल की जांच के दौरान खुलासा होने पर पुलिस ने निलंबित हेड कांस्टेबल अमित कुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि थाना मवाना, जनपद मेरठ से प्राप्त सूचना के आधार पर जांच की गई। जांच में पता चला कि फैक्ट्री मेड पिस्टल संख्या-185207 का लाइसेंस वर्ष 2020 में जिलाधिकारी शामली द्वारा निरस्त कर दिया गया था। लाइसेंसधारक शाबिर जंग निवासी मोहल्ला गुजरान, कांधला ने 22 अगस्त 2020 को उक्त पिस्टल थाना कांधला में जमा करा दी थी, जिसकी मालखाने में दाखिल होने की प्रविष्टि भी रोजनामचे में दर्ज मिली। हालांकि, पिस्टल को मालखाने से रिलीज किए जाने संबंधी कोई अभिलेख या आदेश नहीं मिला। पुलिस ने लाइसेंस धारक शाबिर जंग से संपर्क किया तो उन्होंने भी पुष्टि की कि लाइसेंस निरस्त होने के बाद उन्होंने पिस्टल पुलिस के सुपुर्द कर दी थी। जांच के दौरान सामने आया कि थाना मवाना पुलिस ने जिस पिस्टल को आरोपी केशु यादव निवासी ग्राम मटौरा से बरामद किया, उसका नंबर मालखाने में जमा इसी पिस्टल से मेल खाता है। प्राथमिक जांच में आरोप है कि मालखाना प्रभारी एवं वर्तमान में निलंबित हेड कांस्टेबल अमित कुमार ने अपनी अभिरक्षा में रखी गई पिस्टल को अपने तहेरे भाई केशु यादव को दे दिया। वहीं, मालखाने में रखे अन्य हथियारों और कारतूसों का सत्यापन भी तत्काल नहीं हो सका। पुलिस के अनुसार संबंधित माल रजिस्टर पर ताला लगा मिला और उसकी चाबी भी अमित कुमार के पास बताई गई। इस बीच पुलिस लाइन में आमद के बावजूद अमित कुमार के अनुपस्थित पाए जाने की भी जानकारी मिली। प्रभारी निरीक्षक की तहरीर के आधार पर निलंबित हेड कांस्टेबल अमित कुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है तथा मालखाने में रखे अन्य शस्त्रों और अभिलेखों का भी सत्यापन कराया जा रहा है।

# नीट-यूजी में कांधला के प्रियांश सैनी का कमाल, 614 अंक हासिल कर देशभर में पाई 6286वीं रैंक

**समाज जागरण**
कांधला। (फुरकान जंग)



कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी प्रियांश सैनी ने नीट-यूजी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 750 में से 614 अंक प्राप्त किए हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने देशभर में 6286वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रियांश सैनी, घनश्याम सैनी के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सदस्यों को दिया। प्रियांश ने बताया कि उन्होंने नीट-यूजी की तैयारी मुख्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से की। नियमित अध्ययन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास उनकी सफलता का प्रमुख आधार रहा। प्रियांश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कांधला से प्राप्त की। इसके बाद हाईस्कूल की पढ़ाई सेंट आर.सी. कॉलेज, शामली से तथा इंटरमीडिएट की शिक्षा देहरादून से पूरी की। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। परिजनों के अनुसार प्रियांश शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। मोहल्लावासियों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने प्रियांश को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मादक पदार्थ बेचने के आरोप में पहले हो चुके हैं निलंबित

**समाज जागरण कांधला।**

थाने के मालखाना प्रभारी रहे हेड कांस्टेबल अमित यादव का नाम इससे पहले भी गंभीर आरोपों में सामने आ चुका है। जानकारी के अनुसार अमित यादव कई माह से थाने में मालखाना प्रभारी के पद पर तैनात रहे थे। बताया जाता है कि मुजफ्फरनगर पुलिस ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव दुर्गनपुर खेड़ा निवासी होमगार्ड गोविंद को उसके दो साथियों सहित मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी होमगार्ड ने पुलिस को बताया था कि बरामद मादक पदार्थ उसे कांधला थाने के मालखाना प्रभारी अमित यादव ने बेचने के लिए दिया था। आरोप सामने आने के बाद मामले की जांच कराई गई। जांच के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने अमित यादव को निलंबित कर दिया था। खबर लिखे जाने तक पुलिस की ओर से कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई।

# न्यायालयों ने आठ दोषियों को सुनाई सजा

**समाज जागरण**

कैराना। न्यायालयों ने छह अलग-अलग मामलों में आठ दोषियों को सजा सुनाई है। कांधला थाने में वर्ष 2025 में दर्ज चोरी के मुकदमे में मोहल्ला शेखजादगान निवासी नवीन को सिविल जज सीनियर डिवीजन/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोषी ठहराते हुए 10 माह सात दिन के कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। झिंझाना थाने में गांव पावटीकलां निवासी शाकिर उर्फ हाकिर के विरुद्ध अवैध हथियार बरामदगी और चोरी से संबंधित दो मुकदमों में भी फैसला सुनाया गया। न्यायालय ने दोनों मामलों में दोषी 11 माह सात दिन के कारावास तथा कुल एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इनके अलावा आदर्शमंडी थाना क्षेत्र के वर्ष 2025 के चोरी के एक मामले में गांव सिक्का निवासी आबाद को सात माह 11 दिन के कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। शामली कोतवाली में दर्ज लूट के मामले में जनपद बागपत के बड़ौत की कांशीराम कॉलोनी निवासी चांद, तरुण और गोलू उर्फ हर्षित तथा बागपत के गौरपुर निवासी दीपक को दोषी करार दिया गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने चांद व दीपक को दो वर्ष पांच माह 17 दिन तथा तरुण व गोलू उर्फ हर्षित को दो वर्ष चार माह 10 दिन के कारावास की सजा सुनाई। चारों दोषियों पर तीन-तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। वहीं, कैराना कोतवाली में संक्रमण फैलाने से संबंधित दर्ज मुकदमे में गांव दभेड़ीखुर्द निवासी समद को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने न्यायालय उठने तक की सजा तथा एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चलाया इंटर कॉलेज सदस्यता अभियान

**समाज जागरण**



चन्दौसी/ सम्भल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा 15 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रदेशभर में इंटर कॉलेज सदस्यता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर इकाई चन्दौसी द्वारा राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, चन्दौसी में सदस्यता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्यता ग्रहण करते हुए राष्ट्र निर्माण एवं छात्र हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। परिषद कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को संगठन की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला संयोजक अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, राष्ट्रहित एवं छात्र हितों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करता है। अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परिषद से जुड़कर राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा का सहभागी बनना चाहिए।

नगर मंत्री आशीष ने कहा कि सदस्यता अभियान केवल संगठन का विस्तार नहीं, बल्कि जागरूक, जिम्मेदार एवं राष्ट्रभक्त छात्र शक्ति के निर्माण का अभियान है। इस सदस्यता अभियान में जिला संयोजक अखिलेश श्रीवास्तव, नगर मंत्री आशीष, शोएब, विराट यादव, अरुण सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में युवक पर पंच से हमला, कर किया घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव नाला में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर पंच से हमला कर उसे घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, कस्बे के मोहल्ला गुजरान में भी मारपीट का एक मामला सामने आया है। पुलिस दोनों प्रकरणों की जांच में जुटी है।
गांव नाला निवासी पंपोज पुत्र चेनपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पड़ोसी पुरानी रंजिश रखता है। आरोप है कि वह गली से गुजर रहा था, तभी आरोपी ने उसे रोक लिया और हाथ में पहने पंच से कई वार कर घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। घायल ने अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर कस्बे के मोहल्ला गुजरान निवासी टीटू पुत्र प्रताप ने भी एक व्यक्ति पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। थाना पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर महिला की गई जान युवक घायल

**समाज जागरण**



बबराला थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे हादसे का शिकार हो गए। गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई, जबकि बेटा प्राथमिक उपचार के बाद घर लौट आया। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव कैल की मढ़ैया निवासी योगेश अपनी 50 वर्षीय मां सत्यवती को बबराला नगर से दवा दिलाकर बाइक से घर वापस ले जा रहा था। दोपहर करीब 12:40 बजे गांव कैल के पास हाईवे पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने दोनों को तत्काल निजी वाहन से बबराला के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने सत्यवती की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं योगेश का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे घर भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में परिजन महिला के शव को थाने लेकर पहुंचे, जहां पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस फरार बस चालक की तलाश के साथ ही मामले की जांच में जुटी हुई है।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या, प्रेमिका के चचेरे भाई सहित 3 पर हत्या का आरोप

**पवांसा/समाज जागरण**



संभल। पवांसा/कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर में पुरानी रंजिश को लेकर और प्रेम प्रसंग के चलते एक शादीशुदा युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक को उपचार को ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। परिजनों ने प्रेमिका के चचेरे भाई, पिता और ट्यूबवेल स्वामी सहित 3 लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव कमालपुर निवासी 26 वर्ष उदयवीर पुत्र अतरपालसिंह खेती करता था। उसका 5 माह का एक मासूम बच्चा भी है। बताया जा रहा है कि उदयवीर का राजपुर थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित एक गांव की युवती से करीब 5 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती की डेढ़ साल पहले शादी भी हो गई थी। इसके बाद भी दोनों के बीच बातचीत जारी रही हुई। करीब 1 साल पहले दोनों पक्षों के बीच पंचायत भी हुई
परिजनों के अनुसार शनिवार सुबह करीब 6 बजे ट्यूबवेल स्वामी ने धान की सिंचाई के लिए उदयवीर के पास फोन आया। उदयवीर बाइक से अपने खेत की सिंचाई के लिए निकल गया। दोनों के खेत बराबर में हैं और वह उसी किसान के ट्यूबवेल से सिंचाई करता था।
करीब 2 घंटे बाद ट्यूबवेल स्वामी ने दोबारा फोन कर परिजनों को उदयवीर की पिटाई की सूचना दी। मौके पर पहुंची उदयवीर की बहन गीता ने बताया कि हमलावरों ने धनकुट्टे से हमला कर उदयवीर की हत्या कर दी।
गीता ने आरोप लगाया कि इस घटना को युवती के चचेरे भाई, उसके पिता और ट्यूबवेल स्वामी ने मिलकर अंजाम दिया है। सूचना पर पुलिस और अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

# मुख्यमंत्री के समक्ष पूर्व मंत्री राजू यादव ने उठाए जनहित के दो बड़े मुद्दे

## गुन्नौर में एसीजेएम कोर्ट की स्थापना और बढ़ाए गए बिजली लोड कम कराने की मांग, बहजोई आगमन पर सौंपे मांगपत्र

**समाज जागरण**

बबराला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बहजोई आगमन के अवसर पर पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उन्हें दो अलग-अलग मांगपत्र सौंपे। इन मांगपत्रों में गुन्नौर तहसील में अपर मुख्य दण्डाधिकारी (एसीजेएम) न्यायालय की स्थापना तथा लो वोल्टेज की समस्या के कारण उपभोक्ताओं के बढ़ाए जा रहे विद्युत भार को कम कराने की मांग की गई। पूर्व मंत्री ने कहा कि दोनों विषय सीधे तौर पर क्षेत्र के लाखों लोगों की सुविधा और जनहित से जुड़े हैं। राजू यादव ने मुख्यमंत्री को दिए पहले मांगपत्र में कहा कि वर्तमान में गुन्नौर तहसील के लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए चन्दौसी स्थित न्यायालय जाना पड़ता है। इससे आम लोगों को समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि उठानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि गुन्नौर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव द्वारा इस संबंध में भी मांग की गई है। न्याय विभाग की आवश्यकता के अनुरूप न्यायालय भवन का निर्माण कराया जा चुका है तथा एसीजेएम कोर्ट की स्थापना से जुड़ी सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर प्रस्ताव उच्च न्यायालय को भेजा जा चुका है। ऐसे में अब केवल शासन स्तर पर निर्णय लिया जाना शेष है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि क्षेत्रवासियों को सस्ता, सुलभ और समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराने तथा अधिवक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए गुन्नौर तहसील में शीघ्र एसीजेएम न्यायालय का सृजन कराया जाए। उनका कहना था कि न्यायालय की स्थापना होने से गुन्नौर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों वादकारियों को बड़ी राहत मिलेगी। दूसरे मांगपत्र में पूर्व मंत्री ने गुन्नौर क्षेत्र में लंबे समय से बनी हुई लो वोल्टेज की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विद्युत लाइनों के रखरखाव और आपूर्ति व्यवस्था में कमियों के कारण उपभोक्ताओं को अक्सर कम वोल्टेज की बिजली मिलती है। ऐसी स्थिति में बिजली का सामान्य उपयोग करने पर मीटर में डिमांड अधिक दर्ज हो जाती है, जिसके आधार पर विभाग द्वारा उपभोक्ताओं का स्वीकृत विद्युत भार बढ़ा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश उपभोक्ता अपने स्वीकृत लोड के अनुरूप ही बिजली का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन तकनीकी खामियों और लो वोल्टेज की समस्या का खामियाजा उन्हें अतिरिक्त भार और बढ़े हुए बिल के रूप में भुगतना पड़ रहा है। इससे आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और कई लोग समय पर बिजली बिल जमा करने में भी कठिनाई महसूस कर रहे हैं। राजू यादव ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि गुन्नौर क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से देखते हुए विभाग द्वारा बढ़ाए गए विद्युत भार को कम कराने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और लो वोल्टेज की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जाएं। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र की समस्याओं को शासन तक पहुंचाना उनका दायित्व है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दोनों महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान करेंगे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्भल को ₹568.989 करोड़ की 66 विकास परियोजनाओं की दी सौगात

**समाज जागरण**



बहजोई/सम्भल। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहजोई स्थित इंटीग्रेटेड मुख्यालय भवन परिसर में आयोजित जनसभा के दौरान सम्भल जनपद को ₹568.989 करोड़ की 66 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने ₹68.966 करोड़ की 12 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा ₹500.023 करोड़ की 54 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण से की और विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने चन्दौसी में भगवान श्री गणेश की 145 फीट तथा भगवान श्रीराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमाओं का वर्चुअल अनावरण भी किया। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सम्भल की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत, 68 प्राचीन तीर्थों, 19 महाकूपों और 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क, रेल और हवाई संपर्क से क्षेत्र के विकास और रोजगार को नई गति मिलेगी। साथ ही भूमाफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई, गरीबों के लिए आवास, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना तथा किसानों के हित में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
कार्यक्रम में राज्य मंत्री गुलाब देवी, प्रभारी मंत्री जे.पी.एस. राठौर, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, जनप्रतिनिधि एवं

प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बर्धमार नदी किनारे रोटरी क्लब बबराला गंगा का वृहद पौधरोपण अभियान, 651 पौधे रोपे

**समाज जागरण**

बबराला पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के उद्देश्य से रोटरी क्लब बबराला गंगा की ओर से शनिवार को बर्धमार नदी किनारे वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पायल गौर के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के दौरान 651 पीपल, नीम सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। अभियान में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।
कार्यक्रम का शुभारंभ भूमि पूजन कर किया गया। इस अवसर पर गवर्नर पायल गौर ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और लगातार घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व बन चुका है। उन्होंने कहा कि एक पौधा अनेक पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, छाया और जीवन प्रदान करता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किए हुए है। इसी उद्देश्य से बर्धमार नदी के किनारे बड़े स्तर पर पौधरोपण किया गया है, जिससे भविष्य में यह क्षेत्र और अधिक हराभरा बने तथा पर्यावरण संतुलन को मजबूती मिले। कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि पीपल, नीम तथा विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का चयन पर्यावरणीय दृष्टि से किया गया है। ये पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध बनाने में सहायक होंगे, बल्कि जैव विविधता को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को छाया व प्राकृतिक लाभ भी प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का भी संकल्प लेने का आह्वान किया। पौधरोपण अभियान में क्लब अध्यक्ष पूजा गोयल, सचिव एकता द्विवेदी, अतुल गोयल उर्फ भोला, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. राहुल यादव, डॉ. सुधींद्र शर्मा, डॉ. एन.पी. यादव, विजय गोयल, सुरेश गुप्ता, कार्तिक गोयल सहित रोटरी क्लब के अनेक सदस्य एवं पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने संदेश दिया कि यदि प्रत्येक नागरिक प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है। रोटरी क्लब बबराला गंगा ने भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियान निरंतर चलाने का संकल्प व्यक्त किया।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बागपत ने शुरू किया तीन दिवसीय प्रथमोपचार एवं सीपीआर प्रशिक्षण

### शिक्षकों को दिया गया जीवनरक्षक कौशल का सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण




**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जनपद शाखा, बागपत द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय, बागपत के सीएमएस मीटिंग हॉल में शिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रथमोपचार एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार यादव और रेड क्रॉस के सचिव अभिमन्यु गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसभापति हंसराज गुप्ता ने की। अपने संबोधन में डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर का ज्ञान प्रत्येक नागरिक, विशेषकर शिक्षकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। किसी भी आपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुँचने से पहले के कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि उस समय प्रशिक्षित व्यक्ति सही तरीके से सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार प्रदान करे, तो अनेक अमूल्य जीवन बचाए जा सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार यादव ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के संवाहक नहीं, बल्कि समाज के पथप्रदर्शक भी हैं। ऐसे प्रशिक्षण शिक्षकों को विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ समाज में जागरूकता फैलाने के लिए भी सक्षम बनाते हैं।भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जनपद शाखा, बागपत के सचिव अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि रेड क्रॉस का मूल उद्देश्य मानवता की निस्वार्थ सेवा है। प्रथमोपचार एवं सीपीआर का प्रशिक्षण केवल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में किसी व्यक्ति का जीवन बचाने की जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। उन्होंने प्रतिभागियों से इस ज्ञान को अपने विद्यालयों एवं समाज तक पहुँचाने का आह्वान किया। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा का सशक्त माध्यम है। यदि प्रत्येक शिक्षक इस जीवनरक्षक कौशल में प्रशिक्षित हो, तो विद्यालयों सहित समाज में अनेक अमूल्य जीवन बचाए जा सकते हैं। मुख्य प्रशिक्षक सुश्री आरती ने प्रतिभागियों को प्रथम उपचार एवं सीपीआर का विस्तृत सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में सही तकनीक से सीपीआर देना, श्वास मार्ग को सुरक्षित रखना, रक्तस्राव को नियंत्रित करना, घुटन, बेहोशी, फ्रैक्चर एवं अन्य प्राथमिक उपचार की वीडियो का लाइव प्रदर्शन कर शिक्षकों को अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में घबराने के बजाय सही प्रशिक्षण और त्वरित निर्णय ही किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकता है। प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जीवन रक्षक तकनीक का व्यावहारिक अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सत्यवीर सिंह, प्रधानाचार्य नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज पिलाना ने किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मयंक गोयल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य जनपद के शिक्षकों को जीवनरक्षक कौशल से प्रशिक्षित करना है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे आत्मविश्वास के साथ प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर प्रदान कर सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकगण, शिक्षा विभाग, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी आशुतोष मित्तल, अमन गोयल एवं जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी दो दिनों तक जारी रहेगा।

# डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल बागपत में भव्य निवेशिता समारोह का आयोजन

### नए हेड बॉय-हेड गर्ल सहित हाउस कैप्टनों को बैज और सैश प्रदान कर सौंपी जिम्मेदारियां

**समाज जागरण बागपत।**



डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल बागपत में शनिवार को निवेशिता समारोह 2026-27 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का मुख्य आकर्षण स्कूल के नए पदाधिकारियों का निवेश रहा। प्रतीक को हेड बॉय और शिवांगी को हेड गर्ल के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्हें बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जूनियर हेड बॉय भव्यांश, जूनियर हेड गर्ल खुशी सैनी, स्पोर्ट्स कैप्टन रुद्र प्रताप चौहान, स्कूल फ्रेंड सृष्टि और स्कूल समाचार संवाददाता धानी चौहान को भी बैज व सैश प्रदान किए गए। चारों हाउस के कैप्टन और वाइस कैप्टन भी चुने गए। दयानंद हाउस से निकिता कैप्टन व कार्तिक त्यागी वाइस कैप्टन, हंसराज हाउस से देव सोनी कैप्टन व परी तँवर वाइस कैप्टन, श्रद्धानंद हाउस से वंशिका कैप्टन व अंशिका नामदेव वाइस कैप्टन तथा विरजानंद हाउस से श्रद्धा कैप्टन व सत्यम वाइस कैप्टन रहे।समारोह की शुरूआत संस्था के प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने नेतृत्व और जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। नए पदाधिकारियों ने शपथ लेकर विद्यालय के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया। पूर्व पदाधिकारियों ने अपने बैज और सैश नए पदाधिकारियों को सौंपकर नेतृत्व का सुचारू हस्तांतरण किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# तुगाना के चेतन फार्म हाउस पर भाजपा किसान मोर्चा का विशाल किसान सम्मेलन आयोजित

### देवेंद्र चौधरी बोले - योगी के नेतृत्व में यूपी से गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार हुआ खत्म, योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा

**समाज जागरण बड़ौत।**




बड़ौत तहसील क्षेत्र के तुगाना गांव स्थित चेतन फार्म हाउस पर शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा का किसान सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में सतेंद्र सिंह तुगाना ने किया। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। मंच पर क्षेत्रीय अध्यक्ष नबाब सिंह नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, प्रदेश मंत्री यतेन्द्र शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजेन्द्र गुज्जर, पूर्व विधायक चौधरी साहब सिंह, पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित, सहेन्द्र सिंह रमाला व वरिष्ठ भाजपा नेता शौकेंद्र खोखर बदरखा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट भूपेंद्र वसिष्ठ ने किया जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा ने की। दूर-दराज से आए भाजपा कार्य कताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश से गुंडागर्दी का सफाया हो चुका है। भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं सभी वर्गों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी और रिश्वतखोरी को समाप्त करने का काम हुआ है। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता शौकेंद्र खोखर बदरखा, सरिता चौधरी, धर्मेंद्र प्रधान, संजीव खोखर, राजीव पंडित, पारुल चौधरी, आलोक शर्मा, आलोक शास्त्री, संजीव ठेकेदार सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में पहुंची भारतीय किसान यूनियन अखंड की टीम , जनसमस्याओं पर डीएम से हुई विस्तृत वार्ता

### जर्जर पुलिया के निर्माण, बिजली की समस्याओं और नगर पालिका की शिकायतों के निस्तारण की मांग

**समाज जागरण बागपत।**




भारतीय किसान यूनियन अखंड की टीम तहसील दिवस में पहुंची और 6 जुलाई को दिए गए विभिन्न ज्ञापनों पर जिलाधिकारी से विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में सबसे पहले श्रीपाल मेंबर की नगर पालिका से संबंधित शिकायत पर बात हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है और शीघ्र ही जांच पूरी कर निस्तारण कराया जाएगा। दूसरा प्रमुख मुद्दा वार्ड नंबर 15 की मंडी वाली मुख्य पुलिया का रहा, जो पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इस संबंध में वार्ड के सभासद इरफान अख्तर अधिवक्ता द्वारा पहले भी जनसुनवाई पोर्टल और नगर पालिका में शिकायत की जा चुकी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। संगठन ने मांग की कि इस पुलिया का तत्काल निर्माण कराया जाए। संगठन ने बताया कि इसी मार्ग से स्कूल बसें, सब्जी मंडी में आने वाले किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली और शुक्रवार बाजार में आने वाले व्यापारी आवागमन करते हैं। पुलिया की बदहाल स्थिति किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। बिजली विभाग से जुड़े मामलों पर जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए मौके पर अधिशासी अभियंता को बुलाकर निर्देश दिए। एक्सईएन ने संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया कि भारतीय किसान यूनियन अखंड द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए। बैठक में वार्ड नंबर 20 और 21 में बिजली आपूर्ति की समस्या, मीनार मदरसा क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था, वार्ड नंबर 17 में जर्जर बिजली के खंभों को बदलने, आवश्यकता अनुसार नए खंभे लगाने तथा लटकते तारों को ठीक कराने की मांग उठाई गई। इसके साथ ही आयशा कॉलोनी में बिजली के खंभों एवं विद्युत व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जिस पर अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान संगठन के जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान ने कहा कि संगठन जनहित के प्रत्येक मुद्दे पर निगरानी रखेगा और जब तक सभी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर जिला कार्यालय प्रभारी वाजिद खान, वार्ड अध्यक्ष 22 कलीम खान, वार्ड अध्यक्ष 2 जीशान खान,
वार्ड अध्यक्ष रऊफ खान, शौकीन अल्वी, मीनू खान, इमरान, ताहिर राणा, इकबाल, असलम, श्रीपाल मेंबर तथा वार्ड नंबर 17 के सभासद सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारतीय किसान यूनियन

अखंड ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा में समस्याओं का समाधान करेंगे, जिससे आम जनता, किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को राहत मिल सके।

# भगवान श्रीकृष्ण पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में हिंदू युवा वाहिनी ने कराया मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण बागपत।**



हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत के कार्यकताओं ने इटावा के मौलाना जार्जिस अंसारी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के संबंध में कथित रूप से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में बड़ौत नगर कोतवाली पहुंचकर उनके विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया। हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने कहा कि मौलाना द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के संबंध में की गई कथित टिप्पणी से सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाओं एवं आस्था को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म, देवी-देवता अथवा महापुरुष के प्रति अपमानजनक टिप्पणी सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करती है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रशासन से दोषी के विरुद्ध विधि के अनुसार कठोर कार्रवाई करने की मांग की। जिला प्रभारी आलोक शास्त्री के नेतृत्व में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता बड़ौत नगर कोतवाली पहुंचे और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग करते हुए मुकदमा दर्ज कराया। इस अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष संजीव तोमर, जिला उपाध्यक्ष नरेश तोमर, जिला उपाध्यक्ष पविंदर तोमर, जिला मंत्री राजीव भारद्वाज, जिला संगठन महामंत्री अमित सरोहा,

जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह चौहान, बड़ौत नगर अध्यक्ष अतुल जैन, पंकज गांगडोली, उमेश कश्यप राजीव कश्यप, मोनू स्वामी, विजय वर्मा, अंकित वर्मा, कृष्णपाल पवार, आकाश शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संयुक्त पत्रकार महासभा की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर मंथन

### राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद ने कहा– पत्रकारों के हितों की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी



**समाज जागरण**

मुजफ्फरनगर। संयुक्त पत्रकार महा सभा (SPM) के राष्ट्रीय कार्यालय, चर्च मार्केट, अहिल्याबाई चौक, मुजफ्फरनगर में संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों, विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारियों, सदस्यों एवं पत्रकार साथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में समाजसेवी अजीत राठी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त पत्रकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सैनी ने किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन से जुड़े वरिष्ठ पत्रकारों एवं अतिथियों का सम्मान किया गया। साथ ही संगठन से जुड़े नए पत्रकारों का राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद की उपस्थिति में स्वागत करते हुए उन्हें सदस्यता आईडी कार्ड पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे और संगठन के विस्तार तथा पत्रकार हितों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि संयुक्त पत्रकार महासभा हमेशा पत्रकारों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई लड़ता आया है तथा भविष्य में भी पूरी मजबूती के साथ पत्रकार हितों की रक्षा के लिए कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन किसी भी पत्रकार के साथ अन्याय होने पर उसके साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संगठन द्वारा आयोजित प्रत्येक बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक होगी। यदि किसी कारणवश कोई सदस्य बैठक में शामिल नहीं हो सकता है तो वह पूर्व सूचना देते हुए संगठन को संदेश के माध्यम से अपनी अनुपस्थिति का कारण अवश्य बताएगा, ताकि संगठनात्मक अनुशासन और सक्रियता बनी रहे।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि एक मजबूत और अनुशासित संगठन ही पत्रकारों की आवाज को प्रभावी ढंग से बुलंद कर सकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से संगठन के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अधिक से अधिक पत्रकारों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया।बैठक के दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों और विस्तार योजना पर भी चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि अगली बैठक की तिथि एवं समय की सूचना शीघ्र ही सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उपलब्ध करा दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में

उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संयुक्त पत्रकार महासभा को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का संकल्प लिया तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद के नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का विश्वास व्यक्त किया।

# बागपत के प्रोफेसर अजेन्द्र मलिक को मिला सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 21वें दीक्षांत समारोह में किया सम्मानित

**समाज जागरण**




बागपत। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के 21वें दीक्षांत समारोह में बागपत के चांदनहेडी निवासी प्रोफेसर अजेन्द्र कुमार मलिक को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रो. अजेन्द्र कुमार मलिक विश्वविद्यालय में आचार्य गणित एवं निदेशक सेंटर फॉर ऑनलाइन एजुकेशन के पद पर कार्यरत है। समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गांवों के विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं की विजेता आराध्या साहू, परी सिंह और सोनम विश्वकर्मा को सम्मानित किया। इस दौरान फतेहपुर, प्रतापगढ़ और प्रयागराज के आंगनबाड़ी केंद्रों को 500 किट भी भेंट की गई। समारोह में छात्राओं ने राजस्थानी लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री मालिनी अवस्थी, भारतीय शास्त्रीय एवं लोक गायिका, शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी उपस्थित रहे।प्रो. अजेन्द्र मलिक की इस उपलब्धि पर बागपत के चांदनहेडी गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में वीरेन्द्र सिंह तोमर, प्रोफेसर सतीश गुप्ता, प्रोफेसर डॉ

राजीव गुप्ता, डॉ अमरपाल, डॉ सनी गुप्ता, डॉ दीपक गुप्ता, डॉ गीता तालियान, डॉ साक्षी सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# शिव कांवड़ सेवा समिति 5 अगस्त से लगाएगी कावड़ शिविर : अंशुधर भारद्वाज

**समाज जागरण बागपत।**

कावड़ मेला जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, वैसे- वैसे बागपत में इसकी तैयारियां पूरी जोर-शोर के साथ शुरू हो गई है। सुप्रसिद्ध समाजसेवी नरेश चौहान व अंशुधर भारद्वाज ने बताया कि शिव कावड़ सेवा समिति द्वारा दिल्ली-सहारनपुर हाइवे स्थित नैथला मोड पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी



5 अगस्त से 11 अगस्त तक कावड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगाया जाएगा, इसमें कावड़ियों के खाने-पीने व ठहरने की सभी सुविधा होंगी। बताया कि 5 अगस्त को सुबह दस बजे हवन का आयोजन किया जाएगा। कावड़ शिविर से जुड़े गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत के प्रधानाचार्य अमित चौहान, सुनील चौहान प्रधान सिसाना, मोहनपाल चौहान, विकास शर्मा, डॉ नरेंद्र, बाबा कंवरनाथ, मोहर सिंह, सतीश जैन उर्फ कल्लू, डॉक्टर मनीष व डॉ अंजना शर्मा आदि ने इस मौके पर सभी सहयोगी लोगों से पहुंचने की अपील की। इसके अलावा कावड़ मेले को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। कांवड़ियो को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो, इसके लिए वह सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं।

# माधव सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**



माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर (मंडोला) में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सह संघ चालक वागेश जी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर वागेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा नहीं, बल्कि मानव जीवन के आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना और उसका संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में प्रकृति प्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संस्कारों का विकास भी करता है। वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया तथा पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

# भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर का किया स्वागत

**समाज जागरण बागपत।**

एडवोकेट आकाश बंसल द्वारा बडौत नगर के शाहमल एनक्लेव में स्थित आवास पर भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर का भव्य स्वागत किया गया। व्यापारियों एवं समाज के लोगों ने अनिल तोमर को पटका पहनाकर एवं हनुमान जी की मूर्ति भेट कर उनका अभिनंदन किया। एडवोकेट आकाश बंसल ने कहा कि अनिल तोमर

समय-समय पर व्यापारी एवं वैश्य समाज की आवाज को उठाएंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अनिल तोमर के नेतृत्व में वैश्य



समाज की आवाज को और भी मजबूती से उठाया जाएगा।

अनिल तोमर ने कहा कि व्यापारियों एवं वैश्य समाज के साथ-साथ सभी वर्गों के लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव की भी चर्चा हुई। इस अवसर पर व्यापार संघ अध्यक्ष मुदित जैन,संगठन महामंत्री संदीप गर्ग टीटू प्रधान,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्ष आर्य चीनू आदि उपस्थित रहे।

# स्थायी लोक अदालत हुई कार्यशील, जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों की होगी सुनवाई

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

18 जुलाई। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 22-बी तथा विधिक सेवा प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2002 के तहत किशनगंज जिले में स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवा) का गठन कर दिया गया है। यह जानकारी शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष निखिलेश कुमार त्रिपाठी तथा सदस्य अनिल कुमार सिंह एवं अमृता आनंद ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष निखिलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि स्थायी लोक अदालत प्रत्येक कार्यदिवस में कार्य करेगी। इसका क्षेत्राधिकार संपूर्ण किशनगंज जिला होगा तथा इसका कार्यालय व्यवहार न्यायालय, किशनगंज परिसर में संचालित है। उन्होंने बताया कि जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई एवं निष्पादन प्रत्येक कार्यदिवस में किया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से वायु,



सड़क एवं जलमार्ग से यात्री अथवा माल परिवहन संबंधी विवाद, डाक, टेलीग्राफ एवं टेलीफोन जैसी संचार सेवाओं से जुड़े मामले, बिजली, रोशनी एवं पेयजल आपूर्ति, लोक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सेवाएं, अस्पताल एवं डिस्पेंसरी से संबंधित चिकित्सा सेवाएं, बीमा विवाद, ट्रैफिक चालान से जुड़े मामले, शिक्षा एवं शिक्षण संस्थानों से संबंधित शिकायतें तथा आवास एवं भू-संपदा (हाउसिंग एवं रियल एस्टेट) से जुड़े विवाद शामिल हैं। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें उपर्युक्त जनोपयोगी सेवाओं अथवा संबंधित विभागों से जुड़ी किसी प्रकार की शिकायत या विवाद है, तो वे उसके समाधान के लिए स्थायी लोक अदालत में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि स्थायी लोक अदालत का उद्देश्य जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों का त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से निस्तारण कर आम नागरिकों को सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है।

# नीट में नाम नहीं आया तो टूट गई रंगोली, 20 घंटे बाद बनारस के मंदिर में मिली

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नवीनगर (बिहार) नीट का रिजल्ट नहीं आने से हताश होकर घर से निकली नवीनगर की 18 वर्षीय छात्रा रंगोली उर्फ प्राची 20 घंटे बाद शुक्रवार रात बनारस के एक मंदिर से सुरक्षित बरामद कर ली गई। मामला नवीनगर थाना क्षेत्र के शनिचर बाजार निवासी पुन्नु अग्रवाल की पुत्री रंगोली जिंदल उर्फ प्राची का है। गुरुवार रात नीट का रिजल्ट आया। कड़ी मेहनत के बाद भी लिस्ट में नाम नहीं देखकर टूट गई। पेपर देकर आने पर उसने पिता से कहा था "पापा इस बार हो जाएगा" परिजनों ने उसे समझाया और ढाढ़स बंधाया, लेकिन वह अंदर से हिल गई थी शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे रंगोली चुपचाप घर से निकल गई। सुबह माँ ने आवाज दी तो कमरा खाली मिला मोबाइल बंद था। परिजनों के होश उड़ गए। तुरंत गांव-देहात, रिश्तेदारों और नवीनगर थाना को सूचना दी गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर आखिरी बार उसे बनारस के काशी स्टेशन पर देखा गया। परिजन बदहवास हालत में बनारस पहुंचे पर वह नहीं मिली। थक हारकर परिजन ने नबीनगर थाना में लिखित सूचना दिया शुक्रवार रात काशी विश्वनाथ मंदिर के समीप एक मंदिर के पुजारी ने परिजनों को फोन किया। पुजारी ने बताया कि एक



लड़की भूखी-प्यासी मंदिर में बैठी है। नाम पूछने पर उसने अपना नाम रंगोली बताया और घर का नंबर दिया सूचना मिलते ही परिजन बदहवास बनारस मंदिर पहुंचे। वहां रंगोली एक कोने में सिमटी बैठी मिली बेटी को देखते ही परिजन उसे गले लगाकर फफक कर रो पड़े परिजनों ने पुजारी का आभार जताया और कहा बाबा आपने हमारी बेटी की जान बचा ली शनिवार सुबह रंगोली को घर लाया गया। परिजनों ने चिकित्सक को दिखाया डॉक्टरों का कहना है कि उसे अभी परिवार के सहारे की जरूरत है। टूटे हुए पिता पुन्नु अग्रवाल ने बस इतना कहा, "बेटा, रिजल्ट से जिंदगी नहीं लिखी जाती। तू हमारे लिए पहले भी अनमोल थी, आज भी है।"बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली है।

# नवीनगर: जमीन सर्वे के दौरान विवाद, मारपीट में 3 घायल

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर गांव में शुक्रवार को जमीन सर्वे के दौरान दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हुई मारपीट में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों की पहचान कृष्णा सिंह 70 वर्ष, अवधेश सिंह 65 वर्ष और लल्लू सिंह 60 वर्ष के रूप में हुई है।



स्थानीय लोगों के अनुसार गांव में जमीन का सर्वे कार्य चल रहा था। इसी दौरान गांव के ही स्व. कामता सिंह के पुत्र अमरेंद्र सिंह, विनोद सिंह और राकेश सिंह उर्फ नुनु सिंह ने विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि जब कृष्णा सिंह ने मामले को शांत कराने और समझाने का प्रयास किया, तो उक्त लोगों ने उन पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार और लाठी-डंडे से हमला कर दिया कृष्णा सिंह को बचाने के लिए पहुंचे अवधेश सिंह और लल्लू सिंह पर भी हमलावरों ने हमला कर दिया। मारपीट के दौरान तीनों को गंभीर चोटें आईं। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल रेफरल अस्पताल नवीनगर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने बताया कि मामले आवेदन मिलने पर आगे की करवाई की जायेगी।

# नवीनगर: बीडीओ अरुण सिंह को दी गई विदाई, ओमकार वैभव सिंह का हुआ स्वागत

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में शनिवार को निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह की स्थानांतरण पर विदाई एवं वर्तमान बीडीओ ओमकार वैभव सिंह के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद निवर्तमान बीडीओ अरुण सिंह और वर्तमान बीडीओ ओमकार वैभव सिंह का अंगवस्त्र, फूलमाला और बुके देकर भव्य स्वागत किया गया।समारोह में प्रखंड प्रमुख चित्रा कुमारी, उप प्रमुख लव सिंह, एलईओ सह बीईओ विजेंद्र कुमार सिंह, एमओ श्रीराम मिश्रा, पूर्व बीईओ राजनारायण राय, शिक्षक धनंजय सिंह, चुन्नू सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रखंड कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे।वक्ताओं ने निवर्तमान बीडीओ अरुण सिंह के कार्यकाल की सराहना की। कहा कि उनके कार्यकाल में प्रखंड में कई विकास



कार्य हुए और उन्होंने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसका समाधान किया। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।वहीं नए बीडीओ ओमकार वैभव सिंह को भी शुभकामनाएं दी गईं।कार्यक्रम में सभी ने नए बीडीओ को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

विदाई समारोह में निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि नवीनगर में अपने कार्यकाल के दौरान जो भी विकास कार्य हुए, वह प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मियों के सहयोग से ही संभव हो पाए। अरुण सिंह ने कहा, "नवीनगर की जनता का स्नेह और सहयोग मुझे हमेशा याद रहेगा। यहां रहते हुए जो अनुभव और सीख मिली है, वह मेरे आगे के कार्यकाल में भी काम आएगी। यदि मुझसे कोई भूल हुई हो तो मैं क्षमा चाहता हूं।"उन्होंने नए बीडीओ ओमकार वैभव सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रखंड और अधिक प्रगति करेगा। साथ ही सभी से नए बीडीओ को पूरा सहयोग देने की अपील भी की।

समारोह में मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों और कर्मियों ने ताली बजाकर उनके कार्यकाल की सराहना की और भावभीनी विदाई दी।

# ईचागढ़ में अवैध बालू परिवहन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, संयुक्त छापेमारी में एक वाहन जब्त

**खनन विभाग और ईचागढ़ थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, बिना वैध चालान बालू ढोते पकड़ा गया वाहन**

**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिलः सरायकेला जिले में अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने शनिवार को ईचागढ़ थाना क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन विभाग एवं ईचागढ़ थाना पुलिस की टीम ने सोड़ो जारागोडीह बालू घाट क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया।



छापेमारी के दौरान बालू घाट के समीप वाहन संख्या JH01CN0362 को बिना वैध परिवहन चालान के बालू खनिज का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। नियमों के उल्लंघन के आरोप में वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ ईचागढ़ थाना के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में जिला खनन विभाग द्वारा खनन एवं परिवहन से संबंधित नियमों के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐसे मामलों में लगातार सघन अभियान चलाने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

जिला प्रशासन ने कहा कि अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए भविष्य में भी संयुक्त छापेमारी अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा।

# तिरुलडीह थाना पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, नियमों का पालन करने की दी हिदायत

**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिल : तिरुलडीह थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व तिरुलडीह थाना प्रभारी कौशल कुमार ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ स्वयं मौजूद रहे और आने-जाने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन जांच की।



जांच के दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के आवश्यक दस्तावेज, हेलमेट, सीट बेल्ट तथा अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने, आवश्यक कागजात साथ नहीं रखने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए नियमों का पालन करने की अपील की।

थाना प्रभारी कौशल कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस तरह का जांच अभियान आगे भी लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

# प्रकृति के सान्निध्य में स्वास्थ्य, सेवा और सकारात्मक सोच का संदेश – हिन्द आई टी आई का ट्रैकिंग कार्यक्रम

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 18 जुलाई 2026: हिन्द इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा विद्यार्थियों के लिए ट्रैकिंग एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति के करीब लाकर " हेल्थ इज वेल्थ" का संदेश देना, मानसिक तनाव से मुक्त जीवन, शारीरिक फिटनेस, सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।



संस्थान के निदेशक ,डॉ. मोहम्मद ताहिर हुसैन ब्रांड एम्बेसडर, मानगो नगर निगम ने विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के बीच समय बिताने से मन शांत होता है और जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री संतोष पोद्दार ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सकारात्मक सोच, टीमवर्क और समाज सेवा के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया तथा ऐसे कार्यक्रमों को युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने ट्रैकिंग, योग, व्यायाम तथा विभिन्न प्रेरणादायक गतिविधियों में भाग लिया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को सीख, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास का यादगार अनुभव बताया।

# एमजीएम के होमगार्ड व आउटसोर्सिंग कर्मियों का बकाया वेतन जल्द मिलेगा: सरयू राय, नगर निकायों में मजदूरों के शोषण पर भी उठाए सवाल

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा है कि एमजीएम अस्पताल में कार्यरत होमगार्ड जवानों और आउटसोर्सिंग कर्मियों के लंबित वेतन का भुगतान शीघ्र कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनकी राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से विस्तृत बातचीत हुई है। स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि अस्पताल के कर्मचारियों का बकाया वेतन जल्द



जारी कराया जाएगा तथा अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति भी सुनिश्चित की जाएगी।

सरयू राय ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वे उस महिला होमगार्ड जवान से मिलने एमजीएम अस्पताल पहुंचे थे, जिसने कई महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक तंगी और भुखमरी से परेशान होकर फिनाइल पी लिया था। इस दौरान अस्पताल में कार्यरत अन्य होमगार्ड जवानों और आउटसोर्सिंग कर्मियों ने भी उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले लगभग पाँच महीनों से उन्हें नियमित वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके परिवारों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

विधायक ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने लगातार दो दिनों तक एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। अधिकारियों ने उन्हें जानकारी दी कि आउटसोर्सिंग कर्मियों को संबंधित ठेकेदार अपनी ओर से कुछ राशि उपलब्ध करा रहा है, लेकिन होमगार्ड जवानों को पिछले पाँच महीनों से एक भी रुपये का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इसे तत्काल दूर किया जाना चाहिए।

सरयू राय ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री ने भरोसा दिलाया है कि न केवल कर्मचारियों का बकाया वेतन शीघ्र जारी किया जाएगा, बल्कि अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मियों की भी नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंत्री अपने आश्वासन को जल्द अमल में लाएंगे।

विधायक ने इस अवसर पर नगर निकायों में कार्यरत सफाईकर्मियों, ठेका एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों के वेतन भुगतान में कथित अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) में कार्यरत बड़ी संख्या में सफाईकर्मियों ने उनसे मुलाकात कर शिकायत की कि उन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से काफी कम भुगतान किया जा रहा है। साथ ही निर्धारित संख्या से कम मजदूरों से अधिक कार्य कराया जा रहा है तथा पीएफ और ईएसआई मद में कटौती के बावजूद भुगतान में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है।

सरयू राय ने कहा कि श्रम विभाग के अनुसार मानगो, जमशेदपुर, जुगसलाई और आदित्यपुर क्षेत्र के नगर निकायों में अकुशल मजदूरों के लिए अप्रैल माह से प्रतिदिन 515 रुपये तथा प्रतिमाह 13,385 रुपये न्यूनतम मजदूरी निर्धारित है। उन्होंने मांग की कि नगर विकास विभाग यह सुनिश्चित करे कि सभी श्रमिकों को समय पर सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी मिले। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी जारी रही तो वे श्रमिक हित में सीधे हस्तक्षेप करने के लिए बाध्य होंगे।

# सिधिरसाई रेलवे स्टेशन के नए भवन का भूमि पूजन, 5 करोड़ की लागत से होगा निर्माण; 50 से अधिक गांवों को मिलेगा लाभ

**समाज जागरण 18.07.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड स्थित सिधिरसाई रेलवे स्टेशन के विकास की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण पहल हुई। चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले इस स्टेशन के नए एवं आधुनिक स्टेशन भवन के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन सांसद विद्युत वरण महतो और चक्रधरपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) तरुण हुरिया ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही।







भूमि पूजन कार्यक्रम में चक्रधरपुर मंडल के सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) आदित्य चौधरी, सीनियर मंडल परिचालन प्रबंधक (सीनियर डीओएम) मनीष पाठक सहित रेलवे के कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के साथ ही स्टेशन के बहुप्रतीक्षित आधुनिकीकरण कार्य की औपचारिक शुरूआत हो गई।

भूमि पूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीआरएम तरुण हुरिया ने बताया कि सिधिरसाई रेलवे स्टेशन का नया भवन लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मानसून के कारण निर्माण कार्य शुरू करना व्यावहारिक नहीं है, इसलिए सितंबर माह से निर्माण शुरू होने की संभावना है। रेलवे का लक्ष्य है कि निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लगभग एक वर्ष के भीतर इसे पूरा कर यात्रियों को समर्पित कर दिया जाए।

डीआरएम ने बताया कि सिधिरसाई स्टेशन बादामपहाड़ रेलखंड का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। वर्ष 2019 में इसका निर्माण हुआ था, लेकिन क्षेत्र में लगातार बढ़ रही यात्री संख्या और भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने का निर्णय लिया गया है। नए भवन में विशाल प्रतीक्षालय, आधुनिक टिकट काउंटर, स्वच्छ पेयजल, बेहतर शौचालय, पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं तथा अन्य आवश्यक यात्री सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि केंद्र सरकार और भारतीय रेलवे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के रेलवे स्टेशनों के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिधिरसाई रेलवे स्टेशन का विस्तार इस पूरे क्षेत्र के लिए विकास का नया द्वार खोलेगा। सांसद ने बताया कि स्टेशन विकास योजना के तहत यहां पांच रेलवे लाइनें विकसित की जाएंगी, जिससे भविष्य में ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ माल ढुलाई की क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर में आधुनिक टिकट बुकिंग काउंटर, पर्याप्त पार्किंग सुविधा, बेहतर यात्री सुविधाएं और स्टेशन को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए संपर्क मार्ग का भी निर्माण किया जाएगा। इन विकास कार्यों से स्टेशन की उपयोगिता और क्षमता दोनों बढ़ेंगी। सांसद ने बताया कि सिधिरसाई रेलवे स्टेशन के विकसित होने से 50 से अधिक गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब क्षेत्र के लोगों को रेल यात्रा के लिए दूर स्थित स्टेशनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और किसानों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक पहुंच भी आसान होगी। उन्होंने बताया कि सिधिरसाई इस रेलखंड का अंतिम स्टेशन है, जिसके बाद ओडिशा का बहलदा रेलवे स्टेशन पड़ता है। ऐसे में यह स्टेशन झारखंड और ओडिशा के बीच संपर्क का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद सांसद विद्युत वरण महतो और डीआरएम तरुण हुरिया ने टाटानगर रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों और यात्री सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान सांसद ने बताया कि टाटानगर से वाराणसी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने के प्रस्ताव पर रेलवे मंत्रालय स्तर पर सकारात्मक चर्चा चल रही है और आने वाले समय में इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है।

निरीक्षण के क्रम में दोनों अधिकारियों ने परसुडीह स्थित मंगदमपुर रेलवे फाटक का भी दौरा कर यातायात व्यवस्था और स्थानीय समस्याओं का जायजा लिया। रेलवे अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

रेलवे अधिकारियों ने विश्वास जताया कि सिधिरसाई रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण से क्षेत्र में रेल संपर्क और मजबूत होगा। आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ यह स्टेशन स्थानीय लोगों के लिए सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा का केंद्र बनेगा तथा पूरे क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और व्यावसायिक विकास को नई गति प्रदान करेगा।

# कोर्ट परिसर के पास युवक अपहरण कांड का तीन दिन में खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार; अपहृत सकुशल बरामद

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय (कोर्ट) परिसर के समीप से युवक के अपहरण मामले का सीतारामडेरा थाना पुलिस ने महज तीन दिनों के भीतर सफल खुलासा करते हुए अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया है। मामले में पुलिस ने शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से अपहरण में प्रयुक्त एक चारपहिया वाहन (जेएच-05डीए-4721) और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।



पुलिस के अनुसार, 15 जुलाई को सूचना मिली थी कि छायानगर निवासी सुशील डे (पिता- राजेश डे) का व्यवहार न्यायालय परिसर के समीप से अपहरण कर लिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सीतारामडेरा थाना में कांड संख्या 74/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। विशेष टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत युवक को उसी दिन सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया।

शनिवार को पुलिस ने मामले के नामजद आरोपी मोनी मोहंती उर्फ चितरंजन मोहंती तथा कृष्णा यादव उर्फ दबंग को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर अपहरण में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद कर जब्त कर ली गई। पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान हो चुकी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी मोनी मोहंती उर्फ चितरंजन मोहंती का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ गोलमुरी, सीतारामडेरा, मानगो और ओलिडीह थाना सहित विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट, मारपीट, हत्या के प्रयास, लूट, रंगदारी तथा अन्य गंभीर धाराओं के तहत कुल 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब उसके आपराधिक नेटवर्क, सहयोगियों तथा अपहरण की साजिश में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी गहन जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा किया जाएगा। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि अपहरण के पीछे का वास्तविक उद्देश्य क्या था और इसमें किन-किन लोगों की संलिप्तता रही। इस पूरे अभियान में सहायक थाना प्रभारी आनंद मिश्रा, अवर निरीक्षक सूरज प्रसाद, प्रद्युम्न कुमार, अभय कुमार, मनरंजन कुमार, शंकर ठाकुर तथा सीतारामडेरा थाना के सशस्त्र बल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के विरुद्ध विधिसम्मत एवं कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पटना के बिहटा स्थित आईआईटी में 20 जुलाई को हाइब्रिड दीक्षांत समारोह

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बिहटा में आगामी 20 जुलाई को हाइब्रिड शैक्षणिक कार्यक्रमों का दूसरा दीक्षांत समारोह आयोजित होने जा रहा है। संस्थान के सभागार में सुबह 11:30 बजे से शुरू होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में कुल 2620 मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक सफलता के लिए उपाधियां प्रदान की जाएंगी। दीक्षांत समारोह न केवल उपाधि वितरण का साक्षी बनेगा, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित भी किया जाएगा। संस्थान की ओर से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को दो स्वर्ण और आठ रजत पदकों से नवाजा जाएगा। पदक वितरण के बाद सभी उपाधि प्राप्तकर्ता एक साथ सामूहिक संकल्प लेंगे, जो उनके भविष्य के लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाएगा। समारोह की अध्यक्षता आईआईटी पटना के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष और टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टी.वी. नरेंद्र करेंगे, जो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। दीक्षांत संबोधन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक और प्रख्यात शिक्षाविद अभयानंद उपस्थित रहेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेयी मौजूद रहेंगे।

# हरहुआ पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**
बड़ागांव थाना अंतर्गत हरहुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के काजीसराय गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर राजेश पटेल को हरहुआ पुलिस ने शनिवार सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार राजेश पटेल पर विभिन्न मामलों के कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं और वह लंबे समय से पुलिस की निगरानी में था। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह लगभग नौ बजे हरहुआ पुलिस चौकी के उप निरीक्षक एवं सीसी टीम प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने टीम के साथ काजीसराय गांव में दबिश दी। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी अभियान में हेड कांस्टेबल नीरज राय तथा पैंथर पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। पुलिस टीम ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार राजेश पटेल पुत्र राजेंद्र पटेल निवासी काजीसराय थाना बड़ागांव



के विरुद्ध विभिन्न आपराधिक मामलों में आठ मुकदमे दर्ज हैं। न्यायालय में उपस्थित न होने पर उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। वारंट के अनुपालन में पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार सुबह मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसके घर पर दबिश देकर बिना किसी विरोध के उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस का कहना है कि अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण तथा न्यायालय से जारी वारंटों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में हिस्ट्रीशीटर राजेश पटेल की गिरफ्तारी को महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की गई। पुलिस का कहना है कि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे और अपराधियों में पुलिस का भय कायम रहे।

# *राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण संकल्प किया पौधरोपण ।

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**
हरहुआ क्षेत्र के राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज के तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से विद्यालय के प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने छात्र-छात्राओं के साथ आज शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं और शिक्षकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना और पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना रहा । छात्र-छात्राओं ने परिसर में छायादार और फलदार पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया ।

इस अवसर पर प्रबंधक ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन और पर्यावरण के आधार हैं । उन्होंने प्रत्येक लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने और देखभाल करने का अनुरोध किया । प्रधानाचार्य शेर बहादुर




विश्वकर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का अभियान नहीं है, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा । ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए वृक्ष एक सबसे बड़ा उपहार बने ।

इस अवसर पर पूनम सिंह, हरजिंदर कौर, संतोष विश्वकर्मा, स्नेह लता पांडे, मंजू सिंह , संजू सरोज, सुनीता गुप्ता, निशा उपाध्याय, प्रीति राय ,आशा यादव, रचना दुबे, शिरीष कान्त पांडे , विवेक पांडेय, मंजू सिंह सुर्यनारायण सिंह , अरविंद सिंह, शिवाजी सिंह, चंदा पटेल आदि अध्यापक / अध्यापिकाओं ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन संयोजन अशोक सिंह ने किया।

# नेतृत्व केवल अधिकार नहीं बल्कि अनुशासन का प्रतीक: अमित पांडेय

### वी पी एस राजातालाब में नवागंतुक छात्रों को दी गई जिम्मेदारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**
बच्चों में नेतृत्व की क्षमता विकसित करने के लिए शनिवार को वाराणसी पब्लिक स्कूल, बंगालीपुर, राजा तालाब के परिसर में शैक्षिक सत्र - 2026-27 के छात्र परिषद के गठन पर भव्य अलंरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपप्रबन्धक शशिकान्त गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामानन्द जायसवाल, निर्देशक अमित पाण्डेय, उपनिदेशक के.के. पाण्डेय एवं



प्रधानाचार्य दिलीप कुमार पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। समारोह में विद्यालय के नवनिर्वाचित हेड बॉय अनुज यादव (ब्वॉय ग्रुप), हेड गर्ल श्रेया यादव (गर्ल्स ग्रुप), स्पोर्ट बॉय आर्यन पटेल, स्पोर्ट गर्ल सृश्टि यादव, तथा विभिन्न सदनों के कप्तान अनुराग यादव (विवेकानन्द हाउस), नन्दनी गुप्ता टैगोर हाउस, शुभम आनन्द राधाकृश्णनन हाउस, विषाल सिंह (डॉ. कलाम हाउस) एवं विभिन्न सदनों के उपकप्तानों को बैज एवं पद चिह्न प्रदान करके शपथ दिलायी गई। विद्यालय के निर्देशक अमित पाण्डेय, ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व केवल अधिकार नही, बल्कि अनुशासन, सेवा, ईमानदारी और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उहोने विद्यार्थियों से विद्यालय की गरिमा बनाये रखने तथा दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य दिलीप कुमार पांडे ने छात्रों को निश्ठा, परिश्रम और टीम भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने नवनियुक्त छात्र परिषद को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल नेतृत्व की कामना की। उपरोक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार पाण्डेय द्वारा दी गई। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं संग विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# ईट भट्ठे से जनरेटर, कंप्रेसर मशीन व दरवाजे चोरी, कबाड़ की दुकान पर मिला सामान, दो के खिलाफ तहरीर।

**समाज जागरण अनिल कुमार**
हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र की हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत भगतुपुर गांव स्थित आनंद मार्का ईंट भट्ठे से जनरेटर, कंप्रेसर मशीन तथा कमरे के दो दरवाजे चोरी होने का मामला सामने आया है। भट्ठा मालिक की शिकायत पर पुलिस ने गांव के दो लोगों के विरुद्ध तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, भगतुपुर निवासी एवं आनंद मार्का ईंट भट्ठे के संचालक हंसराज यादव शुक्रवार दोपहर भट्ठे पर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि भट्ठे पर लगी कंप्रेसर मशीन, जनरेटर तथा कमरे के दो दरवाजे गायब हैं। आसपास के लोगों से जानकारी लेने पर पता चला कि गांव के ही दो व्यक्तियों ने उक्त सामान चोरी कर काजीसराय बाजार स्थित एक कबाड़ की दुकान पर बेच दिया है। सूचना मिलने पर हंसराज यादव तत्काल काजीसराय स्थित कबाड़ की दुकान पर पहुंचे। वहां उन्हें चोरी हुई कंप्रेसर मशीन रखी मिली। कबाड़ी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह मशीन लगभग चार-पांच दिन पहले एक व्यक्ति बेचकर गया था। कबाड़ी विक्रेता का नाम और पता स्पष्ट रूप से नहीं बता सका। इसके बाद भट्ठा मालिक ने अपने मोबाइल में गांव के एक व्यक्ति का फोटो कबाड़ी को दिखाया, जिसे उसने पहचानते हुए बताया कि यही व्यक्ति मशीन बेचने आया था। कबाड़ी के अनुसार, पूछने पर उसने मशीन को खराब बताते हुए बेचने की बात कही थी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद हंसराज यादव ने शुक्रवार को हरहुआ पुलिस चौकी पहुंचकर भगतुपुर गांव के दो व्यक्तियों के खिलाफ नामजद लिखित तहरीर दी और चोरी गए अन्य सामान की बरामदगी के साथ आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

इस संबंध में हरहुआ पुलिस चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर में नामजद किए गए आरोपितों की तलाश की जा रही है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर विधिक कार्रवाई करते हुए चोरी गए सामान की बरामदगी का प्रयास किया जाएगा।

# धान और ढेंचा का बीज किसानों में वितरित

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**
उत्तर प्रदेश के नियामताबाद के पुरैनी गांव में में परियोजना यूपी एग्री द्वारा किसानों को हरी खाद (ढेंचा) और प्रमाणित धान के बीज उपलब्ध कराए गया। जिससे किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद होती है।किसानों को



धान और ढेंचा का बीज वितरित करते हुए तकनीकी सहायक निशांत मिश्रा ने बताया धान लगाने से पहले ढेंचे को खेत में बोया जाता है, इसे खेत में ही जोत (रोटावेटर) कर मिट्टी में मिला दिया जाता है। यह प्रक्रिया मिट्टी में प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन और जैविक कार्बन की मात्रा को बढ़ाती है, जिससे यूरिया (रासायनिक उर्वरक) का खर्च कम होता है।ढेंचे की हरी खाद तैयार होने के बाद, कृषि केंद्रों से प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाले या प्रमाणित धान के बीज की बुवाई की जाती है। बेहतर परिणाम के लिए बुवाई से पहले बीजों का उपचार करना जरूरी होता हैं।आज आयोजित बीज वितरित कार्यक्रम में क्षेत्र के पचासों किसानों को बीज प्राप्त हुआ।

# सनातन धर्म इण्टर कॉलेज वेतनभोगी समिति मे गबन की हुई जांच

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।**
सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक वाराणसी सुरेंद्र कुमार मौर्य के निर्देश पर एडीसीओ अवधेश कुमार सिंह ने मिश्र पोखरा स्थित सनातन धर्म इण्टर कॉलेज वेतनभोगी सहकारी समिति मे गबन की जाँच की। वेतनभोगी समिति की आडिट मे गबन का प्रकरण प्रकाश मे आया तथा इस संबंध मे स्पेशल रिपोर्ट की गई थी। जाँच के दौरान एडीसीओ अवधेश सिंह ने समिति के सचिव सिरगू राम तथा प्रधानाचार्य विजयी राम से मुलाकात की। आडिट आपत्ति मे पाँच वेतनभोगियों अनूप श्रीवास्तव,अशोक




कुमार कुशवाहा,संजीव कुमार,कमल कुमार श्रीवास्तव तथा अनिल कुमार श्रीवास्तव पर एक लाख बत्तीस हजार से अधिक की धनराशि बकाया होने की रिपोर्ट की गई है जो आज की तिथि मे ब्याज जोड़कर दो लाख रुपए से अधिक हो रही है। अशोक,संजीव व कमल श्रीवास्तव द्वारा आश्वासन दिया गया कि उनके ऊपर जो भी देयता है ,वे सचिव से संपर्क कर तीन दिन मे जमा कर देंगे। एडीसीओ अवधेश सिंह ने सचिव को निर्देशित किया कि सभी बकायेदारो को कितनी धनराशि जमा करनी है,यह उन्हे हिसाब बनाकर कल शनिवार तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।जो कर्मचारीगण धनराशि जमा करने मे टाल-मटोल करते है उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाई सुनिश्चित करायें अन्यथा कि स्थिति मे तत्समय तथा वर्तमान सचिव की भी जबाबदेही निर्धारित की जाएगी। बकायेदारो मे एक सेवानिवृत्त प्रवक्ता अनूप श्रीवास्तव का भी नाम होने को गंभीरता से लेते हुए एडीसीओ ने कहा कि जब प्रवक्ता बकायेदार थे तब उनके सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान क्यो नही अवरुद्ध किया गया। एडीसीओ ने सभी बकायेदारो को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा यह भी स्पष्ट करने के निर्देश दिए कि इन बकायेदारो से वसूली की कोई प्रभावी कार्यवाई अब तक क्यो नहीं की गई। जाँच के दौरान प्रधानाचार्य विजयी राम,सचिव सिरगू राम, अशोक कुशवाहा,कमल श्रीवास्तव तथा संजीव कुमार उपस्थित रहे।

# बाबा विश्वनाथ की नगरी में वैश्विक स्तर का विद्युत नेटवर्क विकसित कर रही सरकार: ऊर्जा मंत्री

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।**
उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने वाराणसी स्थित सर्किट हाउस सभागार में ऊर्जा विभाग के कार्यों एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखने के लिए नवीन तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश की विद्युत अवसंरचना को वैश्विक स्तर का स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में बाबा विश्वनाथ की पावन नगरी वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, संकट मोचन मंदिर एवं सर्किट हाउस जैसे तीन महत्वपूर्ण स्थलों पर आरएमयू (रिंग मेन यूनिट) तकनीक स्थापित की गई है। इससे विद्युत वितरण नेटवर्क अधिक सुरक्षित, आधुनिक एवं नियंत्रित होगा। साथ ही दो अलग-अलग विद्युत उपकेंद्रों से होने वाली बिजली आपूर्ति में यदि किसी एक दिशा की आपूर्ति बाधित होती है तो दूसरी ओर से तत्काल विद्युत आपूर्ति शुरू हो जाएगी, जिससे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



समीक्षा के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने 16 नए विद्युत उपकेंद्रों (सब-स्टेशनों) के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 14 उपकेंद्रों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिनमें से 10 उपकेंद्रों की छत की ढलाई पूर्ण हो चुकी है तथा फ्लोरिंग का कार्य चल रहा है। शेष दो उपकेंद्रों में भूमि संबंधी समस्या है, जिसके समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी बाधाओं को शीघ्र दूर कर निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए।

बैठक में मंत्री श्री शर्मा ने बांस-बल्ली हटाने के अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक माह के भीतर यह कार्य हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि विद्युत व्यवस्था अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बन सके।ग्रीष्मकाल के दौरान प्राप्त उपभोक्ता शिकायतों की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों से शिकायतों की प्रकृति और उनके समाधान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और शिकायतों के त्वरित निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सावन माह एवं कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। कांवड़ मार्गों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जर्जर लाइनों की मरम्मत, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान बिजली व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा दुर्घटना की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से पूरी सतर्कता, समन्वय और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश

# बीआरसी हरहुआ पर दिव्यांग बच्चों का बना मेडिकल सर्टिफिकेट

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**
सर्व शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अधिकारी के निर्देश पर आज शनिवार को बीआरसी बेलवरिया ,हरहुआ पर दिव्यांग बच्चों का मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के लिए कैंप का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नामित डॉक्टर की टीम के द्वारा किया गया। कैंप




में विकास क्षेत्र हरहुआ के कुल 22 दिव्यांग बच्चे उपस्थित हुए जिसमें 16 दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा 06 दिव्यांग बच्चों को जांच के लिए रेफर किया गया।कैंप में डॉ0अनिल कुमार सिंह ऑर्थोपेडिक सर्जन, डॉ0 दिनेश सिंह यादव नेत्र सर्जन डॉ0 रचना सिंह आंख, नाक कान व गला रोग विशेषज्ञ एवं डॉ0 रविंद्र यादव साइकोलॉजिस्ट उपस्थित रहे। कैंप खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ पंकज कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। कैंप में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, फिजियोथैरेपिस्ट एवं स्पेशल एजुकेटर विकास क्षेत्र हरहुआ ने सहयोग प्रदान किया।

# पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**
जंसा पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के अनुपालन में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सेवापुरी क्षेत्र में की गई।पुलिस के अनुसार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम)-04, वाराणसी द्वारा जारी वारंटों के आधार पर जंसा पुलिस टीम इन वारंटियों की तलाश कर रही थी।इसी क्रम में, पुलिस ने पहले वारंटी बबलू मौर्य, पुत्र अलगू मौर्य, निवासी ग्राम मीरावन, थाना जंसा, जनपद वाराणसी को उसके घर से गिरफ्तार किया।वहीं, दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त अभिषेक गुप्ता, पुत्र रमेश गुप्ता, निवासी ग्राम ककरहवा, मटूका बाजार, थाना कपसेठी, जनपद वाराणसी को भी उसके निवास स्थान से पकड़ा गया।

# पुत्री साक्षी राय के 9वें जन्मदिन पर पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया प्रेरक संदेश

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**
गाजीपुर जनपद के भांवरकोल ब्लाक क्षेत्र के पलियां बुजुर्ग गांव निवासी समाजसेवी एवं पत्रकार बरमेशवर राय उर्फ गुड्डू ने अपनी पुत्री साक्षी राय के नौवें जन्मदिन को यादगार और प्रेरणादायी बनाने के लिए पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जन्मदिन को प्रकृति के प्रति समर्पित करते हुए उन्होंने आम, अमरूद, कटहल, नीम और पीपल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे तथा बेटी के प्रति अपने स्नेह को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।



इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. अशोक उपाध्याय ने कहा कि यह छोटा-सा प्रयास समाज के लिए बड़ा संदेश है। उन्होंने कहा कि "पेड़-पौधे धरती का श्रृंगार हैं और स्वस्थ जीवन का आधार भी।" यदि प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों के जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लें, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक प्रभावी जनआंदोलन बन सकता है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि जन्मदिन जैसे शुभ अवसरों को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प भी लें।

इस अवसर पर डॉ. अशोक उपाध्याय, डॉ. टी. एन. गुप्ता, जन्मदिन की बालिका साक्षी राय, दिव्या राय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पौधों के संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

# जिलाधिकारी ने सक्तेशगढ़ परमहंस आश्रम का किया निरीक्षण

**समाज जागरण**
मीरजापुर /गुरु पूर्णिमा पर परमहंस आश्रम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सक्तेशगढ़ परमहंस आश्रम चुनार पहुंचकर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने आश्रम परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग स्थल तथा यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षित आने जाने, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी निगरानी तथा चिकित्सा एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिया, साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज से मिलकर कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहें।

# जीवन एक सफर है दौड़ नहीं - फादर पी० विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**
हार्टमन इंटर कॉलेज हार्टमनपुर, गाजीपुर में एक्टिविटी पर आधारित प्रार्थना सभा का संचालन किया गया जिसका साप्ताहिक विषय "समय प्रबंधन" था।

इस परंपरा का शुभारंभ गत वर्ष फादर पी विक्टर द्वारा किया गया था।जिसमें उनके द्वारा दिए गए निर्धारित विषयों पर प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग कक्षाओं द्वारा प्रार्थना सभा संचालित की जाती है। जिसमें प्रत्येक दिन प्रदत्त विषय पर व्याख्यान दिया जाता है और शनिवार को क्रियाकलाप पर आधारित प्रार्थना



सभा संचालित की जाती है। आज कक्षा 12 'ब' के छात्र-छात्राओं द्वारा 'समय प्रबंधन' विषय पर क्रियाकलाप पर आधारित प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा लघु नाटिका एवं पोस्टर के माध्यम से समय प्रबंधन तथा उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रार्थना सभा के समापन में फादर विक्टर ने अपने संबोधन में बताया कि जीवन एक सफर है दौड़ नहीं। समय प्रबंधन के द्वारा हम इस सफर में अपने हर मुकाम को हासिल कर सकते है। ईश्वर ने सबको समान समय दिया है जो उसका सदुपयोग करता है उसका सपना अवश्य साकार होता है।

# शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

### तहसील चुनार में जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियो की सुनी समस्याएं

### तहसील चुनार में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 131 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर 11 का किया गया निस्तारण

**समाज जागरण**
मीरजापुर / शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील चुनार में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियो की समस्याओं को सुना गया। तहसील चुनार में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 131 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 11 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियो को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूरी पारदर्शिता गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को पूरी पारदर्शिता गुणवत्तापूर्ण से निस्तारण करे ताकि फरियादी को एक



शिकायत को लेकर बार-बार तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जा, पैमाइश आदि के मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजकर दोनो पक्षों की उपस्थिति में उनकी बातो को सुनते हुए पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाए। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 में प्राप्त शिकायतो के निस्तारण के पूर्व शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर उनकी शिकायत को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए शिकयत का निस्तारण करने के उपरान्त ही पोर्टल अपलोड जाए कि ताकि असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त न हों। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलो में यथा-तहसील सदर में अपर आयुक्त प्रशासन व अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्राप्त 183 में 31 का निस्तारण, तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 विनोद कुमार सिंह के समक्ष प्राप्त 82 प्रार्थना पत्रों में से 07 का निस्तारण एवं तहसील मड़िहान में उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा के समक्ष प्राप्त 95 प्रार्थना पत्रो में से 05 का निस्तारण किया गया। तहसील चुनार में अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी चुनार अनेग सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कीर्ति कुमार मिश्रा, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# जमुना में चोरी के कोयले से धधक रहे ईंट भट्टे!

### हरद रेलवे साइडिंग और बंद पड़ी खदानों से कोयला चोरी का आरोप, नियमों पर भी उठे सवाल

**समाज जागरण**

अनूपपुर। भालूमाड़ा थाना के जमुना क्षेत्र में संचालित कुछ ईंट भट्टों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र में संचालित कई ईंट भट्टों तक बड़ी मात्रा में चोरी का कोयला पहुंचाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि हरद रेलवे साइडिंग तथा बंद पड़ी खदानों से अवैध रूप से कोयला निकालकर उसे दलालों और कथित कोयला चोरों के माध्यम से ईंट भट्टों तक पहुंचाया जाता है। यही कारण है कि क्षेत्र में लंबे समय से कोयला चोरी का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है, लेकिन जिम्मेदार एजेंसियों की ओर से प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं देती। प्रतिदिन चोरी का कोयला अलग-अलग माध्यमों से ईंट भट्टों तक पहुंचाया जाता है। इसके



लिए कथित तौर पर अलग-अलग लोगों को लगाया गया है, जो बंद खदानों और रेलवे क्षेत्र से कोयला इकट्ठा कर बाइक और साइकिल अन्य साधनों से भट्टों तक पहुंचाते हैं। इसके बाद उसी कोयले से ईंट पकाने का काम किया जाता है।

गांव के समीप संचालित हो रहे ईंट भट्टे जमुना बस्ती के आसपास आबादी से सटे क्षेत्रों में भी ईंट भट्टे संचालित होने की बात सामने आ रही है। भट्टों से निकलने वाला धुआं और राख वातावरण को प्रदूषित कर रही है। इससे आसपास रहने वाले लोगों, बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि यदि ईंट भट्टे निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं तो संबंधित विभाग को तत्काल जांच करनी चाहिए। कोयला चोरी रोकने में नाकाम व्यवस्था? क्षेत्र में चर्चा है कि हरद रेलवे साइडिंग और बंद पड़ी खदानों से लगातार कोयला चोरी हो रही है। इसके बावजूद चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही। यदि नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई की जाए तो इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सकता है। लोगों का यह भी कहना है कि पुलिस और संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की है, लेकिन कोयला चोरी का सिलसिला लगातार जारी रहने से उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

ईंट भट्टों के संचालन के लिए क्या हैं नियम? ईंट भट्टा संचालित करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण मंडल से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है।राजस्व विभाग एवं स्थानीय निकाय से भूमि उपयोग संबंधी अनुमति आवश्यक होती है। भट्टा आबादी, स्कूल, अस्पताल तथा सार्वजनिक स्थानों से निर्धारित दूरी पर होना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम एवं वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है। ईंधन के रूप में प्रतिबंधित या चोरी की सामग्री का उपयोग पूरी तरह अवैध है। श्रम कानूनों का पालन, मजदूरों की सुरक्षा तथा बाल श्रम निषेध के नियमों का पालन भी आवश्यक होता है। यदि कोई ईंट भट्टा इन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध जुमार्ना, संचालन पर रोक तथा अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

जांच से ही सामने आएगी सच्चाई स्थानीय नागरिकों की मांग है कि जिला प्रशासन, खनिज विभाग, प्रदूषण नियंत्रण मंडल, रेलवे सुरक्षा बल (RPF), जीआरपी तथा पुलिस संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाएं। साथ ही यह भी जांच होनी चाहिए कि सभी ईंट भट्टे निर्धारित नियमों और पर्यावरणीय मानकों का पालन कर रहे हैं या नहीं।

यदि जांच में अनियमितताएं सामने आती हैं तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होना आवश्यक है, ताकि सरकारी संपत्ति की चोरी पर रोक लगे, पर्यावरण की रक्षा हो सके और वैध कारोबार करने वालों के साथ अन्याय न हो। स्थानीय लोगों का मानना है कि प्रभावी कार्रवाई से ही क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे इस कथित अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# कमीशन न देना सरपंच को पड़ा महंगा, खोनी पडी सरपंची

### फर्जी जांच में फंसाकर पद से निपटाया

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली, -- अमृत सरोवर में कमीशन न देना गिंजरी ग्राम पंचायत के सरपंच को बडा महंगा पड गया, जिसकी कीमत सरपंच जैसे महत्वपूर्ण पद से हट कर चुकानी पड गई। उमरिया जिले की जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत गिंजरी के सरपंच नन्हू सिंह को जिला पंचायत उमरिया के मुख्य कार्य पालन अधिकारी

अभय सिंह ओहरिया ने ग्राम पंचायत एवं स्वराज अधिनियम की धारा 40 के रहता कार्यवाही करते हुए पद से पृथक करने की कार्यवाही की है।जिसे सिरे से नकारते हुए सरपंच नन्हू सिंह ने कूटरचित बताते हुए उन पर लगाये गये आरोपों का खंडन करते हुए आयुक्त कार्यालय में आवेदन देकर पूरे मामले की निष्पक्षजांच कराने की मांग की है।नन्हू सिंह ने बताया कि हमसे 10% कमीशन की मांग की गयी थी और जब यह राशि उपलब्ध नहीं हुई तो जिला पंचायत के मुखिया के मुखिया से लेकर उपयंत्री और एस डी ओ ने मिलकर कूट रचना करते हुए पद से हटाने की चाल चलते हुए गिंजरी सरपंच को बाहर का रास्ता दिखाया है। जिला पंचायत के इस झूठी कार्यवाही को व्देष पूर्ण मानते हुए सरपंच ने 14 जुलाई 2026 को आयुक्त शहडोल को लिखित ज्ञापन देकर आवेदन की निष्पक्ष जाँच की मांग करते हुए न्याय न मिलने की दशा में आत्मदाह की चेतावनी भी दी है। कमीशन कांडः बरबसपुर



जोगी नाला में बने अमृत सरोवर का काम नियमानुसार हुआ। पर उपयंत्री ने स्वीकृत राशि का 10% कमीशन मांगा। न देने पर 6 महीने तक काम का मूल्यांकन रोके रखा।

फर्जी कागजः 17.12.2025 को बिना मूल्यांकन पत्रक के ही माप-पुस्तिका जनपद में जमा करा दी गई। जनवरी 2026 में मूल्यांकन पर्ची मिली तब जाकर मनरेगा पोर्टल पर बिल चढ़ा, पर राशि न आने से भुगतान नहीं हुआ।

उल्टी कार्रवाईः सरपंच ने उपयंत्री की शिकायत की। जवाब में उएड ने जल संसाधन विभाग उमरिया के कार्यपालन यंत्री से कूटरचित जांच प्रतिवेदन बनवाकर 03.03.2026 को सरपंच को ही धारा 40 में पद से हटा दिया। धमकीः सरपंच का कहना है जांच के लिए आवेदन देने पर 04.03.2026 को उन्हें धमकी भी दी गई। सरपंच की मांग सरपंच नन्हू सिंह ने ज्ञापन में लिखाः "मेरी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराकर हटाने का आदेश निरस्त किया जाए। अन्यथा मैं आदिवासी सरपंच आत्मदाह कर लूंगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मुख्य कार्य पालन अधिकारी अभय सिंह ओहरिया और फर्जी जांचकर्ता की होगी।"

उन्होंने 03.07.2026 को संभाग स्तरीय जनसुनवाई में भी गुहार लगाई थी।

**सवाल**

जब शिकायतकर्ता ही आरोपी बन जाए, तो भ्रष्टाचार कौन रोकेगा? प्रशासनिक अधिकारियों के इस रवैये से जिले भर के जनप्रतिनिधियों में भय का माहौल है। सरपंचों ने सामूहिक ज्ञापन देकर उपयंत्री की थी शिकायत -- मलियागुडा सेक्टर के सभी सरपंचों ने इस क्षेत्र के सभी आदिवासी सरपंचों ने उपयंत्री रश्मि व्दिवेदी के विरुद्ध शिकायत करते हुए हटाने की मांग की थी लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों को जन प्रतिनिधियों की आवाज सुनाई कहा देती है।

# फरवरी में खुलनी थी निविदा, आज भी ठण्डे बस्ते में

### उमरिया में 12.73 करोड़ के 5 छात्रावास भवन लटके आदिवासी छात्रों का भविष्य अधर में

**समाज जागरण**

उमरिया -- जनजातीय कार्य विभाग की लापरवाही से जिले में 12 करोड़ 73 लाख रुपए की 5 छात्रावास भवन परियोजनाएं 4 महीने से अटकी पड़ी हैं। विभाग ने टेंडर खोलने की तारीख फरवरी तय की गयी थी, लेकिन आज तक निविदाएं नहीं खोली गईं। कार्यालय कलेक्टर, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 03.01.2026 को निविदा क्रमांक टेंडर/निर्माण/2025-26/123 जारी की गई थी। इसमें स्पष्ट लिखा था कि ऑनलाइन निविदाएं 06.02.2026 को खोली जाएंगी। आवेदन की अंतिम तिथि 04.02.2026 रखी गयी थी। विदित होवे की उमरिया जिले के छात्रावास भवनों के निर्माण कराने के लिए पाली विकास खंड के बकेली छात्रावास के लिए 327.63 लाख, मालाचुआ और बन्नौदा छात्रावास के लिए -67.15 लाख रुपए और मानपुर विकास खंड के मानपुर छात्रावास के लिए 327.67 लाख हरदी छात्रावास - 223.36 लाख कुलः 12.73 करोड़ रुपए की निविदा आन लाइन निकाला गया था, सभी भवनों को 18 माह में पूरा करना था, लेकिन आदिम जाति विभाग की उदासीनता के चलते फरवरी में खुलने वाले निविदा आज भी ठण्डे बस्ते में कैद होकर रह गयें है। आदिवासी छात्रों का नुकसान -- आदिवासी छात्रों के शिक्षण व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने और उन्हें सुविधा युक्त आवासीय शिक्षा प्रदान करने के लिए छात्रावास भवनों के निर्माण कराने की मंशा पर आदिम जाति विभाग पानी फेरते नजर आ रही है। बताया जाता है कि इन भवनों के अधर में लटक जाने से छात्रों का भविष्य अंधकार में फंस कर रह गया है।

भवनों की बढेगी लागत राशि -- जनवरी में हुई इस निविदा प्रक्रिया में जो दर पर ठेकेदार काम करने के लिए निविदा डाली गयी थी, बढती महंगाई और हर छःमाह में बढी मजदूरी प्रक्रिया के तहत जो टेंडर डाले गयें है, उन पर अब काम करने के लिए ठेकेदारों की बाध्यता समाप्त हो गयी है। अनावश्यक विभागीय विलंबता के कारण इन कार्यों की टेंडर राशि में वृद्धि होने की आशंका बन गयी है।

छात्रावास न बनने से आदिवासी छात्र आवासीय शिक्षा से बंचित हो रहें हैं। आदिम जाति विभाग की इस शिथिल कार्य शैली ने कई सवाल खड़े कर दिये है कि शिक्षा के प्रति इतनी उदासीनता ने जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को कठघरे में खड़ा करके रख दिया है।

**विभाग मौन**

इस संबंध में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग उमरिया से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके शासकीय मोबाइल नंबर 7049855242 पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा।

# आखिर कब होगी जिले में एल्डरमैन की घोषणा?

### नगरीय निकाय चुनाव नजदीक, फिर भी अनूपपुर की नगर पालिका और नगर परिषदों में नियुक्ति का इंतजार

**समाज जागरण**

अनूपपुर। प्रदेश में वर्ष 2027 के संभावित नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। ऐसे समय में अनूपपुर जिले की तीन नगर पालिकाओं और छह नगर परिषदों में अब तक एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) की नियुक्ति नहीं होने से राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जिले के सभी नगरीय निकायों में निर्वाचित परिषदें कार्य कर रही हैं, लेकिन एल्डरमैन के रिक्त पद अब भी भरे नहीं गए हैं। इन पदों पर नियुक्ति का अधिकार राज्य शासन के पास होता है और सामान्यतः समाज सेवा, शिक्षा, संस्कृति, खेल तथा अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को मनोनीत किया जाता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब शहडोल संभाग के अन्य दोनों जिले–शहडोल और उमरिया–की नगर पालिकाओं एवं नगर परिषदों में एल्डरमैन की घोषणा पहले ही हो चुकी है, तब अनूपपुर जिले को अब तक इस प्रक्रिया से क्यों वंचित रखा गया है? इसको लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकताओं और दावेदारों में भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

सूत्रों के अनुसार जिले में कई नाम लंबे समय से चर्चा में हैं और अनेक सामाजिक कार्यकर्ता तथा राजनीतिक पदाधिकारी भी एल्डरमैन बनने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हालांकि अब तक शासन की ओर से कोई आधिकारिक सूची जारी नहीं की गई है। इससे दावेदारों की प्रतीक्षा लगातार लंबी होती जा रही है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि नगरीय निकाय चुनाव निर्धारित समय पर होते हैं, तो एल्डरमैन का कार्यकाल बहुत सीमित रह जाएगा। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर इतनी देरी किस कारण हो रही है और क्या चुनाव से पहले इन नियुक्तियों की प्रक्रिया पूरी हो पाएगी?

जिले की तीन नगर पालिकाओं और छह नगर परिषदों के नागरिकों का भी मानना है कि यदि शासन ने एल्डरमैन नियुक्त करने का प्रावधान किया है, तो समय पर नियुक्तियां भी होनी चाहिए, ताकि मनोनीत सदस्य अपने अनुभव और सुझावों से स्थानीय विकास कार्यों में प्रभावी भूमिका निभा सकें। अब सभी की निगाहें राज्य शासन पर टिकी हैं। देखना यह होगा कि अनूपपुर जिले के नगरीय निकायों में एल्डरमैन की घोषणा कब होती है, या फिर यह मामला सीधे आगामी नगरीय निकाय चुनाव तक लंबित ही रहेगा।

# हटा बीएमओ और सीडीपीओ ने हिनोता क्षेत्र में आंगनवाड़ी व आरोग्य केंद्रों का किया निरीक्षण, लापरवाही पर नोटिस जारी

### व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। हटा विकासखंड में स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों एवं आरोग्य केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान हटा के बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल एवं महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव राय ने हिनोता क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर सेवाओं की गुणवत्ता, उपस्थिति, साफ-सफाई तथा हितग्राहियों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की नियमित उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, वजन मापन, टीकाकरण संबंधी अभिलेख, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पंजीयन तथा संचालित गतिविधियों की समीक्षा की। वहीं आरोग्य केंद्रों में मरीजों को उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाएं, दवाइयों की उपलब्धता, रिकॉर्ड संधारण एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान



कुछ केंद्रों में व्यवस्थाओं में लापरवाही एवं अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचना चाहिए तथा कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखना विभाग की प्राथमिकता है। सभी स्वास्थ्य कर्मी नियमित रूप से केंद्रों पर उपस्थित रहकर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। वहीं सीडीपीओ शिव राय ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं को बच्चों के पोषण स्तर में सुधार, नियमित गृह भ्रमण तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के संयुक्त निरीक्षण आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके और आमजन को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो

# बुढार नगर का गौरव NEET ´रीक्षा में अभिराज जैन ने 4175 वि रैंक प्राप्त की।

**समाज जागरण बुढार**

नगर के अविराजबजैन ने NEET 2026 परीक्षा में 4175सी रैंक प्राप्त कार नगर का गौरव बढ़ाया है। श्रीमती संगीता जैन मुकेश (प्रेम कलेक्शन बुढार)के सुपुत्र अविराज जैन ने 10th तक की शिक्षा DAV बुढार से प्राप्त की एवं आगे की पढ़ाई के लिए बुरहानपुर के .माइक्रो विजन अकादमी का चयन किया जहां श्री आनंद जी चौकसे एवं श्रीमति विजया



चौकसे का उचित मार्गदर्शन प्राप्त होने पर सर्वप्रथम 12th की परीक्षा में 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पांचवा स्थान दर्ज किया उसके बाद पहले ही प्रयास में NEET की परीक्षा में भी 720 में से 625 अंक प्राप्त कर स्कूल में तीसरा स्थान एवं AIR4175 प्राप्त किया।

अविराज जैन की इस सफलता पर नगरवासियों, जैन समाज के लोगों एवं इस्ट मित्रों ने बधाईयां प्रेषित की है

# टाईम्स गुरुकुलम शहडोल – जहाँ हर छात्र की मेहनत को मिलती है सही दिशा

**समाज जागरण**

शहडोल जैसे शहर में रहकर भी जेईई और नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता हासिल की जा सकती है। इसी विश्वास को पिछले 19 वर्षों से साकार कर रहा है टाईम्स गुरुकुलम शहडोल। संस्थान के निदेशक एवं प्रसिद्ध फिजिक्स-केमेस्ट्री शिक्षक जितेंद्र शुक्ल के अनुभवी मार्गदर्शन में यहाँ विद्यालयी शिक्षा के साथ-साथ जेईई और नीट की सुनियोजित तैयारी कराई जाती है। रायपुर, इंदौर, वाराणसी और राजस्थान जैसे प्रमुख शैक्षणिक केंद्रों से आए अनुभवी शिक्षक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। आधुनिक शिक्षण पद्धति, नियमित



टेस्ट, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और अनुशासित वातावरण संस्थान की विशेष पहचान हैं। वर्ष 2026 में संस्थान के विद्यार्थियों ने नीट और जेईई में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए शहडोल का नाम रोशन किया। अपूर्व सिंह ने जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक 1438 प्राप्त की, वहीं कई विद्यार्थियों ने नीट में उत्कृष्ट अंक अर्जित किए। बोर्ड परीक्षाओं में भी संस्थान के छात्रों ने प्रदेश मेरिट में स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। टाईम्स गुरुकुलम का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्कृष्ट व्यक्तित्व का विकास करना है। यही समर्पण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और भरोसा पिछले लगभग दो दशकों से हजारों विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान दे रहा है।

# शुभम साहू ने NEET में हासिल किए 558 अंक, 98.41 पर्सेंटाइल के साथ क्षेत्र का नाम किया रोशन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

मानपुर। ग्राम पंचायत अमिलिया, पोस्ट बल्हौड़ निवासी शुभम साहू ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा NEET-UG 2026 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। शुभम ने 720 में से 558 अंक प्राप्त करते हुए 98.419 पर्सेंटाइल हासिल किया है। उनकी ऑल इंडिया रैंक 31,264 रही।

शुभम साहू ने कक्षा 12वीं तक की शिक्षा मानपुर के प्रतिष्ठित नवज्योति अकादमी हायर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की। किसान परिवार से आने वाले शुभम के पिता जयपाल साहू किसान हैं, जबकि माता पुष्पा साहू आशा कार्यकर्ता हैं।

ग्रामीण परिवेश से आने वाले शुभम ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर NEET जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनकी उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शुभम की सफलता पर परिजनों, विद्यालय परिवार और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नशा से है दूरी, जरूरी 2.0 अभियान के तहत शासकीय माध्यमिक शाला लक्ष्मण कुटी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### विद्यार्थियों ने निकाली नशा मुक्ति रैली, दिलाई गई शपथ, स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज निर्माण का दिया संदेश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार संचालित 'नशा से है दूरी, जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला लक्ष्मण कुटी में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था।




कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। सभी ने तंबाकू, शराब एवं अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया।

इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने गांव में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो", "स्वस्थ युवा, सशक्त भारत", "नशा मुक्त बने हमारा समाज" जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से अपने घर-परिवार और आसपास के लोगों को भी नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया गया। विद्यालय परिवार ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# कलेक्टर प्रताप नारायण यादव का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में औचक निरीक्षण, 7 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

### 05 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन राजसात, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने शुक्रवार को जिले के विकासखंड पटेरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान सात कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने अनुपस्थित कर्मचारियों द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लगातार लापरवाही बरते जाने को गंभीरता से लेते हुए मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) को संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कारण बताओ आरोप पत्र जारी करने के निर्देश दिए।



निर्देशों के पालन में बीएमओ ने मलेरिया निरीक्षक रवि कुमार नेमा, डाटा एंट्री ऑपरेटर (एनएचएम) रमाशंकर प्रजापति, कम्प्यूटर ऑपरेटर नीलिमा प्रसाद, एसटीएस प्रदीप राही, नर्सिंग ऑफिसर लक्ष्मी विश्वकर्मा, बीएएम अनूप रोहित तथा वार्ड बाय अतुल चौधरी को दो दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके अलावा कलेक्टर के निर्देश पर मलेरिया निरीक्षक रवि कुमार नेमा, एसटीएस प्रदीप राही, कम्प्यूटर ऑपरेटर नीलिमा प्रसाद, डाटा एंट्री ऑपरेटर रमाशंकर प्रजापति एवं वार्ड बाय अतुल चौधरी के वेतन से एक दिवस का वेतन राजसात करने की कार्रवाई भी की गई है।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता और बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में समय पर कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा आमजन को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# आजादी के 79 साल बाद भी सड़क का इंतजारः मोहरा टपरियां के ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, तहसीलदार के नाम सौंपा ज्ञापन

### जर्जर सड़क से गांव का संपर्क होता है बाधित, बरसात में एंबुलेंस तक नहीं पहुंचती; पक्की सड़क निर्माण की उठी मांग

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

पन्ना/रैपुरा। विकास के दावों के बीच रैपुरा तहसील का ग्राम मोहरा टपरियां आज भी पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। आजादी के लगभग 79 वर्ष बाद भी गांव तक पक्की सड़क नहीं बनने से नाराज ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार कार्यालय हरदुआ पटेल पहुंचकर रैपुरा तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा और शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक जाने वाला मार्ग वर्षों से जर्जर हालत में है। बरसात के मौसम में सड़क की स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि गांव का संपर्क लगभग टूट जाता है। आपात स्थिति में एंबुलेंस तक गांव नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। वहीं स्कूली विद्यार्थियों, किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों को प्रतिदिन आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# विंध्य एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी , जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

## 54 गांवों के अभिलेखों की होगी गहन जांच, त्रुटि या लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली विंध्य एक्सप्रेसवे परियोजना के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (एसएलएओ), राजस्व निरीक्षक एवं क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यूपीडा के माध्यम से प्राप्त भूमि क्रय एवं अधिग्रहण प्रस्तावों की प्रारंभिक जांच पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और शुद्धता के साथ की जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना से प्रभावित प्रत्येक गांव का राजस्व अभिलेखों के आधार पर विस्तृत सत्यापन किया जाए तथा किसानवार विवरण निर्धारित प्रारूप में तैयार किया जाए। इसमें ग्राम का नाम, खाता संख्या, कृषक का नाम, भूमि में उसका अंश, सहखातेदारों का विवरण, भूमि सीलिंग की स्थिति तथा अन्य आवश्यक जानकारियां अनिवार्य रूप से अंकित की जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजना क्षेत्र में आने वाली ग्राम सभा, गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट, निष्क्रांत एवं शत्रु संपत्ति से संबंधित भूमि का पृथक एवं प्रमाणिक विवरण तैयार किया जाए। प्रत्येक ग्राम एवं प्रत्येक कृषक का विस्तृत रिकॉर्ड निर्धारित प्रारूप के अनुसार अलग रजिस्टर में संधारित किया जाए, जिससे भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि बड़े ग्रामों में कार्य की गुणवत्ता एवं गति बनाए रखने के लिए दो राजस्व निरीक्षक, संबंधित क्षेत्रीय लेखपाल तथा दो सहयोगी लेखपालों की टीम गठित की जाए। प्रत्येक तहसील अपने स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध ढंग से त्रुटिरहित सूचनाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से तहसील रॉबर्ट्सगंज के 54 ग्रामों में प्रस्तावित गाटा संख्याओं, खातेदारों के नाम एवं उनके पिता के नाम का राजस्व अभिलेखों से मिलान कराने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम सीमाओं का भी भौतिक एवं अभिलेखीय सत्यापन कराया जाए, जिससे सीमांकन संबंधी किसी प्रकार की विसंगति न रहे। यदि किसी परिसंपत्ति अथवा भूमि का विवरण प्रस्ताव में छूट गया हो तो उसका संशोधन प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रस्तावित भूमि वास्तव में किसान के नाम दर्ज है अथवा ग्राम सभा, शासकीय अथवा अन्य श्रेणी की भूमि तो नहीं है। किसी भी स्तर पर अनियमितता, तथ्य छिपाने या जानबूझकर त्रुटि करने की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने कहा कि विंध्य एक्सप्रेसवे सोनभद्र सहित पूरे विंध्य क्षेत्र के विकास की आधारशिला साबित होगी। ऐसे में भूमि अधिग्रहण से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता, सटीकता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न की जाए, ताकि परियोजना का कार्य बिना किसी बाधा के निर्धारित समय पर प्रारंभ कराया जा सके।

# विद्युत विभाग के उपखंड द्वितीय पन्नूगंज के बड़े बाबू का स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का किया गया आयोजन

## ढाई वर्ष की सेवाओं को किया गया याद, सहकर्मियों ने नम आंखों से दी विदाई

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज तहसील के अधीन विद्युत विभाग के उपखंड द्वितीय (पन्नूगंज) कार्यालय में तैनात सहायक (बड़े बाबू) अभिषेक कुमार का स्थानांतरण होने पर कार्यालय परिसर में भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की।

बताया गया कि अभिषेक कुमार ने लगभग ढाई वर्ष तक कार्यालय में अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने अपने सहकर्मियों एवं कार्यालय से जुड़े लोगों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य किया। स्थानांतरण के बाद उन्हें प्रयागराज मंडल कार्यालय में नई जिम्मेदारी मिली है।

विदाई समारोह के दौरान सहकर्मियों ने उनके कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा का एक हिस्सा है, लेकिन लंबे समय तक साथ काम करने वाले सहयोगी के विदा होने पर भावुक होना स्वाभाविक है।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान माहौल भावुक हो गया और सहकर्मियों ने नम आंखों से अभिषेक कुमार को विदाई दी। उपस्थित लोगों ने कहा कि उनकी कार्यशैली और सहयोगात्मक व्यवहार को लंबे समय तक याद किया जाएगा।

# नीट प्रवेश परीक्षा मे अजय पटेल ने 3187 रैंक प्राप्त कर बढ़ाया जनपद का मान, परिवार व क्षेत्रवासियो मे खुशी की लहर

**समाज जागरण/**

घोरावल/ सोनभद्र। नीट 2026 की प्रवेश परीक्षा में अजय पटेल पुत्र स्वर्गीय डॉक्टर जय सिंह निवासी महावीर कॉलोनी वार्ड नंबर 8 घोरावल ने ऑल इंडिया रैंक 3187 प्राप्त किया ' इन्होंने नीट परीक्षा20 26 में 720 में 632 अंक प्राप्त किया अजय की इस सफलता से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई शनिवार को अजय पटेल के घर पर परिवार, मोहल्ले व शुभचिंतकों द्वारा एक सम्मान सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक विद्यालय बेलवनिया के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह द्वारा अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर अजय को सम्मानित किया गया तथा संतोष पाठक एडवोकेट, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय मिश्रा पशु चिकित्सक डॉक्टर श्रीश उपाध्यक्ष अरुण तिवारी एडवोकेट मनोज तिवारी शिक्षक दिलीप विश्वकर्मा प्रशांत सिंह गोपाल गोविंद पाल ने अजय का माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आपको बताते चलें कि अजय पटेल के पिता स्वर्गीय जय सिंह मूल रूप से कुशी, घोरावल के निवासी थे बीएएमएस करने के बाद वे वार्ड नंबर 8 घोरावल में अपना निजी स्थान अस्पताल आकांक्षा क्लीनिक चलाते थे कोरोना काल में सन 2020 में डॉक्टर जय सिंह की मृत्यु



कोरोना से हो गई तब से अजय पटेल की मां बेगमती ने ही अपने बेटे व बेटी की जिम्मेदारी उठाई घर पर मम्मी बेगमती अजय पटेल व छोटी बहन आकांक्षा रहती है। अजय पटेल शुरू से ही मेधावी थे इन्होंने गीतांजलि पब्लिक स्कूल घोरावल से हाई स्कूल 91% तथा राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज राबर्ट्सगंज से इंटर 86 प्रतिशत से पास किया पिता की मृत्यु के बाद बेहद शांत व गंभीर रहने वाले अजय पटेल ने बगैर किसी कोचिंग के तथा अपनी मां की प्रेरणा से स्वाध्याय के बल पर घर पर ही अपनी तैयारी में लग रहे तथा परिवार की विकट परिस्थिति के बावजूद भी इन्होंने दूसरे प्रयास में ही नीट परीक्षा अच्छे रैंक से हासिल किया। अजय पटेल अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता को देते हैं।

आज के सम्मान समारोह में संतोष पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि अजय ने तहसील व जिले का नाम किया इन्होंने अपने माता-पिता के सपने को साकार किया प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि अजय शुरू से ही कुशाग्र बुद्धि के रहे हैं, इनकी सफलता से हम सभी गौरवान्वित है प्राथमिक विद्यालय बेलवनिया के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने कहा कि अजय की सफलता से बच्चे प्रेरित होंगे कि प्रतियोगी परीक्षाओं में घर पर अध्ययन करके भी सफलता प्राप्त हो सकती है।

उक्त अवसर पर शीश पाठक, सहज सिंह, आकाश पाठक, आशीष, सत्यम मिश्रा, सक्षम मिश्रा, आयुष आदि लोग उपस्थित रहे।

# रोज गेट से गुजरने वाला डिलीवरी बॉय अचानक हो गया 'अनजान'!

**समाज जागरण/ अकबर अली**

बीजपुर/ सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। डोडहर निवासी सत्यम विश्वकर्मा, जो निजी कंपनी Sadofax में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्य करता है और प्रतिदिन एनटीपीसी रिहंद परिसर में सामान पहुंचाता है, उसे कथित तौर पर मुख्य गेट पर आईडी कार्ड न होने के कारण रोक दिया गया।



बताया जा रहा है कि सत्यम ने सुरक्षा कर्मियों को आधार कार्ड दिखाते हुए बताया कि वह रोजाना इसी परिसर में डिलीवरी करने आता है। इसके बावजूद उसे प्रवेश नहीं दिया गया। आरोप है कि उसका सामान और बाइक भी जब्त कर ली गई तथा मैनेजर को बुलाने के लिए कहा गया। इससे न केवल डिलीवरी प्रभावित हुई, बल्कि यह सवाल भी खड़ा हो गया कि जो व्यक्ति रोज इसी गेट से अंदर जाता है, वह अचानक सुरक्षा व्यवस्था के लिए अनजान कैसे हो गया? विडंबना यह भी है कि परिसर में आम लोगों को हेलमेट और अन्य नियमों के नाम पर सख्ती से रोका जाता है, जबकि कई बार सुरक्षाकर्मी उन्हीं नियमों का पालन करते नहीं दिखते। सवाल यह नहीं कि सुरक्षा जांच क्यों हुई, बल्कि यह है कि क्या सुरक्षा व्यवस्था का उद्देश्य व्यवस्था को आसान बनाना है या रोजी-रोटी कमाने वालों के लिए नई परेशानियां खड़ी करना? यदि कोई कर्मचारी नियमित रूप से परिसर में सेवा दे रहा है, तो उसके लिए

स्थायी और स्पष्ट व्यवस्था होना भी प्रबंधन की जिम्मेदारी है। वरना सुरक्षा के नाम पर आम लोगों को गेट पर रोकना और काम बाधित करना, व्यवस्था से अधिक अव्यवस्था का संदेश देता है।

# चोपन में 20 जुलाई से विश्व शांति महायज्ञ व श्रीराम कथा महोत्सव, भव्य कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। जनपद का चोपन नगर एक बार फिर भक्ति, वैदिक परंपराओं और सनातन संस्कृति की दिव्य आभा से आलोकित होने जा रहा है। नगर के चोपन गांव स्थित मां मेड़र माता मंदिर परिसर में 20 जुलाई से 27 जुलाई तक विश्व शांति महायज्ञ एवं श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं, जिसे लेकर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह है। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, परम पूज्य दिलीप महाराज जी प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक श्रीराम कथा का दिव्य रसपान कराएंगे। भगवान



श्रीराम के आदर्श जीवन, मयार्दा, धर्म, त्याग और लोककल्याण के संदेशों से श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा और जीवनोपयोगी प्रेरणा प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 20 जुलाई को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा और शोभायात्रा के साथ होगा। यह शोभायात्रा चोपन बैरियर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आयोजन स्थल मां मेड़र माता मंदिर अल्ट्राटेक पानी टंकी परिसर पहुंचेगी। वैदिक मंत्रोच्चार, भक्ति गीतों और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ निकाली जाने वाली यह शोभायात्रा पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर देगी। इस विराट धार्मिक आयोजन के आयोजक धमाचार्य शिवकुमार पहाड़ी बाबा हैं। कार्यक्रम के संरक्षक मंडल में राजा मिश्रा, नागेश्वर गौड़, सुनील सिंह, श्यामा चरण गिरी, राजकुमार यादव और संतोष साहनी सहित अनेक समाजसेवी एवं श्रद्धालु सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने के लिए नगर के गणमान्य नागरिकों तथा युवाओं द्वारा दिन-रात तैयारियां की जा रही हैं। विश्व शांति महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण, विश्व शांति, सामाजिक समरसता एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। यज्ञ एवं श्रीराम कथा के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव, धार्मिक जागरण तथा आध्यात्मिक चेतना का संचार करने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम कथा का श्रवण करने की अपील की है।

साथ ही, विश्व शांति महायज्ञ में अपनी श्रद्धा, भक्ति और सामर्थ्य के अनुसार हवन सामग्री एवं सहयोग अर्पित कर इस पुण्य यज्ञ के सहभागी बनने का आग्रह किया है। समिति का कहना है कि विश्व शांति एवं मानव कल्याण के इस महा अनुष्ठान में सहभागिता कर प्रत्येक श्रद्धालु पुण्य लाभ का भागी बन सकता है।

# सोनभद्र के 14 नेटवर्क विहीन गांवों में लगेंगे BSNL के 4Gमोबाइल टॉवर,जल्द मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जनपद के दूरदराज के क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही मोबाइल नेटवर्क की समस्या अब जल्द खत्म होने वाली है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर बीएसएनएल रॉबर्ट्सगंज, घोरावल और दुद्धी तहसील के 14 गांवों में 4G मोबाइल टॉवर स्थापित करेगा। टॉवर स्थापना का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के कई गांवों में लोगों को मोबाइल नेटवर्क के लिए ऊंचे स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, आपातकालीन सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई होती है। अब इन गांवों में बेहतर मोबाइल और इंटरनेट



सुविधा उपलब्ध होगी। पहले चरण में रॉबर्ट्सगंज तहसील के नगवां, दरमा, मड़कुरी, सांडसोत, घोरावल तहसील के ढोलो,

सपही, अमिलीपोखर, मूर्तिया, देवगढ़ तथा दुद्धी तहसील के डूमा, जौराही, गंगहर, शिशवा और पतखिरना में 4Gटॉवर लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण के लिए भी प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इसमें दुद्धी के सोढ़ो, बिच्छी, कोटा, जोरकहू तथा ओबरा तहसील के पकरी, झरिया, कंधौरा, भरमहोरी, कनेहरा और बैरपुर में भी मोबाइल टॉवर स्थापित किए जाएंगे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चतरा खण्ड का वनविहार कार्यक्रम हुआ संपन्न

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं द्वारा चतरा खण्ड का वनविहार कार्यक्रम चरका शिव मंदिर पर किया गया। उस कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक बंधुओं ने सैकड़ों की संख्या में भाग लिया। प्रकृति के बीच जाकर इस कार्यक्रम का आनंद सभी ने खूब उठाया। हल्की बारिश के साथ बाटी चोखा खीर स्वयंसेवक बंधुओं ने बनाई और सामूहिक रूप से भोजन किया।



इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक राकेश चौबे का बौद्धिक रहा। उन्होंने स्वयंसेवक के गुण और कार्य पर प्रकाश डालते हुए सभी को बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष में हम सभी को यह तय करना चाहिए कि राष्ट्र निर्माण में हमारी भूमिका क्या है और हम सभी कार्यकर्ता भले ही अलग अलग मार्ग पर चल रहे हैं किंतु हम सभी का लक्ष्य एक है "भारत माता की जय" इस बात को हम सभी को निरन्तर ध्यान रखना होगा। समरसता और पर्यावरण संरक्षण पर भी संघ के स्वयंसेवक अद्भुत परिवर्तन कर रहे हैं जिन्हें और भी साकार रूप देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर खण्ड संघचालक लवकुश, खण्ड कार्यवाह चतरा अधिवक्ता लालू प्रसाद यादव, खण्ड प्रचारक राज, सह खण्ड कार्यवाह सुनील सिंह, शीतला आचार्य, खण्ड व्यवस्था प्रमुख त्रिलोकी, सुशील, नंदलाल, मोहन, प्रेमनाथ, प्रदुम्न, विविध संगठनों में काम करने वाले स्वयंसेवक बंधुओं ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# भूजल सप्ताह: जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान, डीएम ने दिलाई शपथ

**समाज जागरण**

घोरावल/ सोनभद्र। स्थानीय तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने प्रदेश सरकार द्वारा 16 से 22 जुलाई तक मनाए जा रहे भूजल सप्ताह के अंतर्गत जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष भूजल सप्ताह की थीम "जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प" केवल एक नारा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए वर्षा जल का अधिकतम संचयन, तालाबों, कुओं और अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण तथा जल का विवेकपूर्ण उपयोग समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भूजल सप्ताह के दौरान जनजागरूकता रैली, पौधरोपण, वर्षा जल संचयन, जल निकायों की साफ-सफाई एवं संरक्षण सहित सभी निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी ढंग से आयोजन किया जाए। साथ ही उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अपने घरों, गांवों और आसपास जल संरक्षण के उपाय अपनाकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस दौरान जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे




फरियादियों की समस्याएं भी गंभीरता से सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता को त्वरित न्याय और बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा), जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया।

# भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौके पर ही मौत, मृतकों के परिजनों में मातम

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। जनपद में शुक्रवार रात एक भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौके पर ही मौत होने की घटना से परिजनों समेत पूरे गांव में मातम छा गया, यह घटना विंढमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हीराचक बैगा धाम के पास एनएच-39 पर रात करीब 9 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हीराचक बस्ती से अपने गांव लौट रहे बाइक सवार युवकों को विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों ने तुरंत डायल-112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर विंढमगंज थाना प्रभारी निरीक्षक रविकांत मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतकों की पहचान देवड़ी निवासी अखिलेश कुमार (35) पुत्र शिवप्रसाद और अंकुर (25) पुत्र छद्दू के रूप में की। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की खबर



मिलते ही मृतकों के परिजनों में मातम छा गया। बताया जा रहा है कि अखिलेश अपने ससुराल आया हुआ था और वापस लौटते समय यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार, बैगा धाम के आगे मुख्य सड़क किनारे महुआ के पेड़ों वाले क्षेत्र में पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उनका कहना है कि यह स्थान अब दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन गया है, जहां अक्सर हादसे होते रहते हैं। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# आबादी के बीच खनन- ब्लास्टिंग का विरोध तेज, माले व किसान महासभा ने प्रशासन को चेताया, दिया ज्ञापन

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय तहसील क्षेत्र के खैरटिया गांव में आबादी के समीप हो रहे खनन और ब्लास्टिंग के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध लगातार बढ़ रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन और अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार नरेंद्र राम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आबादी के पास हो रहे खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। भाकपा जिला सचिव सुरेश कोल ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि 17 जुलाई को दोपहर करीब 12:47 बजे हुई ब्लास्टिंग के दौरान पत्थरों के टुकड़े उड़कर कई ग्रामीणों के मकानों की खपरैल और आंगन में गिरे। ग्रामीणों ने बताया कि संयोगवश कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पूरे गांव में दहशत का माहौल है। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला संयोजक नंदलाल यादव ने कहा कि गांव की आबादी से मात्र 25-30 मीटर की दूरी पर खनन और ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर उड़कर मवेशियों को भी लग रहे हैं और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। खनन क्षेत्र के पास प्राथमिक विद्यालय भी स्थित है, जहां बच्चे प्रतिदिन आते-जाते हैं। साथ ही, गांव के रास्तों से लगातार टिप्परों के संचालन से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें धमकियां दी जाती हैं और कुछ लोगों को लालच देकर आंदोलन कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। किसान महासभा ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को ओबरा, सोनभद्र, लखनऊ और दिल्ली तक ले जाया जाएगा। संगठन का कहना है कि यह केवल खनन का नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन, सुरक्षा और संवैधानिक अधिकारों का मुद्दा है। गौरतलब है कि ओबरा थाना क्षेत्र के खैरटिया गांव में आबादी के समीप संचालित पत्थर खदान के खिलाफ शुक्रवार को ग्रामीणों का गुस्सा तब फूट पड़ा था, जब ब्लास्टिंग के दौरान उड़ रहे पत्थरों से जान का खतरा बन गया था। लगातार हो रहे धमाकों से परेशान ग्रामीण बड़ी संख्या में खदान पर पहुंच गए और हंगामा करते हुए खनन कार्य बंद करा दिया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ को देखकर खदान कर्मचारी मौके से भाग निकले थे। आरोप है कि कर्मचारी विस्फोटक सामग्री भी वहीं छोड़कर चले गए थे।

# जुगैल पुलिस की कार्रवाई: मारपीट व महिला से अभद्रता के मामलों में तीन गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

जुगैल/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निदेशों के अनुपालन में, जुगैल पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां मारपीट और महिला से अभद्रता के दो अलग-अलग मामलों में की गई हैं। पहला मामला 18 जुलाई 2026 को वादी अत्ताउल्लाह यादव पुत्र शोभा निवासी ग्राम भीतरी की सूचना पर दर्ज किया गया। अत्ताउल्लाह ने बताया कि उनके खेत में विपक्षियों के जानवर घुस जाते हैं, जिसका विरोध करने पर राजेश पुत्र रामपति यादव और संतोष पुत्र मैनेजर यादव ने उनके साथ मारपीट की। इस सूचना पर मुकदमा अपराध संख्या 89/2026 के तहत धारा 115(2), 352, 351(3), 191(2) इठर में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त राजेश और संतोष को गिरफ्तार किया गया।इसी प्रकार, आवेदिका रानी पत्नी मनोहर निवासी चतरवार, थाना जुगैल ने सूचना दी कि अक्षय वर्मा पुत्र नरेश वर्मा उनकी दुकान से उधार सामान लेता है। सामान के पैसे मांगने पर वह अश्लील गालियां देता है और उनके विकलांग पति को भी अपशब्द कहता है। पूछताछ के दौरान अक्षय वर्मा के उग्र होने पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राजेश (उम्र 32 वर्ष) पुत्र रामपति यादव और संतोष (उम्र 23 वर्ष) पुत्र मैनेजर यादव, दोनों निवासी ग्राम टोला भीतरी, थाना जुगैल शामिल हैं। अक्षय वर्मा का विवरण भी दिया गया है। इन गिरफ्तारियों को 17 जुलाई 2026 को रात 10:30 बजे अंजाम दिया गया। सभी अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप वर्मा, उपनिरीक्षक मेराज खां, कांस्टेबल अजय और कांस्टेबल अशोक अहिरवार, सभी थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र से शामिल थे।

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें


**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**





आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.









विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.





वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.









# कालांवाली गांव में एक वर्ष बाद गरीब परिवार से मिले दो बच्चे, पुलिस प्रशासन के सराहनीय प्रयास से लौटी खुशियां

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) कालांवाली गांव में किराए का मकान लेकर प्रवासी मजदूर अपने परिवार के साथ रह रहे थे' उल्लेखनीय है कि समाज जागरण समाचार पत्र के माध्यम बच्चों के बारे में जानकारी मिलने कि अपील कि गई थी। मां शहनाज ने थाना कालांवाली में दोनो बच्चों की गुमशुदा कि शिकायत एक वर्ष पहले थाना कालांवाली में दी। पुलिस प्रशासन के सहरानीय प्रयास से उत्तर प्रदेश गोरखपुर पुलिस व कालांवाली पुलिस प्रशासन के प्रयास से दोनों बच्चों बड़े बच्चे की आयु 10वर्ष और छोटे की 6 वर्ष की करीब है। दोनों बच्चे शाम 7बजे घर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन का




धन्यवाद किया और परिवार को बधाई दी' मिली जानकारी के अनुसार लोकेशन के
आधार कालांवाली गांव को सर्च कर साईन बोर्ड के मोवाईल नंबर पर फोन आया और डा. अशोक डमोलिया ने बच्चों के गुमशुदा होने की बात पुष्टि की गई। बच्चों की फोटो दिखाई गई सुबह 4 बजे पुलिस प्रशासन उत्तर प्रदेश गोरखपुर के लिए रवाना हुए'

करीब एक वर्ष पहले अपने परिवार से बिछड़े गरीब परिवार के दो मासूम बच्चों को उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस के संयुक्त प्रयासों से सकुशल उनके घर पहुंचा दिया गया। बच्चों के घर लौटते ही परिवार की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के ये दोनों बच्चे लगभग एक वर्ष पहले अपने परिजनों से बिछड़ गए थे। परिवार ने उन्हें तलाशने के लिए हरसंभव प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार प्रयास किए। उत्तर प्रदेश पुलिस और हरियाणा पुलिस के आपसी समन्वय, सतर्कता और मानवीय संवेदनशीलता के चलते दोनों बच्चों का पता लगाया गया और सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चों के घर पहुंचते ही परिवार में खुशी का माहौल बन गया। माता-पिता ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने बच्चों के मिलने की उम्मीद लगभग टूट चुकी थी, लेकिन पुलिस के अथक प्रयासों ने उनका बिछड़ा परिवार फिर से मिला दिया।

ग्रामीणों ने भी उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस की मानवीय सोच और संवेदनशील कार्यशैली समाज में विश्वास को मजबूत करती है। गांव में बच्चों के सकुशल लौटने की खबर फैलते ही लोगों ने परिवार को बधाई दी और इस खुशी में अपनी सहभागिता जताई।

# मॉडल टाउन आर-1 बना गोदामों का गढ़! रिहायशी इलाके में धड़ल्ले से कारोबार, आखिर किसकी शह पर हो रहा नियमों का उल्लंघन

**ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही से रहवासी परेशान, हुड्डा और नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) शहर का पॉश और रिहायशी क्षेत्र माने जाने वाला मॉडल टाउन आर-1 इन दिनों एक गंभीर समस्या से जूझ रहा है। जिस क्षेत्र को लोगों के शांतिपूर्ण और सुरक्षित आवास के लिए विकसित किया गया था, वहां अब बड़ी संख्या में गोदाम संचालित होने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे इलाके में जगह-जगह बने गोदामों के कारण मॉडल टाउन आर-1 का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है और यह अब रिहायशी कॉलोनी



कम, व्यावसायिक गोदाम क्षेत्र अधिक दिखाई देता है।

शहरवासियों के अनुसार इन गोदामों में प्रतिदिन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य बड़े वाहनों के माध्यम से माल की लोडिंग और अनलोडिंग की जाती है। इससे क्षेत्र की सड़कों पर जाम जैसी स्थिति बन जाती है और आम लोगों, महिलाओं, बुजुर्गों तथा बच्चों को आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार तेज रफ्तार और भारी वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि यह क्षेत्र पूरी तरह रिहायशी है तो फिर यहां व्यावसायिक गोदामों के निर्माण और संचालन की अनुमति किस आधार पर दी गई? यदि अनुमति नहीं है तो आखिर संबंधित विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे? लोगों का आरोप है कि इस पूरे मामले में हुड्डा विभाग और नगर पालिका की ओर से गंभीर लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि गोदामों के कारण शोर-शराबा, धूल,
भारी वाहनों की आवाजाही और अव्यवस्था से उनका सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है। जिन लोगों ने लाखों रुपये खर्च कर इस पॉश कॉलोनी में अपने घर बनाए थे, वे अब खुद को असुरक्षित और परेशान महसूस कर रहे हैं।

लोगों ने सवाल उठाया कि क्या मॉडल टाउन आर-1 को आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया गया था या फिर इसे गोदाम बनाने के लिए छोड़ा गया है? यदि यह रिहायशी कॉलोनी है तो
व्यावसायिक गतिविधियों पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। वहीं यदि किसी प्रकार का नियम उल्लंघन हो रहा है तो संबंधित अधिकारियों को इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मॉडल टाउन आर-1 में संचालित सभी गोदामों की वैधता की जांच कराई जाए। जिन गोदामों का निर्माण नियमों के विरुद्ध हुआ है या जिनका संचालन बिना आवश्यक अनुमति के किया जा रहा है, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में रिहायशी क्षेत्र में इस प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# अपने जीवन में धर्म, भक्ति और सेवा को अपनाकर श्रीकृष्ण के आदर्शों पर चलें - श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज


**श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म पर भक्तिरस में सराबोर हुए श्रृद्धालु**

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह - धर्ममय वातावरण में धरमपुरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस, 18 जुलाई 2026 (शनिवार) को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु उस समय भावविभोर हो उठे, जब भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की लीला का जीवंत वर्णन किया गया।

बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथावाचक श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज द्वारा जैसे ही कंस के अत्याचारों, देवकी-वसुदेव की पीड़ा और आधी रात के दिव्य क्षणों का वर्णन किया गया, पूरा पंडाल ह्लनंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्व के जयघोष से गूंज उठा। वातावरण में भक्ति, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

श्रीकृष्ण जन्म की झांकी को अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बाल गोपाल के रूप में सजे भगवान के विग्रह के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। जैसे ही जन्मोत्सव का समय आया, घंटे-घड़ियाल, शंखनाद और भजनों की मधुर ध्वनि के बीच भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य




उत्सव मनाया गया।

कथावाचक श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग पर भावपूर्ण प्रवचन देते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। श्रीकृष्ण का जन्म केवल एक घटना नहीं, बल्कि यह संदेश है कि सत्य और धर्म की जीत निश्चित है। कंस जैसे अत्याचारी चाहे कितने भी बलवान क्यों न हों, उनका अंत निश्चित है। जो व्यक्ति सच्चे मन से भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण करता है, उसके जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इसलिए हम सभी को चाहिए कि अपने जीवन में धर्म, भक्ति और सेवा को अपनाकर श्रीकृष्ण के आदर्शों पर चलें।

इस अवसर पर महिलाओं ने मंगलगीत गाए, वहीं श्रद्धालुओं ने नृत्य कर अपनी भक्ति प्रकट की। बाल गोपाल का झूला झुलाया गया तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

पूरे आयोजन में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसने कथा के आध्यात्मिक माहौल को और अधिक दिव्यता प्रदान की। आयोजकों द्वारा उत्कृष्ट व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

यह श्रीकृष्ण जन्मोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज में प्रेम, करुणा और धर्म के संदेश को भी सशक्त रूप से प्रसारित करने में सफल रहा।

श्रीमद्भागवत कथा में मुख्य श्रोता श्रीमती लक्ष्मीबाई नन्ने भाई बरदिया सहित बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# औद्योगिक आस्थान चुनार में सड़क से विद्युत पोल एक सप्ताह में हटाए जाने का निर्देश

**सीएम युवा उद्यमी में प्राप्त आवेदनो को स्वीकृति कराते हुए शत प्रशित ऋण का भी करे वितरण - जिलाधिकारी**

**जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक में उद्यमियों की समस्याओ को सुन जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो का दिया निस्तारण का दिया निर्देश**

**समाज जागरण**

मीरजापुर / जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक आहूत की गई जिसमें औद्योगिक आस्थान क्षेत्रो में आने वाली समस्याओ पर चर्चा कर सम्बन्धित अधिकरियो को निस्तारण के निर्देश दिए गए। सीएम



युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के तहत प्राप्त आवेदन पत्रो को बैंकर्स के द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए उसी समय तत्काल ऋण वितरण करना भी सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि योजनान्तर्गत 2026-27 में जनपद को शासन द्वारा 2600 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष बैंको को 2072 आवेदन पत्र आनलाइन अग्रसारित किए गए जिसमें से 363 आवेदन पत्र स्वीकृत, 368 आवेदन पत्र वितरित तथा 985 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको द्वारा निरस्त किए गए जबकि 880 आवेदन पत्र बैंको पर स्वीकृति हेतु लम्बित है। जिलाधिकारी ने प्रबंधक लीड बैंक को निर्देशित करते हुए कहा कि लम्बित प्रार्थना पत्रो को स्वीकृति करते हुए जुलाई 2026 के अन्त तक ऋण वितरण भी सुनिश्चित करें। बैठक में औद्योगिक आस्थान चुनार मीरजापुर में पार्क रेनोवेशन पर चर्चा के दौरान बताया गया कि साइट पर कार्य कर रहे कामगारो को सम्बन्धित उद्यमी के मेन गेट तक बाउंड्रीवाल निर्माण न करने का निर्देश दिया गया ताकि औद्योगिक आस्थान चुनार में आने जाने वाली गाड़ियो को कठिनाई न हो तथा उद्यमियों के अनुरोध पर जिला धिकारी द्वारा सड़क पर स्थापित विद्युत पोल को एक सप्ताह के अन्दर शिफ्ट कराने का निर्देश दिया ताकि सड़क पर आवागमन में असुविधा न हों। बैठक में सबरी तिराहे से नटवा पेट्रोल पम्प के पास मिलने वाली सड़क पर जल निगम के द्वारा बनाए गए सीवर जगह-जगह धंस जाने पर उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि इस सड़क पर कई कारपेट व्यवसासियो के उद्यम लगाए गए है तथा नगर में आने जाने के लिए यह सड़क महत्वूर्ण है अतएव इस सड़क की मरम्मत कराई जाए जिलाधकारी द्वारा जल निगम व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को तत्काल निरीक्षण करने का निर्देश देते हुए कहा कि जांच कर सड़क की मरम्मत अविलम्ब कराई जाए। पीतल उद्योग में नए डिजाइनदार व हल्के सामाग्रियो के निर्माण हेतु प्रशिक्षण के लिए पीतल व्यवसाइयों की एक टीम मुरादाबार भेजने का निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिया गया। बैठक में ओ0 डी0 ओ0पी0, सीएफसी निर्माण, भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय द्वारा विन्ध्याचल में निर्मित सीएफसी तक पहुंच मार्ग निर्माण पर चर्चा, शहरी क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था हेतु खोदे गए गड्ढे को ठीक कराने पर चर्चा, नया औद्योगिक आस्थान निर्माण पर चर्चा, ओ0डी0ओ0पी0 विपणन प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत प्रतिभागियो के प्रतिपूर्त पर भी चर्चा की गई। बैठक में निवेश मित्र योजना में भी लम्बित प्रार्थना के निस्तारण करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। बैठक में उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार के अलावा जनपद के उद्यमियों में अध्यक्ष मीरजापुर दरी करापेट आशीष बुधिया, डिवीजनल चेयरमैन विन्ध्याचल मण्डल मोहन अग्रवाल, मण्डल सचिव आई0 आई0 ए0 मनोज खण्डेलवाल, प्रान्तीय उपाध्यक्ष/नगर अध्यक्ष व्यापार मण्डल शत्रुघन
केसरी, उ0प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल महामंत्री दुर्गा प्रसाद चैधरी के अलावा राजीव शुक्ला, प्रदीप कुमार गुप्ता, जगदीश सोनकर, आनंद कुमार झा, एमके गुप्ता, साकेत पाण्डेय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कछंवा अजय कुमार
उपाध्याय, नरायण दास अग्रवाल कपड़ा व्यवसासी प्रांतीय सदस्य, जिला उपाध्याय उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल शिव कुमार मुण्डरा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोवा लाल के अलावा अन्य उद्यमी व अधिकारी उपस्थित रहें।

# 12 सितंबर को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**समाज जागरण**

मीरजापुर / 18 जुलाई 2026- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय मीरजापुर के प्रांगण में 12 सितम्बर 2026 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का अयोजन किया जा रहा है। जिसमें बैंक लोन मामलों / वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों तथा न्यायालय के मुकदमों के निस्तारण से सम्बन्धित होने वाले लाभ की जानकारी आम जनमानस को दिया जाना है। मा० जनपद न्यायाधीश महोद ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर, वाह्य न्यायालय चुनार, ग्राम न्यायालय मड़िहान एवं राजस्व विभाग से सम्बन्धित अपर जिलाधिकारी (वि०रा०), अपर जिलाधिकारी (भूरा.), नगर पालिका परिषद, चकबन्दी विभाग, वन विभाग, एवं समस्त राजस्व के न्यायालयों में 12 सितम्बर 2026 दिन शनिवार को समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में सुलह योग्य मुकदमों एवं वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही ई-चालान एवं लघु आपराधिक मुकदमों के निस्तारण हेतु प्रावधानित सरल पेटी अर्फन्स डिपाजिट योजना के तहत वादकारी घारा-206 सपठित धारा 253 द०प्र०सं. के अन्तर्गत अपने चालान का जुमार्ना सरल पेटी
अफेंस डिपाजिट खाता सं० 34906170085 भारतीय स्टेट बैंक डंकीनगंज मीरजापुर में स्वंय उपस्थित होकर अथवा ऑन लाईन जमा कर सकते है और प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवादों में पति पत्नी के विवाद के निस्तारण हुए जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित/पीड़िता आवेदक द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया जायेगा और परिवार न्यायाधीश एवं मध्यस्थगण द्वारा पक्षकारो को बुलाकर, समझौता के माध्यम से मुकदमें का समाधान कराया जायेगा, लोक अदालत में पारित निर्णय अन्तिम होता है एवं इस निर्णय की अपील अन्य न्यायालय में नहीं होती है। समस्त जनमानस तथा समस्त अधिवक्ता बन्धुओं एवं वादकारियों से अपील है कि राष्ट्रीय लोक अदालत तथा विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने-अपने मुकदमो, चालानों एवं पति-पत्नी के वैवाहिक विवादों से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामलों को शीघ्र से शीघ्र निस्तारण करायें और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाते हुए इस महा अभियान का लाभ उठावे।

# दूसरे दिन भी उमड़ी भीड़, काले कंबल वाले बाबा के नि:शुल्क आरोग्य शिविर में मरीजों ने लिया लाभ

## लोहारू में जनसेवा के उद्देश्य से चल रहे आठ दिवसीय शिविर में दूर-दराज से पहुंचे लोग

**प्रवीन गोदारा बोले— बहल की तरह लोहारू में भी लोगों का मिल रहा भरपूर सहयोग, अधिक से अधिक मरीज शिविर का उठाएं लाभ**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



लोहारू। काले कंबल वाले बाबा गणेश यादव के सानिध्य में अनाज मंडी रोड, लोहारू में आयोजित आठ दिवसीय निःशुल्क आरोग्य शिविर के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार एवं स्वास्थ्य परामर्श के लिए पहुंचे। शिविर में क्षेत्र के अलावा आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी लोगों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीन गोदारा हांसीवाले ने बताया कि बहल में आयोजित आरोग्य शिविर को मिले अपार सहयोग के बाद लोगों की मांग पर लोहारू में यह शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे दिन भी मरीजों की भारी भीड़ यह दशार्ती है कि लोगों का इस सेवा कार्य पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं सेवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि जिन लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, वे शिविर में पहुंचकर इसका लाभ अवश्य उठाएं।

आयोजकों के अनुसार शिविर में गठिया, सर्वाइकल, उच्च रक्तचाप (बीपी), शुगर, लकवा, पोलियो, निसंतान दंपतियों की समस्याएं, जोड़ों के दर्द सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से संबंधित निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीन गोदारा, भाजपा नेता कमलेश भोड़ूका, अजिता महाराज (बहल), रोहताश लम्बा, बलवान जांगड़ा, सतबीर चेहड़, रमेश पाजू, डॉ. सुमित कुमार (श्यामकला), रणसिंह गाढ़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# प्रियांशु पूनिया ने किया गांव गोकलपुरा का नाम रोशन

**प्रियांशु पूनिया पुत्री श्री रामफल पूनिया ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर पहले प्रयास में ही 12th के साथ NEET की परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस में सरकारी सिट की प्राप्त**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। प्रियांशु पूनिया ने गांव गोकलपुरा का किया नाम रोशन । प्रियांशु पूनिया पुत्री श्री रामफल पूनिया ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर पहले प्रयास में ही 12th के साथ NEET की परीक्षा उत्तीर्ण कर



एमबीबीएस में सरकारी सिट की प्राप्त । प्रियांशु पूनिया की इस कामयाबी से पूरे गांव में खुशी का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है प्रियांशु पूनिया ने अपनी कामयाबी के पीछे अपने गुरु अपनी दादी चाचा-चाची और अपने माता-पिता का साथ और हाथ बताया है समाजसेवी एवं किसान नेता महावीर सिंह चहल गोकलपुरा ने प्रियांशु पूनिया और उसके परिवार को बधाई देने के साथ-साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों से आह्वान किया है कि वो भी प्रियांशु पूनिया की कामयाबी से सीखें और उनका अनुसरण करते हुए उनको अपना प्रेरणा स्रोत मानकर उनके पद चिन्हों पर चलते हुए गांव का और अपने परिवार का नाम रोशन करने का काम करें और अपना जीवन सुखमय बनाएं।काबिले गौर है की प्रियांशु पनिया के पिता जी ट्रांसपोर्टर का कार्य करते हैं अपने गांव से ही

# दमोह एसपी ने अंतरजिला हथियार तस्करी गिरोह का किया पदार्फाश, 9 आरोपी गिरफ्तार

## 5 अवैध हथियार और 9 जिंदा कारतूस जब्त, नवागत हटा एसडीओपी को पहली बड़ी सफलता

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। दमोह पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरजिला हथियार तस्करी गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरणों में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 पिस्टल, 2 देसी कट्टे और 9 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मामले का खुलासा शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने किया।

एसपी ने बताया कि जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं नवागत एसडीओपी हटा के.पी. सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि गिरोह का नेटवर्क दमोह, जबलपुर, कटनी और पन्ना तक फैला हुआ था तथा आरोपी अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त और सप्लाई में सक्रिय थे।

पुलिस ने अपराध क्रमांक 345/26 एवं 346/26 में आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले में तीन आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि गिरोह की सप्लाई चेन और अन्य जुड़े लोगों की भी जांच की जा रही है तथा जल्द ही और गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

इस कार्रवाई में हटा थाना, पटेरा थाना, बिलाई चौकी, कुम्हारी थाना एवं साइबर शाखा की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित- जिलाधिकारी

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में जुलाई महीने के तृतीय शनिवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया,

सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने के कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वार्मा ने 158 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये और 06 टीम को क्षेत्र में भेजकर 06 प्रकरण को निस्तारित किया गया। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 12 मामले निस्तारित हुए, बाकी 146 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार घोरावल, नायब



तहसीलदार सहित अन्य अधि कारीगण उपस्थित रहें।

02-सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्ट सगंज में उप जिलाधिकारी श्री आशीष त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके 61 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 07 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 07 मामले निस्तारित हुए, बाकी 54 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। 03- सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन तहसीलदार एवं नायब तहसीदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस मौके पर तहसीलदार ने 60 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 03 मामले निस्तारित हुए, बाकी 57 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। 04-सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी का आयोजन उप जिलाधिकारी दुद्धी श्री रवि पासवान के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी रवि पासवान, तहसीलदार दुद्धी, सी0ओ0 दुद्धी व पिपरी आदि ने 65 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 62 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

चारों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल शिकायतें-344 प्राप्त हुयी,

जिसमें से 19शिकायतों का निस्तारण टीम भेजकर और मौके पर किया गया।